रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 19 मई 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 268 मूल्य 3.00 ₹

**क्विक न्यूज़**

### गुजरात में नमक फ़ैक्टरी की दीवाल धराशायी, 12 मरे कई घायल

**अहमदाबाद।** गुजरात के मोरबी जिले में आज एक नमक फैक्टरी की दीवाल गिरने से पांच महिलाओं समेत कम से कम 12 कामगारों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि अहमदाबाद से करीब 180 किमी दूर हलवद शहर के औद्योगिक इलाके हलवद जीआइडीसी स्थित सागर सॉल्ट फ़ैक्टरी में आज दोपहर करीब 12 बजे कामकाज के दौरान अचानक इसकी विशाल दीवार गिर गयी। वहां मौजूद कई महिला कामगारों समेत 30 से अधिक श्रमिक इसके मलबे में दब गए। अब तक 12 के मरने की पुष्टि हो गयी है और यह संख्या बढ़ने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता।

### राष्ट्रीय जैव-ईंधन नीति 2018 में संशोधन को मंज़ूरी

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय जैव-ईंधन नीति-2018 में संशोधन किये जाने को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुयी मंत्रिमंडल की बैठक में संशोधन को मंजूरी दी गयी। राष्ट्रीय जैव-ईंधन नीति, जिसे नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के जरिये 2009 में लागू किया गया था, के स्थान पर राष्ट्रीय जैव-ईंधन नीति-2018 को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 4 जून, 2018 को अधिसूचित किया था।

# लोगों की मेहनत की कमाई पर पड़ रही है महंगाई की मार : प्रियंका



पायनियर संवाददाता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने महंगाई को लेकर सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा है कि उसकी कोई आर्थिक नीति नहीं है जिसके कारण आम जनता की मेहनत की कमाई पर महंगाई की मार पड़ रही है। वाड्रा ने ट्वीट कर कहा आपकी पाई-पाई जोड़कर बनाई गई मेहनत की कमाई पर महंगाई की मार है। भाजपा सरकार की एक भी आर्थिक नीति ऐसी नहीं है जिससे मिडिल क्लास, गरीब तबके की आमदनी ज्यादा हो सके और खर्च कम। मिडिल क्लास तथा गरीब तबके के लोगों को यह डर सता रहा है कि कहीं उनको दैनिक खर्च चलाने के लिए कर्ज न लेना पड़े। बाद में कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि आवश्यक वस्तुओं के दाम बहुत बढ गये है। खाने के तेल में आग लगी है और 15 महीने से लगातार इसके दाम बढ़ रहे हैं। आटा, दाल, तेल सब्जी आदि के दाम जिस स्तर पर है वह भी जल्द बढ़ने वाले हैं। उन्होंने कहा कि सब्जियों के दाम में आग लगी है और सरकार की बेरुखी है। आलू जैसी सब्जियों की मांग आधी रह गई और उसके दाम लगातार बढ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार कीमतों को घटाने की कोशिश कर सकती है लेकिन वह घाव पर नमक लगाने का काम कर रही है। इस बीच संचार विभाग के प्रमुख रणदीप सिंह सुरजेवाला ने महंगाई को लेकर ट्वीट कर कहा कि बेचने, लूटने और मुनाफ़ा कमाने में भाजपा सरकार रिकॉर्ड पर रिकॉर्ड बनाती जा रही है। एक साल में महंगाई-पेट्रोल- 66.1 प्रतिशत, डीजल- 60.6 प्रतिशत, धातुएँ- 24.8 प्रतिशत, सब्जियां-23.2 प्रतिशत, आलू-19.8 प्रतिशत, गेहूँ - 10.7 प्रतिशत।

### हार्दिक पटेल ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा



गुजरात विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका लगा है। पाटीदार नेता हार्दिक पटेल ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। हार्दिक पटेल ने इस्तीफे की जानकारी अपने ट्विटर हैंडल पर दी। उन्होंने लिखा, 'आज मैं हिम्मत करके कांग्रेस पार्टी के पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देता हूँ। मुझे विश्वास है कि मेरे इस निर्णय का स्वागत मेरा हर साथी और गुजरात की जनता करेगी। मैं मानता हूं कि मेरे इस कदम के बाद मैं भविष्य में गुजरात के लिए सच में सकारात्मक रूप से कार्य कर पाऊँगा।

## राजीव गांधी की हत्या में सजा काट रहे पेरारिवलन को सुप्रीम कोर्ट ने दिया रिहाई का आदेश



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 1991 में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में सात दोषियों में शामिल उम्र कैद की सजा काट रहे ए. जी. पेरारिवलन की रिहाई का बुधवार को आदेश दिया। न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना की पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत प्राप्त विशेष अधिकार का इस्तेमाल करते हुए पेरीरिवलन के रिहाई का आदेश दिया। पीठ ने सभी दोषियों की सजा माफ करने की तमिलनाडु मंत्रिमंडल की सिफारिश पर राज्यपाल द्वारा फैसला लेने में देरी और दोषी व्यक्ति के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से संबंधित तथ्यों पर गौर करते हुए रिहाई करने का फैसला लिया। पेरारिवलन फिलहाल में जमानत पर है। शीर्ष अदालत ने तीन सदस्यीय पीठ ने उसकी एक रिट याचिका पर अपना आदेश पारित किया। वर्ष 1991 में तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में एक चुनावी सभा के दौरान एक आत्मघाती विस्फोट में राजीव गांधी की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में अन्य आरोपियों के साथ पेरारिवलन को भी गिरफ्तार किया गया था। तब वह 19 वर्ष का था। अदालती सुनवाई के बाद में उसे मृत्युदंड का आदेश दिया था। शीर्ष अदालत ने दोषी व्यक्ति की दया याचिका पर फैसला लेने में देरी के आधार पर सजा आजीवन कारावास में बदल दी थी। सितंबर 2018 में तमिलनाडु मंत्रिमंडल ने सातों दोषियों की रिहाई की सिफारिश की थी। जिसे राज्यपाल ने 27 जनवरी 2021 को राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेज दिया था। शीर्ष अदालत ने इस मामले में अपने फैसले में कहा कि राज्यपाल द्वारा मंत्रिमंडल की सिफारिश राष्ट्रपति को भेजने का कोई संवैधानिक आधार नहीं है। शीर्ष अदालत ने कहा कि राज्य सरकार की सिफारिश पर राज्यपाल को संविधान के अनुच्छेद 161 के तहत फैसला लेने का अधिकार है, लेकिन इस मामले में काफी देर की गई और राष्ट्रपति के पास भेज दिया गया।

## राजीव गांधी के हत्यारे की रिहाई दुर्भाग्यपूर्ण : कांग्रेस



कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के हत्यारे की रिहाई के उच्चतम न्यायालय के फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा है कि इसके लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार जिम्मेदार है और इस फैसले से देश की जनता आहत हुई है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख रणदीप सिंह सुरजेवाला, कांग्रेस के तमिलनाडु तथा पुडुचेरी के प्रभारी महासचिव दिनेश गुंडराव एवं पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आज शीर्ष न्यायालय ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के सात हत्यारों में से एक ए. जी. पेरारिवलन को रिहा कर दिया है। देश की शीर्ष अदालत का यह फैसला दुर्भाग्यपूर्ण है और उसके इस फैसले से करोड़ों भारतीय आहत हुए है क्योंकि न्यायालय ने पूर्व प्रधानमंत्री के एक हत्यारे को रिहा किया है। उन्होंने इसके लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार बताया और कहा कि उसने हत्यारे की रिहाई के लिए रास्ता साफ किया है जिससे हत्यारे की रिहाई आसान हुई है। भाजपा सरकार ने क्रमबार तरीके और एक रणनीति के तहत हत्यारे कि रिहाई का प्रस्ताव बनाया था। प्रवक्ता ने कहा कि तमिलनाडु में तत्कालीन भाजपा-अन्नाद्रमुक सरकार ने 09 सितंबर 2018 को तत्कालीन राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित को राजीव गांधी के सातों हत्यारों को रिहा करने की सिफारिश की थी लेकिन राज्यपाल ने इस सिफारिश पर कोई निर्णय नहीं लिया और अपना पल्ला झाडते हुए प्रकरण को राष्ट्रपति को भेज दिया। राष्ट्रपति कार्यालय से भी जब इस मामले में कोई फैसला नहीं लिया गया तो दोनों स्थितियों को देखते हुए उच्चतम न्यायालय को हत्यारे को रिहा करने का फैसला लेना पड़ा।

## सीएम के प्रवास के पहले नक्सलियों ने दर्ज कराई उपस्थिति

पायनियर संवाददाता ‹ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

ओरछा थाना अंतर्गत रायनार के पास नक्सलियों ने मुख्य मार्ग पर बीचों बीच बैनर और पोस्टर बाँध कर मुख्य मार्ग जाम कर दिया। बता दें नारायणपुर से ओरछा मुख्य मार्ग में नक्सलियों की नेलनार एरिया कमेटी ने बैनर पोस्टर बांधकर मुख्य मार्ग अवरुद्ध कर दिया था घंटो मार्ग अवरुद्ध रहने के बाद पुलिस ने मार्ग को खुलवाया एवं यातायात को शुरू करवाया। मुख्यमंत्री के प्रवास से पहले नक्सलियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बता दें जिले में एक दिन बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का उड़नखटोला छोटेडोंगर उतर रहा है जहाँ वो विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे ऐसे में महज कुछ किमी दूर नक्सलियों ने मुख्य मार्ग को अवरुद्ध कर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई है।




नक्सली ध्यान भटकाने के लिए ऐसी हरकतें करते रहते है रही बात मुख्यमंत्री प्रवास की तो सुरक्षा के पुख्ते इंतजाम किए गए है।
**नीरज चंद्राकर, अतरिक्त पुलिस अधीक्षक, नारायणपुर**

## पांच वर्ष से अधिक समय तक उप-राज्यपाल रहे बैजल का इस्तीफा

वार्ता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



दिल्ली के उप-राज्यपाल अनिल बैजल ने पांच वर्ष से अधिक समय तक अपना कार्यभार संभालने के बाद बुधवार को इस्तीफा दे दिया। सूत्रों के अनुसार पूर्व नौकरशाह बैजल ने निजी कारणों का हवाला देते हुए राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद को अपना इस्तीफा सौंपा। उन्होंने नजीब जंग के इस्तीफा देने के बाद 31 दिसंबर 2016 को दिल्ली के उप-राज्यपाल का कार्यभार संभाला था। बैजल की दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से कई मुद्दों पर असहमति रही। केजरीवाल और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों ने दिल्ली सरकार के अधिकारियों के आम आदमी पार्टी के चुने हुए प्रतिनिधियों के साथ सहयोग न करने आरोप लगाते हुए बैजल के कार्यालय पर धरना भी दिया था। बैजल का इस्तीफा स्वीकार होने के बाद जल्द ही सरकार नए उपराज्यपाल की घोषणा कर सकती है। बैजल ने 31 दिसंबर 2021 को उनके कार्यकाल के 5 साल पूरे किए थे।

**कभी नक्सली कमांडर रहे मड़कम ने कहा**

## मुख्यमंत्री जी आपने सड़क, कैम्प और स्कूलों को सुधारकर बदल दी है नक्सल प्रभावित इलाके की तस्वीर

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री जी आपने सड़क, कैम्प और स्कूलों को सुधारकर नक्सल प्रभावित इलाके की तस्वीर बदल दी है। अब यहाँ लोगों में नक्सलियों का खौफ नहीं बल्कि आगे बढ़ने की चाहत है। यहां के लोग सरकार की योजनाओं का लाभ भी उठा रहे हैं। कभी नक्सली संगठन में कमांडर रहे मड़कम मुदराज ने कोंटा में आयोजित भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को आप बीती सुनाई और कहा कि मैं आपसे हाथ मिलाना चाहता हूं। इस पर मुख्यमंत्री ने बड़ी आत्मीयता से मड़कम के कंधे पर हाथ रखा और हाथ भी मिलाया। मुख्यमंत्री ने मड़कम के मुख्यधारा में लौटने पर सराहना की और उनके लिए ताली भी बजवायी। मड़कम के हाथों में बंदूक पहले भी थी और आज भी है। फर्क सिर्फ इतना है कि पहले खौफ ग्रामीणों में था और आज नक्सली इनके नाम से कांपते हैं। मड़कम ने बताया कि वे राह भटककर नक्सली संगठन में शामिल हो गए थे। लेकिन अपने ही भाई बन्धुओं का खून बहाने से आत्मग्लानि के चलते नींद नहीं आती थी। फिर एक दिन आत्मसमर्पण करने की ठान ली। आत्मसमर्पण के बाद एसपीओ बने। इसके बाद सिपाही, एएसआई, एसआई और अब डीआरजी में इन्स्पेक्टर हैं।

**पत्नी को भी दी थी नक्सली ट्रेनिंग–** मड़कम बताते हैं कि कभी उनकी पत्नी भी उनके साथ संगठन में थीं। मैं ही उसे ट्रेनिंग देता था लेकिन हम दोनों ने तय किया कि अब खून-खराबे की जिंदगी नहीं जीना है। जिनके खिलाफ हमने बन्दूक उठाई है वे हमारे ही भाई-बहन हैं। मुख्यधारा में लौटकर अच्छा जीवन जीना है।

**आज बच्चे जी रहे अच्छी लाईफ स्टाइल–** मड़कम कहते हैं कि आज वे उच्च पद पर पहुँच गए हैं। सैलरी भी अच्छी है। इस कारण बच्चों को अच्छे से पढ़ा पा रहे हैं। मेरे तीनों बच्चे इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ रहे हैं और अच्छी लाइफ स्टाइल जी रहे हैं। अगर आज नक्सली संगठन में होता तो इन सब चीजों की कल्पना भी नहीं कर सकता था।



# भेंट-मुलाकात का दूसरा चरण : कोंटा पहुंचे सीएम भूपेश का गर्मजोशी से स्वागत

- बस्तर के कोंटा विधानसभा से भेंट-मुलाकात अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com





बस्तर के कोंटा विधानसभा से भेंट-मुलाकात अभियान के दूसरे चरण की शुरुआतमुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने भेंट-मुलाकात अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत की। भेंट-मुलाकात अभियान के दूसरे चरण में मुख्यमंत्री बघेल बस्तर संभाग के दौरे पर हैं। बस्तर के कोंटा विधानसभा से उन्होंने अभियान की शुरुआत की है। भेंट-मुलाकात के लिए मुख्यमंत्री बघेल रायपुर से कोंटा पहुंचे। यहां कोंटा के गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल में बने अस्थायी हैलीपेड पर उनके स्वागत के लिए भारी जनसमूह मौजूद था, जिन्होंने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से आत्मीय स्वागत किया। स्वागत के दौरान मुख्यमंत्री को छिंद पत्तों से बना परम्परागत गुलदस्ता भेंट किया गया। मुख्यमंत्री ने भी जनसमूह का अभिवादन किया। कोंटा में भेंट-मुलाकात से पूर्व मुख्यमंत्री बघेल सबसे पहले श्रीराम लिंगेश्वर मंदिर पहुंचे और मंदिर में मौजूद स्तम्भ, शिवलिंग व नंदी की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ वाणिज्य मंत्री कवासी लखमा, सांसद दीपक बैज भी उपस्थित रहे।

## सीएम श्रीराम लिंगेश्वर मंदिर में पूजा के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे

कोंटा विधानसभा क्षेत्र से शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री बघेल श्रीराम लिंगेश्वर मंउल्लेखनीय है कि बस्तर संभाग में भेंट-मुलाकात अभियान के दूसरे चरण में मुख्यमंत्री 18 मई से 2 जून तक बस्तर के विधानसभा क्षेत्रों का दौरा करेंगे। कोंटा विधानसभा क्षेत्र से शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री बघेल श्रीराम लिंगेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण करने पहुंचे। यहां उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी ली। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मौजूद बुजुर्ग मरीज के साथ बैठकर उनसे बातचीत की। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश ने प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में भेंट-मुलाकात कर रहे हैं। वहीं मुख्यमंत्री बघेल ने संपर्क-संवाद-समाधान के ध्येय के साथ गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश ने प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में भेंट-मुलाकात कर रहे हैं। भेंट-मुलाकात अभियान के पहले चरण में मुख्यमंत्री बघेल 4 से 11 मई तक सरगुजा संभाग में थे। इस दौरान उन्होंने तीन जिलों के आठ विधानसभा में जनता के बीच पहुंचकर शासकीय योजनाओं को क्रियान्वयन और जनता को मिल रहे लाभ को जाना। वहीं मुख्यमंत्री बघेल ने संपर्क-संवाद-समाधान के ध्येय के साथ जनता से सीधी बात की और उनकी समस्या को जाना, साथ ही उन समस्या का त्वरित निराकरण किया। क्षेत्र की जनता की मांगों पर मुख्यमंत्री बघेल ने जनआकांक्षाओं के अनुरूप अनेक सौगातें भी दीं।

# शासन की महत्वाकांक्षी योजना : जेल में कैदी तैयार कर रहे वर्मी कंपोस्ट

## सकारात्मक काम से कैदियों के व्यवहार और मनःस्थिति में सुधार की कवायद

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना गोधन न्याय योजना और सुराजी गांव योजना का लाभ जेल में बंद कैदियों को भी मिल रहा है। इससे कैदियों को न सिर्फ स्वरोजगार की नई दिशा मिली है, बल्कि जेल परिसर में हरियाली लिए खुशनुमा माहौल तैयार किया जा रहा है। महासमुंद जिले में गोधन न्याय योजना का विस्तार बारनवापारा के अंचलों के साथ जेल तक कर दिया गया है। यहां कैदियों ने पहली खेप के रूप में 7 क्विंटल वर्मी कंपोस्ट तैयार किया है। आने वाले कुछ दिनों में लगभग 25 क्विंटल वर्मी भी तैयार हो जाएगा। तैयार वर्मी कंपोस्ट को जेल प्रशासन द्वारा खरीदकर जेल के भीतर बाड़ी विकास के तहत बनाई जा रही पोषण वाटिकाओं में उपयोग किया जाएगा। इस तरह कैदियों की ऊर्जा सकारात्मक दिशा में लगाकर उनकी मनःस्थिति और व्यवहार में सुधार की उम्मीद भी की जा रही है।

जिला प्रशासन द्वारा जेल के भीतर कैदियों को स्वरोजगार से जोड़ते वर्मी कंपोस्ट निर्माण, मशरूम उत्पादन और अन्य रोजगार मूलक गतिविधियां शुरू की गयी हैं। इसके प्रथम चरण में 40-40 चयनित कैदियों द्वारा जेल परिसर में बने टैंक में वर्मी कंपोस्ट का निर्माण किया गया है। साथ ही पोषण वाटिका में साग भाजी के रोपण की तैयारी है। पहले चरण में मिट्टी का पटाव कर प्रारंभिक तैयारियां पूरी कर ली गयी है। वर्मी कंपोस्ट का प्रशिक्षण नगर पालिका परिषद और पोषण बाड़ी का प्रशिक्षण उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों द्वारा दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त क्रेडा द्वारा 6 लाख 30 हजार रुपये का बायो गैस लगाने की तैयारी चल रही है। जिसका उपयोग खाना बनाने में किया जाएगा। नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार द्वारा जेल के चारो तरफ ब्लॉक प्लांनटेंशन का भी कार्य किया जा रहा है। अतिरिक्त भूमि पर फलदार पेड़ लगाएं जाएंगे। परिसर के बाहर खाली पड़ी जमीन पर पशु पालन विभाग द्वारा चारागाह विस्तार हेतु नेपियर घास लगाने की तैयारी की जा रही। इन सभी कार्यो में सुरक्षा व्यवस्था पर भी पूरी तरह नजर रखी गयी है।

सहायक जेल अधीक्षक अभिषेक मिश्रा ने बताया कि गोधन न्याय योजना के तहत जेल में गतिविधियां प्रारंभ की गई है, इसके सकारात्मक परिणाम मिलने लगे हैं। मनोचिकित्सक डॉ. राकेश प्रेमी का कहना है कि कैदियों को ऐसे प्रशिक्षण एवं कार्यो में लगाने से उनके व्यवहार में सकारात्मक सुधार होता है। उन्हें डिप्रेशन से बचाव होने के साथ अच्छे इंसान बनने में मदद मिलती है।

# भूपेश के बयान पर विष्णुदेव का जवाब, देश का विभाजन करके सत्ता भोगने वाली कांग्रेस ज्ञान न बांटे

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि देश का विभाजन कर तुष्टीकरण की नीति से सत्ता भोगने वाली कांग्रेस ज्ञान न बांटे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उस कुसंस्कृति की उपज हैं, जिसने अंग्रेजी हुकूमत के साथ वफादारी की सौगंध खाकर भारत माता की छाती के दो टुकड़े किये। हिंदुस्थान में हिंदुओं को जातिवाद की भट्टी में झोंककर कई दशकों तक राज किया। हिंदुओं का शोषण किया। उनके ही देश के संसाधनों पर पहला हक तुष्टिकरण की राजनीति को समर्पित कर दिया, वह कांग्रेस और उसके भूपेश बघेल जैसे हिन्दू विरोधी नेता हिन्दू और हिंदुत्व को अलग अलग करने का षड्यंत्र रचकर भाजपा पर ध्रुवीकरण का वाहियात आरोप लगा रहे हैं। तुष्टिकरण की राजनीति के तहत ध्रुवीकरण करके ही कांग्रेस इस देश को लूटती रही। हिंदुओं के हक पर तुष्टिकरण का अवैध कब्जा कराती रही। अब देश का हिन्दू अपने हक के लिए जाग उठा है और कांग्रेस की हकीकत से वाकिफ होकर उसे पूरे देश में ठुकरा चुका है तो भूपेश बघेल को यह नुकसान दायक ध्रुवीकरण नजर आ रहा है। यह ध्रुवीकरण नहीं बल्कि हिंदुत्व की चेतना है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा कि वर्ष 1991 में कांग्रेस की सरकार ने जो किया, क्या वह वोट बैंक की राजनीति नहीं थी? हिंदुओं को मुगालते में रखकर मुगलिया सल्तनत की आक्रांता धरोहर को अपनी छाती से चिपकाए रखने वाली कांग्रेस का हिन्दू विरोधी चरित्र और करतूतें उजागर हो रही हैं तो कांग्रेस के कलेजे पर सांप लोट रहे हैं। हिंदुत्व की सनातनी धरोहरों और सनातन संस्कृति पर आघात करने वाली कांग्रेस का एक एक पाप उभरकर सामने आ रहा है तो भूपेश बघेल अपने सियासी मालिकों की अंधभक्ति में अब आदिवासियों से लेकर हर वर्ग को गुमराह कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में सुनियोजित तरीके से धर्मांतरण कराने वाली कांग्रेस अब जात पात की राजनीति कर रही है। समाज को बांटने का कुचक्र कांग्रेस ने रचा है और भूपेश बघेल जैसे कांग्रेस नेता जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों से भागते हुए सामाजिक टकराव के बीज बो रहे हैं। भूपेश बघेल बतायें कि उनके बापू जी किस ध्रुवीकरण की राजनीति के तहत बापू के राम को गाली देते हैं। भूपेश बघेल बतायें कि किस नीति के कारण कांग्रेस भगवान श्री राम का अस्तित्व नकारती है। भूपेश बघेल बतायें कि सनातन धर्म संस्कृति की पुरातन अस्मिता को ध्वस्त करने का सिलसिला किसके संरक्षण में चलता रहा है।

भूपेश बघेल बतायें कि बाबर, कुतबुद्दीन, औरंगजेब जैसे आक्रांताओं से कांग्रेस को मोह क्यों है। वे यह भी बताएं कि भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पर उनका हक बहाल हो जाने के बाद यदि बाबा विश्वनाथ की नगरी और भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि पर भी सनातन संस्कृति के साथ हुए अन्याय का शमन वैधानिक तरीके से हो जाता है तो कांग्रेस को इसमें क्यों और क्या दिक्कत है?

# सत्ता में मदहोश होकर सोई सरकार को जगाने 21 को सीएम हाउस का घेराव : आप

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी ने राज्य की भूपेश सरकार पर पर्यावरण सम्बन्धी दोहरा मापदंड का आरोप लगाते हुए कहा है कि एकतरफजलवायु परिवर्तन के लिए सरकार सिर्फ 5 जिलों लिए पौने 3 लाख करोड़ की कार्य योजना बनाती है और दूसरी तरफ हसदेव अरण्य क्षेत्र में 3.4 लाख पेड़ों को काटकर जंगल को उजाड़ा जा रहा है ऐसा दोहरा मापदंड क्योंघ् राज्य सरकार ने महासमुंद, बलरामपुर, बलौदाबाजार, मुंगेली और गरियाबंद में 10 वर्षों की जलवायु परिवर्तन की कार्य योजना अनुमोदन के लिए पर्यावरण मंत्रालय में अनुमति की मांग की है। वही हसदेव अरण्य में जलवायु अच्छी है उसे उजाड़कर मध्य भारत में जलवायु का सत्यानाश करेगी और दूसरी ओर कुछ जिलों के लिए पौने तीन लाख करोड़ की योजना सिर्फ दिखावा और भ्रष्टाचार के लिए है। भूपेश बघेल हसदेव उजाड़ने पर होने वाले नुकसान का अंदाजा तक नहीं लगा पा रहे हैं उससे अपूर्णनीय छति होगी। पर्यावरण के प्रति सरकार का दोगला रवैया जनसाधारण की समझ से परे है। कोमल हुपेंडी ने कहा कि इसलिए आम आदमी पार्टी हसदेव अरण्य में जंगल उजाड़ने और आदिवासियों को विस्थापित करने का पुरजोर विरोध कर रही है इसी के मद्देनजर दोगलेपन और कुम्भकरणी नींद में सोई हुई सरकार को जगाने आम आदमी पार्टी 21 मई 2022 को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने जा रही है। राज्य की जनता के हितों की सरकार को कोई चिंता नहीं है सिर्फउद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने का खेल चल रहा है आज की योजना से सरकार की नियत और भ्रष्टाचार की कार्ययोजना का जीता जागता उदाहरण है। ये आम आदमी पार्टी होने नही देगी। आम आदमी पार्टी जन साधारण से भी आव्हान करती है सभी जनसाधारण भी इस आंदोलन का हिस्सा बन विरोध प्रदर्शन में शामिल हो कर आंदोलन को सफल बनाये।

# चेम्बर ने डुमरतराई क्षेत्र में लूटपाट के संबंध में एसएसपी प्रशांत अग्रवाल से मुलाकात की



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी,विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चेम्बर का प्रतिनिधि मंडल डूमरतराई क्षेत्र में व्यापारियों के साथ बढ़ रही लूटपाट एवं अपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के लिये महापौर एजाज ढेबर एवं जिला पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल से मुलाकात की। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने बताया कि कमल विहार से देवपुरी थोक सब्जी मंडी वाले मार्ग पर आए दिन व्यापारी लूटपाट का शिकार हो रहे हैं। कतिपय लोग उक्त स्थान पर सुनसान और रात के समय अकेले-दुकेले लोगों से मारपीट एवं लूटपाट करके घटना को अंजाम देते हैं जिससे समस्त व्यापारियों में रोष एवं भय व्याप्त है। व्यापारियों को भय के माहौल में अपना व्यापार करना पड़ रहा है। पारवानी ने शहर में व्यापारियों के प्रति बढ़ रही अपराधिक गतिविधियों और लूटपाट की घटनाओं को रोकने एवं उस पर त्वरित रूप से कार्यवाही करने हेतु महापौर एजाज ढेबर जी से मुलाकात कर स्ट्रीट लाईट और सीसीटीवी कैमरे लगवाने की मांग की।

# गरीबों के अन्न में मची हुई है लूट : केदार कश्यप

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व मंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एक तरफ गरीबों के मसीहा बनने का ढोंग कर रहे हैं और दूसरी तरफ गरीबों के दाने पर भूपेश बघेल सरकार डाका डाल रही है। केंद्र सरकार से मिले अतिरिक्त राशन में इस सरकार ने अब तक करीब 25 सौ करोड़ का घोटाला किया है। हर कार्ड पर लगभग 15 किलो राशन की लूट की जा रही है। बस्तर से लेकर सरगुजा अंचल के साथ ही मध्य छत्तीसगढ़ में हर जगह से गरीबों का राशन हड़पने की शिकायतें मिल रही हैं।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता केदार कश्यप ने कहा कि सरगुजा संभाग के बाद अब भूपेश बघेल बस्तर संभाग में झूठ लीला दिखा रहे हैं तो वे लगे हाथ यह भी बता दें कि बस्तर संभाग के गरीबों का कितना राशन खा गए हैं। उन्होंने कहा कि राजधानी रायपुर के नजदीकी जिले कवर्धा में राशन पर सरकारी डाके का मामला सामने आया है जिसमें बताया जा रहा है कि हर कार्ड में प्रति सदस्य 5 किलो अतिरिक्त राशन देना था, जो नहीं दिया जा रहा। प्रति कार्ड औसतन 15 किलो राशन का घोटाला किया गया है। पूरे राज्य में भूपेश बघेल का राशन माफिया गरीबों के अन्न की लूट मचाये हुए हैं। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता केदार कश्यप ने कहा कि यह कमीशन और लूटमार सरकार पहले तो गरीबों के मकान खा गई। बस्तर मुख्यालय जगदलपुर में कांग्रेस की पार्षद प्रधानमंत्री आवास के नाम पर गरीबों से अवैध वसूली करती रही लेकिन कांग्रेस और भूपेश बघेल के संरक्षण के कारण उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित गरीबों ने जब राजभवन में गुहार लगाई तो उस कांग्रेस पार्षद को जेल की जगह अस्पताल भेजा गया। भूपेश बघेल की सरकार ने राज्य के लाखों गरीबों के मकान का सपना चकनाचूर कर दिया।

## प्रदेश महासचिव पद के लिए 138 उम्मीदवार मैदान में

# चुनाव को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह, सात दिन में बनाए ढाई लाख सदस्य

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में युवक कांग्रेस की सदस्यता और संगठन चुनाव चल रहा है। युवाओं में चुनाव को लेकर इतना उत्साह है कि सिर्फ सात दिन में ही ढाई लाख से ज्यादा सदस्य बना दिए गए हैं। युवक कांग्रेस की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, प्रदेश में एक लाख 68 हजार से ज्यादा सदस्यों ने सदस्यता शुल्क के रूप में 50 रुपये जमा कर दिए हैं। आनलाइन होने वाले चुनाव में कार्यकर्ता लगातार सदस्य बनाने की मुहिम में जुटे हुए हैं। प्रदेश में कांग्रेस संगठन ने 17 लाख से ज्यादा सदस्य बनाए हैं। ऐसे में युवक कांग्रेस को दस लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। प्रदेश में युवक कांग्रेस संगठन का चुनाव 12 मई से 12 जून तक चलेगा। प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए 12 उम्मीदवार मैदान में हैं, जबकि प्रदेश महासचिव पद के लिए 138 उम्मीदवार ताल ठोंक रहे हैं। कांग्रेस के चिंतन शिविर में वरिष्ठ नेताओं ने एनएसयूआइ और युवक कांग्रेस चुनाव को बंद करने की मांग की थी, लेकिन छत्तीसगढ़ में युवाओं में जमकर उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रदेश अध्यक्ष पद पर मुख्यमंत्री कैंप से आकाश शर्मा और मंत्री टीएस सिंहदेव के कैंप से आशीष मोनू अवस्थी चुनाव मैदान में है। दोनों दावेदारों ने मतदान से लेकर सदस्यता अभियान के लिए प्रदेशभर में टीम तैनात की है। आकाश के पक्ष में विधायक देवेंद्र यादव सहित कई युवा नेता सक्रिय हैं। वहीं मोनू के पक्ष में आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने भी मैदान संभाल लिया है। सिंहदेव सरगुजा में युवाओं की बैठक लेकर मोनू के पक्ष में मतदान करा रहे हैं। बताया जा रहा है कि युवक कांग्रेस चुनाव में सदस्यता से लेकर कैंपेन में युवा करीब पांच करोड़ रुपये खर्च करने की तैयारी में हैं। युवक कांग्रेस चुनाव में बस्तर और सरगुजा से जोरदार कैंपेन हो रहा है। प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए जीशान कुरैशी की बस्तर में मजबूत पकड़ है। रायपुर से गुलजेब अहमद, बलौदाबाजार के मानस पांडेय और कांकेर के चकेश्वर गढ़पाले मुकाबले को रोचक बना रहे हैं। युवक कांग्रेस के 2016 में हुए चुनाव में चकेश्वर ने प्रदेश अध्यक्ष बने उमेश पटेल के बाद सबसे ज्यादा वोट पाया था। उमेश पटेल उस समय विधायक थे।

प्रदेश महासचिव पद के लिए 138 उम्मीदवार मैदान में हैं। खास बात यह है कि अकेले रायपुर से दो दर्जन से ज्यादा उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। महासचिव के लिए 45 पद हैं। इसमें 11 महिला उम्मीदवारों का चयन होगा। पांच ओबीसी, पांच एससी, पांच एसटी और पांच अल्पसंख्यक के लिए आरक्षित है। महासचिव पद के लिए भावेश शुक्ला, आदित्य सिंह, भावेंद्र गंगोत्री, आशीष द्विवेदी, यासिन खान, कोमल अग्रवाल, राकेश पांडेय, शशि सिंह, गोपाल दुबे के बीच मुकाबला है।

## 26-27 मई को होगी भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक



भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 26-27 मई को रायपुर में होगी। कार्यसमिति में राष्ट्रीय सहसंगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी और सहप्रभारी नितिन नबीन शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के आठ साल पूरे होने पर भाजपा प्रदेशभर में आयोजन करेगी।

इसे लेकर प्रदेश कार्यसमिति को काफी अहम माना जा रहा है। पीएम मोदी ने दूसरी पारी में 30 मई को शपथ ली थी। ऐसे में पार्टी एक सप्ताह तक आयोजन करने की तैयारी में है। इसमें पीएम मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही कार्यविस्तार योजना को लेकर भी मंथन किया जाएगा। राष्ट्रीय सहसंगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश प्रभारी पुरंदेश्वरी और नितिन नबीन शामिल होंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने बताया कि कार्यसमिति की बैठक के बाद कोर ग्रुप की भी बैठक होगी। कार्यविस्तार योजना को लेकर पार्टी पदाधिकारियों की वर्चुअल बैठक हुई। इसमें बूथ स्तर पर दस दिन दस घंटे के कामकाज की भी समीक्षा की गई। प्रदेश भाजपा से लेकर मंडल स्तर तक के पदाधिकारियों को कमजोर बूथ पर प्रवास करने का निर्देश है। इस अभियान में सांसद, विधायक और पार्टी पदाधिकारी शामिल हो रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने बताया कि बूथ विस्तार योजना में पहुंचने पर स्थानीय स्तर की समस्याओं की जानकारी हो रही है। कार्यकर्ताओं की दिक्कतों के साथ आगामी चुनाव की तैयारी भी हो रही है। उन्होंने कहा कि बूथ तक पहुंचने से कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हो रहा है। राज्य सरकार की योजनाओं में गड़बड़ी की जानकारी मिल रही है, जिसको लेकर आगामी कार्ययोजना बनाई जाएगी।

## डॉ. सुनील कालड़ा का चेम्बर भवन में आज कार्यशाला



रायपुर। महिला चेम्बर ने महिलाओं की बढ़ती उम्र और स्किन से सम्बंधित समस्याओ एवं रूप को नया आकार देने के संबंध में डॉ. सुनील कालड़ा, प्लास्टिक एवं कास्मेटिक सर्जन के सहयोग से दिन गुरूवार, 19 मई को शाम 5.30 बजे से 7.30 बजे तक चै. देवीलाल व्यापार-उद्योग भवन, बाम्बे मार्केट, रायपुर में कार्यशाला का आयोजन किया है । उक्त कार्यशाला में उम्र बढ़ने का असर हमारी त्वचा कैसे पड़ता है और हम इस प्रक्रिया को कैसे रोक सकते हैं और आप अपनी मेकअप टेक्निक पर ध्यान कैसे दे ताकि बढ़ती उम्र में भी सुंदर दिख सकती हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी जायेगी।

# ब्लैक थ्रिप्स ने बर्बाद की मिर्ची की फसलें विभाग के पास नहीं है बीमारी का कोई इलाज

## किसानों को हुआ लाखों रुपए का नुकसान

नीरज उपाध्याय ◂ केशकाल
www.dailypioneer.com

केशकाल विकासखंड क्षेत्र के किसान जिन्होंने इस वर्ष मिर्ची की फसल ली है, उन्हें मिर्ची के पौधों में अजीबोगरीब किस्म की बीमारी नजर आई है। इस बीमारी का नाम ब्लैक थ्रिप्स है जिसमें कीट आक्रमण करते हुए मुख्यतः मिर्ची के फूल को नुकसान पहुंचाते है। इसके कारण पौधों की पत्तियां सिकुड़ने लगती है वहीं फल भी मुड़ने लगते हैं। बताया जा रहा है कि इस कीट के प्रकोप से मिर्च की फसल पूरी तरह तबाह हो गई है। आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना के बाद पहली बार बस्तर में भी ब्लैक थ्रिप्स की दस्तक ने किसानों की कमर तोड़ दी है। किसानों का कहना है कि इस बीमारी के कारण फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है, हमने सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को इसकी सूचना भी दे दी है लेकिन अब तक विभाग की ओर से फसलों के



नुकसान के सम्बंध में कोई सकारात्मक जवाब नहिं मिला है।

**कई बार दवा डालने के बाद भी नहीं हुआ लाभ**- इस सम्बंध में ग्राम गारका के किसान प्रदीप सिन्हा ने बताया कि मैं प्रतिवर्ष मिर्च की खेती करता हूं, इस वर्ष भी मैंने 20 एकड़ खेत मे मिर्च की फसल ली है। इससे पहले 2 वर्षों तक लॉक डाउन के कारण हमारी फसल काफी प्रभावित हुई थी, वहीं इस वर्ष ब्लैक थ्रिप्स नामक कीट के आक्रमण से हमारी फसलों को नुकसान हो रहा है। हमारे खेतों में लगी मिर्च की फसल को बचाने के लिए हमनें लाखों रुपये की दवाइयों का छिड़काव किया है, लेकिन कोई भी दवा ब्लैक थ्रिप्स से बचाव में कारगर साबित नहीं हो रही है। हमने उद्यानिकी विभाग के सक्षम अधिकारियों को सूचना दिया था, अधिकारी निरीक्षण के लिए भी हमारे खेत आये थे लेकिन अब तक उनके द्वारा इस समस्या का कोई समाधान नहीं बताया गया है।

### बीमारी के कारण नहीं हो रहा फसलों का पर्याप्त उत्पादन

ग्राम सिंगनपुर के किसान प्रसन्न दुबे ने बताया कि इस वर्ष मैंने 16 एकड़ खेत मे मिर्ची की फसल लगाई है। लेकिन इस ब्लैक थ्रिप्स कीट के लगने के कारण उत्पादन लिए बिना ही फसलें पूर्णतः प्रभावित होने लगी है। शुरुआती समय मे हमें प्रति एकड़ 4-5 टन मिर्ची तोड़ी जाती है लेकिन इस बार डेढ़ टन का उत्पादन भी संभव नहीं है। हमें लाखों रुपए का नुकसान हुआ है ऐसे में हम मिर्च पौधों को उखाड़कर फेंकने को मजबूर हो गए है, साथ ही इस वर्ष मिर्च की फसल लेने वाले किसान कर्ज में भी डूब गए हैं।

### विभाग के पास नहीं है कोई कारगर इलाज

इस सम्बंध में उद्यानिकी विभाग के प्रभारी एसडीओ चंद्रेश ध्रुवे ने बताया कि ब्लैक थ्रिप्स एक तरह से मिर्ची के पौधों पर होने वाला किटों का आ मण है। केशकाल क्षेत्र में मिर्ची की फसल लगाने वाले कई किसान इससे प्रभावित हुए हैं। इस सम्बंध में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर एवं उद्यानिकी विभाग के उच्चधिकारियों से यह जानकारी मिली है कि इस बीमारी का कोई कारगर इलाज अब तक नहीं मिला है। ऐसे में हम चाह कर भी किसानों की कोई मदद नहीं कर पा रहे हैं। केवल कुछ सावधानियां हैं जिनकी जानकारी किसानों को दी जा रही है।

# भगवान जगन्नाथ मंदिर निर्माण के लिए एनएमडीसी अधिकारी आर गोविंद ने किया भूमिपूजन



पायनियर संवाददाता ◂ किरंदुल
www.dailypioneer.com

लौह नगरी किरंदुल स्थित राघव मंदिर परिसर में भगवान जगन्नाथ जी के भव्य मंदिर का निर्माण स्थानीय एनएमडीसी परियोजना,श्री जगन्नाथ सेवा समिति तथा नगरपरिवार के सहयोग से किया जायेगा।बता दें एनएमडीसी अधिशासी निदेशक आर गोविन्दराजन एवं शांति गोविंदराजन ने बुधवार को पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर मंदिर निर्माण कार्य हेतु भूमिपूजन किया।लगभग साढ़े तीन करोड़ की लागत से बनने वाले भगवान श्री जगन्नाथ के मंदिर का भूमिपूजन श्री जगन्नाथ धाम पुरी से पधार रहे तीन विशेष पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य किया गया।राघव मंदिर प्रांगण के बाये हिस्से में लगभग 670 वर्ग मीटर क्षेत्र में मंदिर का भव्य निर्माण किया जायेगा जिसमें भगवान जगन्नाथ के गर्भ गृह के साथ साथ सिंह द्वार,लक्ष्मी मंदिर,बिमला मंदिर,शिव मंदिर,श्री गणेश मंदिर आदि का निर्माण भी इसी परिसर में किया जायेगा।मंदिर को भव्य और आकर्षक रूप देने के लिए एनएमडीसी परियोजना का सिविल विभाग विशेष सहयोग किया गया है।इस अवसर पर उप महाप्रबंधक (कार्मिक) बी के माधव, सिविल विभाग के अधिकारी गण, एमएमडब्ल्यू यूनियन के अध्यक्ष विनोद कश्यप, एसकेएमएस अध्यक्ष के साजी,बैलाडीला देवस्थान समिति के राजेन्द्र यादव,डी पी डेहरिया,रवीश तिवारी, मनीष गुप्ता,पी सी जैन, देवरायलु, सन्मुख राव,श्री जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष आर एन साहू, सचिव देवराज लेंका, दीपक मोहंती, ब्रिजेश मिश्रा,शरद मिश्रा, रंजित प्रतिहारी, समित आचार्या, वासु प्रतिहारी, विपिन महाराणा उपस्थित थे।

# बदलाव की कहानियां गढ़ रहीं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं

पायनियर संवाददाता ◂ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

गोधन न्याय योजनाजिले के दन्तेवाड़ा विकसखण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत बालपेट का आश्रित ग्राम भैरमब जिला मुख्यालय, से 8 किलो मीटर दूरी पर प्राकृतिक के गोद मे घने जंगलो के बीच बसा है। भैरमबंद गोठान में वर्तमान में कुल 15 स्व सहायता की दीदियों द्वारा खाद निर्माण, सब्जी, मशरूम उत्पादन मुर्गी एवं बकरी पालन, वनोपज, फिनाइल निर्माण एक्यूरियम निर्माण, मछली पालन का आदि कार्य कर आजीविका संवर्धन किया जा रहा है।

**गोधन न्याय योजना**- गोधन न्याय योजना अन्तर्गत समूह की दीदियों द्वारा केचुआ खाद व सुपर कम्पोस्ट आदि का निर्माण किया जा रहा हैं जो की वर्तमान में भैरबंद गौठान में उत्पादक व विक्रय का केन्द्र बना हैं। अबतक इस केंद्र में कुल 6,33,863 किग्रा. गोबर खरीदी किया गया हैं जिसकी राशि 12,67,726 रूपये गोबर विक्रेता हितग्राहियों को प्रदान किया



जा चुका है। गोठान में प्राप्त गोबर से केंचुआ खाद 1,21,505 किग्रा. को 12,10,030 रूपये व सुपर कम्पोस्ट मात्रा 20,000 किग्रा. राशि 1,20,000 रू0 में बेचा गया है।

**सब्जी एवं हल्दी उत्पादन**- खाद निर्माण के साथ-साथ दुर्गा महिला ग्राम संगठन के दीदियों द्वारा सब्जी का उत्पादन किया जा रहा है। जिससे दिदियो की अच्छी आमदानी हो रही है। दीदियों द्वारा सब्जी और हल्दी का उत्पादन सह विक्रय कर लगभग 35000 का लाभ अर्जित किया गया है।

**मशरूम उत्पादन**- विभिन्न आजीविका गतिविधि अंतर्गत ग्राम संगठन की दीदियों द्वारा मशरूम उत्पादन किया जा रहा है जिसमे अबतक 10000रू. का विक्रय किया गया है।

**मुर्गी एवं बकरी पालन**- दुर्गा महिला ग्राम संगठन के दिदियो के द्वारा इस सत्र मे कड़कनाथ पालन एवं बकरी पालन का कार्य प्रारंभ किया गया है। जिससे आने वाले दिनों दीदियों को अच्छी आमदानी प्राप्त होगी।

**वनोपज खरीदी**- गोठान मे मल्टी एक्टीविटीज अंतर्गत वन विभाग के सहयोग से वनोपज क्रय का कार्य किया जा रहा है। पिछले वर्ष लगभग 1.50 लाख का ईमली खरीदी एवं 30000 हजार का अमचूर विक्रय कर लाभ अर्जित किया गया।

**एक्यूरियम निर्माण**- ग्राम संगठन के कुछ दीदियों द्वारा गोठान ग्राम में एक्यूरियम निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इस गतिविधि को बढ़ावा देने में जिला प्रशासन का योगदान रहा है। जिससे दीदियों स्व प्रेरित होकर उत्साहपूर्वक कार्य कर रहे है। दीदियां एक्यूरियम निर्माण कर 1.30 लाख का विक्रय कर चूके है।

# समय पर वाहन मिलने से गर्भवती महिलाओं एवं गम्भीर मरीजों को अस्पताल पहुंचाना हुआ सुगम

पायनियर संवाददाता ◂ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन के द्वारा ''सुगम स्वास्थ्य दंतेवाड़ा योजना'' की शुरुआत गई। जिसके तहत् अब किसी मरीज, गर्भवती महिला, दुर्घटना से घायल को एम्बुलेंस के लिए भटकना नही पड़ रहा है। जिले में 44 एम्बुलेंस वर्तमान में मौजूद है, परन्तु नदी, नालों, पहाड़, नक्सल ग्रस्त, विषम परिस्थितियों से भरे दुर्गम क्षेत्रों तक आसानी से पहुंच पाना मुश्किल हो जाता है, इस योजना से अब व्यक्ति अपने आस पड़ोस या समीप स्थित गाँव के वाहन के मालिक को फोन करके अस्पताल जा सकते हैं इसके ऐवज में वाहन मालिक को उचित किराया भाड़ा दिया जाएगा। जिले में कुल 239 गांव एवं 143 ग्राम पंचायत हैं। जिले में 7 संजीवनी एक्सप्रेस 108 एंबुलेंस एवं 8 महतारी एक्सप्रेस 102 की सुविधा उपलब्ध है। किंतु संवेदनशील एवं पहुंच विहीन क्षेत्र




होने के कारण वाहन समय पर पहुंच नहीं पाते हैं। अतः 20 जुलाई 2020 से जिला प्रशासन द्वारा सुगम स्वस्थ दंतेवाड़ा की शुरुआत की गई। जिसमें वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए गांव के वाहन मालिक द्वारा सहमति पश्चात आपातकालीन सेवा हेतु मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाया जा रहा है। इसके लिए संबंधित वाहन मालिक को प्रशासन द्वारा निर्धारित दर पर भुगतान किया जा रहा है।शासकीय एंबुलेंस के साथ-साथ मरीजों को त्वरित लाभ पहुंचाने के लिए ग्राम स्तर पर ही निजी वाहन मालिकों को सहमति लेकर गांव से ही अस्पताल तक पहुंचाने के लिए सुगम स्वास्थ दंतेवाड़ा के तहत जिला अस्पताल आने पर 800 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाने पर 500 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाने पर 200 एवं उप स्वास्थ्य केंद्र तक मरीजों को लाने पर 100 का भुगतान वाहन मालिकों को किया जा रहा है जिले में कुल 82 मालिकों को सहमति के आधार पर इस योजना से जोड़ा गया है जिले में अब तक 238 मरीजों को अस्पताल पहुंचाने पर वाहन मालिकों को 87100 रुपए का भुगतान किया गया है पहुंच विन इलाकों में एंबुलेंस के विकल्प पर यह योजना आपातकालीन परिस्थिति में एक लाभकारी योजना बन कर आई है। उक्त योजना से जन सामान्य को भरपूर लाभ मिल रहा है।

# जिले में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का छटवें चरण की हुई शुरूआत


पायनियर संवाददाता ◂ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी के मार्गदर्शन मे जिले में छटवां मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान बीते 17 मई से प्रारंभ होकर 16 जून 2022 तक संचालित होगा। जिले में संचालित होने वाले छटवें मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के सफलतापूर्वक संचालन के संबंध मे सीएमएचओ डॉ बी.आर पुजारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इसके लिए सर्वे दल का गठन किया गया है, जिसमें प्रथम सदस्य के रूप मे एक पुरूष कार्यकर्ता अथवा महिला स्वास्थ्यकर्ता वहीं दूसरी सदस्य के रूप में गांव अथवा पारा की मीतानीन होगी। सर्वे के दौरान रक्त जांच के साथ-साथ रजिस्टर मे जानकारी का संधारण, आरडी टेस्ट में कोड नंबर अंकित करना, मलेरिया धनात्मक पाये गए रोगी को दवा की प्रथम खुराक का सेवन कराना, नेल मार्किंग आदि किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों के मैदान अमलो से संमन्वय एवं सहयोग का आग्रह किया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीआर पुजारी ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्टीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला रायपुर में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार मलेरिया मुक्त करने हेतु जिले में कार्यक्रम प्रथम चरण का आयोजन 15 जनवरी से 14 फरवरी 2020 तक किया गया था।

# तालाब की सफाई के लिए कई बार दिया आवेदन, अब तक नहीं हुई सफाई

पायनियर संवाददाता ◂ किरन्दुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल के वार्ड क्रमांक 03 बंगाली कैम्प के समीप सार्वजनिक तालाब है।जिसमें लगभग 02 वर्ष पूर्व हुई अतिवृष्टि के कारण एनएमडीसी के लौह चूर्ण व अपशिष्ट पदार्थ खनन क्षेत्र पहाड़ से बहकर आने से तालाब में जमा हो गया है व बहते नाला में भी लौह चूर्ण का जमाव है।तालाब में चूर्ण जमा होने के कारण लोगों को समस्या हो रही है और उक्त समस्या को अधिशासी निदेशक बी.आई.ओ.एम किरन्दुल कॉम्पलेक्स एवं जिला प्रशासन को दी गई थीं तथा जिला प्रशासन के निर्देश पर एनएमडीसी प्रबंधन किरन्दुल के अधिशासी निदेशक एवं परियोजना के अधिकारी द्वारा तालाब व नाला एवं



आसपास के प्रभावित घरों का मुआयना किया गया एवं एनएमडीसी प्रबंधन किरन्दुल द्वारा तालाब की सफाई व अन्य सभी कार्य शीघ्र करवाने का आश्वासन देकर चले गए किन्तु 21 माह बीत जाने के बाद भी आज पर्यंत उक्त समस्या का कोई निदान नहीं किया गया है। उक्त तालाब में किरन्दुल शहर के सभी जाति धर्म समाज के लोगो द्वारा पूजा पाठ कार्य,मृतक संस्कार (मुण्डन श्राद्ध) मूर्ति विर्सजन (गणेश, दुर्गा, विश्वकर्मा मूर्ति) व विभिन्न धार्मिक संस्कार इत्यादि उक्त तालाब में किया जाता रहा है। किरन्दुल नगरपालिका अध्यक्ष मृणाल राय ने बताया जनहित को ध्यान में रखते हुए कई बार एनएमडीसी प्रबंधन को लिखित में इस विषय से अवगत करवाया गया हैं लेकिन अब तक एनएमडीसी द्वारा इस विषय पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया हैं।

# इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में अबूझमाड़ के राकेश ने दर्ज कराया नाम

पायनियर संवाददाता ◂ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

जिले में संचालित अबूझमाड़ मलखंभ अकादमी के होनहार छात्र राकेश कुमार अरया ने मलखंभ में इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड 2022 में अपना नाम दर्ज करवाया है। ये जिले के लिए बड़े गौरव की बात है। बता दें राकेश कुमार अरया मूलतः अबूझमाड़ के कुतुल का रहने वाला है यह 2017 से मलखंभ का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है बड़ी लगन व मेहनत से इसने दो बार गोल्ड मेडल जीता है। बीते महीने मुम्बई में हुए इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में राकेश ने गोल्ड जीता और बुक में अपना नाम दर्ज करवाया था। पूरी कागजी प्रकिया करने के बाद पोस्ट द्वारा राकेश को उनका गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ति पत्र मिला। संस्था के कोच मनोज प्रसाद ने राकेश को




शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राकेश प्रारंभ से ही मलखंभ के प्रति रुचि रखता रहा है और 2017 में पोटाकेबिन में मेरी मुलाकात हुई थी जहाँ प्रशिक्षण के दौरान कोरोना जैसी महामारी आ गयी और राकेश को मैं अपने साथ अबूझमाड़ मलखंभ अकादमी ले आया और लगातार प्रशिक्षण के बाद आज वह इस मुकाम में पहुँच गया तो मुझे बड़ी खुशी महसूस हो रही हैं।

**सेनानी जितेन्द्र शुक्ला ने दी बधाई**- राकेश को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज होने एवं गोल्ड मेडल जीतने पर जितेन्द्र शुक्ला (भा.पु.से.) ने भी राकेश से मिलकर बधाई प्रेषित की और राकेश को ऐसे ही अपना एवं अबूझमाड़ का नाम पूरे विश्व में इस मलखंभ के माध्यम से ऊंचा करने की शुभकामनाएं दी।

# 'पेरेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया' के प्रमुख राष्ट्रीय प्रवक्ता बने डॉ राजाराम त्रिपाठी

पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

पेरेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, पाई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक रविवार को होटल रैडिसन दिल्ली में संगठन प्रमुख ,अध्यक्ष एस डी शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें देश के अभिभावकों के हित में कई निर्णय लिए गए। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष एस डी शर्मा ने कहा सारे प्रदेशों में संघठन की समीक्षा करके जल्द ही संघठन में बड़ा फेरबदल किया जायेगा। इसी तारतम्य में पहल करते हुए संगठन को गति देने तथा इसे राष्ट्रव्यापी मिशन बनाने के दृष्टिकोण से देश के हालिया सफल किसान आंदोलन सहित कई मूवमेंट्स के कुशल नेतृत्व के लिए जाने जाने वाले डॉ राजाराम त्रिपाठी को सर्वसम्मति से संगठन का मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाए जाने की घोषणा की गई।



इसके साथ ही उनकी टीम को प्रादेशिक तथा राष्ट्रीय स्तर और अधिक मजबूती तथा धार प्रदान करने हेतु मनोज पंडित जी तथा अनिरुद्ध शर्मा को राष्ट्रीय प्रवक्ता नामित किया गया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एसडी शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में शिक्षा का स्तर दिनों दिन गिरता जा रहा है। पेरेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया निजी स्कूलों की दिनों दिन बढ़ती फीस, स्कूल तथा ड्रेस की मनमानी कीमत से बुरी तरह से त्रस्त है । राष्ट्रीय महासचिव डॉ सुनील कौशिक ने कहा कि जिन हालातों की ओर राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने इशारा किया है उन हालातों के समाधान के लिये जल्द ही किसी रिटायर्ड न्यायधीश की अध्यक्षता में एक ड्राफ्ट कमैटी का गठन किया जाएगा। जो भी कमैटी की सिफारिश होगी उसको एक बड़े आंदोलन के साथ बदलाव के लिये सरकार के समक्ष रखा जायेगा। संस्थान के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शिवकुमार मिश्र ने कहा कि दिनों दिन बढ़ती स्कूलों की फीस तथा स्कूल ड्रेस तथा किताबों की मनमानी कीमतों के कारण आज मजदूर, रिक्शावाले, फेरीवाले जैसे गरीब तबके के अभिभावक तथा मध्यम आय वर्ग के समस्त आम नागरिक अपने बच्चों को पढ़ाने में असमर्थ महसूस रहे हैं। डॉ राजाराम त्रिपाठी ने अपने प्रथम वक्तव्य में जोर देकर कहा कि आज वर्तमान में निजी स्कूलों की मनमानी से बच्चे तथा उनके अभिभावक ही नहीं बल्कि वहां के शिक्षक भी त्रस्त हैं। एसोसिएशन को सरकार के साथ मिलकर मुख्य मुद्दों पर क्षेत्रीय, राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पेरेंट्स संगठनों, टीचर्स संगठनों से चर्चा करके समुचित समाधान निकलना होगा. ताकि हम सब मिलकर वो एक माहौल दे सकें जिससे स्वयं अपने आप सरकार,पेरेंट्स व अध्यापकों को जिम्मेदारी का एहसास हो. कार्यक्रम में संस्थान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय अरोरा ,एड. प्रमोद कुमार, नवनीत राना ,ओपी रात्रा ,राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज पंडित अनिरुद्ध शर्मा ,राष्ट्रीय सह सचिव विशवेन्द्र कुमार ,एड. ललित चाहर , कीर्ति राठी सिकारिया ,स्वदेश कुमार ,गौतम पंडित ,राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ.मनीष शर्मा ,रामकुमार शर्मा ,कविता मिश्रा , इन्द्रेश शर्मा,एड. अनिरुद्ध कुश शर्मा ,नकुल अत्री ने भी संबोधित करते हुए अपने विचार तथा सार्थक सुझाव रखे, जिन्हें सर्वसम्मति से पारित किया गया।

# अंतराष्ट्रीय धूम्रपान दिवस पर आयोजन

**दंतेवाड़ा।** समाज कल्याण विभाग दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा द्वारा आगामी 31 मई को अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस का आयोजन किया जाएगा ताकि जन सामान्य में धूम्रपान और तंबाकू सेवन करने की प्रवृत्ति की रोकथाम की जा सके। विभाग द्वारा धूम्रपान से होने वाले दुष्परिणाम के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण निर्मित करने हेतु समस्त विभागों को अपने स्तर पर कार्यक्रम आयोजन कराए जाने हेतु पत्र जारी किया गया है। जिसमें तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभाव पर चर्चा व उसके दुष्प्रभाव की जानकारी समुदाय में प्रचारित करना, सोशल मीडिया में नशापान के दुष्प्रभावों का प्रचार, नशा मुक्ति हेतु, विभिन्न प्रतियोगिताएं, विषयांतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम, नशा मुक्ति साहित्यों का वितरण, नशा मुक्ति प्रदर्शनी का आयोजन, आकाशवाणी एवं दूरदर्शन से विषयान्तर्गत प्रेरक नाटक गीत परिचर्चा आदि का जनहित में प्रसारण यथा समय योगाचार्यों के मार्गदर्शन में योगाभ्यास का प्रदर्शन तथा योगाभ्यास से होने वाले लाभ पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# योजनाओं का संचालन सुचारू रूप से करें : कलेक्टर



पायनियर संवाददाता ◂ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में डंकिनी सभा कक्ष में समय सीमा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने कहा। योजनाओं का संचालन सुचारू रूप से करने निर्देशित किया। किसान सम्मान निधि योजना में तेजी लाने की निर्देश दिए। वन अधिकार पत्र से संबंधित जानकारी ली। आदर्श ग्राम पंचायतों में प्राथमिकता से कार्य करने अधिकारियों को निर्देशित किया। दूकानों के आबंटन के सबंध में, सी मार्ट, इंडोर स्टेडियम इत्यादि की जानकारी ली। सोनी ने सभी अधिकारियों को कहा कि अपने-अपने कार्यालयों को दुरुस्त करें। सभी तहसील मुख्यालयों में नेटवर्क दुरुस्त करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ आकाश छिकारा, वनमंडलाधिकारी संदीप बलगा, अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे, एसडीएम अबिनाश मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार सहित सभी विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# नगर की पानी टंकी से शहर से बाहर अवैध रूप से पाइप लाइन विस्तार करने का विरोध

## न.पा. अध्यक्ष एवं पार्षदगणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन कार्य बंद करने की गई मांग

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत नगर वासियों के लिए छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण नल जल योजना के अंतर्गत ओवरहेड टैंक निर्माण किए जाने पश्चात् नगर में पाइप लाइन का विस्तार किया गया था, नगर के विभिन्न वार्डो में बिछाये गये उक्त पाईप लाईन से नगर में पेयजल की आपूर्ति की जाती है। विगत कई वर्षो से नगर में भीषण गर्मी के मौसम में पेयजल की किल्लत हमेशा बनी रहती थी, जिससे होने वाली परेशानियों को देखते हुए नगर पालिका द्वारा 25 से 30 लाख रुपयो से टेंकर चलाकर नगर वासियों को पेयजल की आपूर्ति की जा रही थी। भीषण गर्मी के मौसम में नगर में पेयजल को लेकर होने वाली परेशानी को ध्यान में रखते हुए मांग के अनुरूप शासन के द्वारा नगर वासियों को नल जल योजना का वरदान मिला और नगरवासियों को राहत प्रदान करते हुए पाईप लाईन का विस्तार कर निजी नल कनेक्शन निकाय द्वारा प्रदाय किया जा रहा है, जिससे पेजयल की आपूर्ति पूरी की जा रही थी।

नगर में विस्तारित उक्त पाईप लाईन से कनेक्शन जोड़कर पी.एच.ई. विभाग द्वारा पृथक से पाईप लाईन विस्तार करते हुए पाईप लाईन को शहर से बाहर क्षेत्र में ले जाने की जानकारी होने पर नगर पालिका अध्यक्ष चितावर जायसवाल एवं पार्षद संकेत शुक्ला, जितेन्द्र महाले, रोहित साहू, सुरेंद्र जायसवाल, पंकज मरैया, सतीष पटेल, कमल टंडन, अमितेष नेताम गौतम ठेठवार, रीटा केशरवानी, मनोजकांत पुरैना, मनजीत कौर सलूजा, सविता प्रदीप साहू, अंजनी कमल भारद्वाज, राजू सलूजा के द्वारा विरोध करते हुए कलेक्टर से मिलने गए।

कलेक्टर कार्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष एवं पार्षदगणों द्वारा ज्ञापन तैयार कर कलेक्टर से मिलने की जानकारी देने पर मीटिंग की बात कहते हुए बाद में मिलने की जानकारी से नाराज अध्यक्ष एवं पार्षदगणों के द्वारा कलेक्टर कक्ष के सामने ही जमीन पर बैठकर इंतजार करने की बात कही गई, तब कहीं जाकर कलेक्टर से मुलाकात हुई, जिसमें अध्यक्ष चितावर जायसवाल ने आक्रोशित पार्षद व अपनी राय से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा गया व चर्चा के दौरान बताया कि वर्तमान में भीषण गर्मी से नगर में पेयजल की आपूर्ति पर्याप्त नहीं है, ऐसे समय में नगर पालिका की मुख्य पाईप लाईन से नगर से बाहर पाईप लाईन लेकर जाने की पी.एच.ई. विभाग की शिकायत की गई व इस पाईप लाईन विस्तार की जानकारी परिषद को भी नहीं दी गई जो समझ से परे है।

पी.एच.ई. द्वारा बिछाये गये पाईप लाईन से मुख्य मार्ग को क्षतिग्रस्त कर जगह-जगह काटते हुए रोड को खराब किया गया साथ ही नालियों को भी तोड़ दिया गया। इसके पूर्व पी.एच.ई. विभाग एवं जिला प्रशासन को नगर में अनेक स्थानों पर पाईप लाईन विस्तार नहीं किये जाने की जानकारी भी दी गई है। पर कोई पहल नहीं किया गया किन्तु बगैर जानकारी के पी.एच.ई. विभाग के द्वारा नगर की पानी टंकी से शहर के बाहर अवैध तरीके से पाईप लाईन फैलाया जा रहा है, जिसका विरोध किया गया।

नगर में पेयजल विस्तार के अंतर्गत वर्तमान में 25 से 30 प्रतिशत ही नल कनेक्शन वितरित किया गया है, नगर वासियों से प्राप्त शिकायत एवं पार्षदगणो के द्वारा क्षेत्र में पाईप लाईन विस्तार किये जाने से नगर में पेयजल संकट की स्थिति निर्मित होगी व अवैध रूप से नल कनेक्शन बढ़ने की संभावना भी प्रबल होगी, ऐसे में स्थिति को संभाल पाना मुश्किल होगा व नगर के अधिकांश क्षेत्रों में पानी नहीं पहुंचने पर भी स्थिति बिगड़ने की संभावना रहेगी। पी.एच.ई. विभाग द्वारा किये जा रहे पाईप लाईन के विस्तार का विरोध करते हुए कलेक्टर जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा को ज्ञापन सौंपा गया व तत्काल पाईप लाईन के कार्य बंद करने की मांग की गयी।

# पुरूषोत्तमपुर में बालिकाओं को कराटे प्रशिक्षण दिया गया




पायनियर संवाददाता ◀ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पुरूषोत्तमपुर में बालिकाओं को कराटे प्रशिक्षण दिया गया। मानव संसाधन विकास मंत्रालय के द्वारा बालिकाओं के आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जाना है। ताकि बालिकाएं अपनी सुरक्षा खुद कर सकें। इस उद्देश्य को लेकर समग्र शिक्षा स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग एक माह का निःशुल्क कराटे प्रशिक्षण दिया जाना है। जिसके तहत कराटे कोच खगेन्द्र कुर्रे द्वारा कराटे प्रशिक्षण बालिकाओं के साथ साथ बालकों को कुल 55 विद्यार्थियों को सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दिया गया।कराटे प्रशिक्षण में मुख्य रूप से समान पंच, समान किक,समान ब्लाक,जुदान ब्लाक ,उसरो पंच,उसरो किक,साया पंच, साया किक, सिजा, दाची, कुमिते, काता आदि कई पैतरों को सिखाया गया। इस प्रशिक्षण के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी, प्रधानपाठक, संकुल समन्वयक ने हर्ष व्यक्त किया।

## मुख्यमंत्री हाट-बाजारों में किया जाएगा छूटे हुए पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन

**धमतरी।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, डॉ.खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत जिले के आठ लाख 28 हजार 276 के विरूद्ध छः लाख 14 हजार 470, याने कि 74.2 प्रतिशत पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया है, जो कि पूरे प्रदेश में सर्वाधिक है। अब कलेक्टर पी.एस.एल्मा के निर्देशानुसार ऐसे सभी हितग्राही, जिनका आयुष्मान कार्ड किसी वजह से नहीं बना है, उन छूटे हुए हितग्राहियों के लिए सभी ब्लॉक में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना के तहत सोमवार से शनिवार तक कार्ड पंजीयन का कार्य किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.डी.के.तुर्रे ने सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी शहरी/ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा सीएससी/वीएलई के जिला प्रबंधक को पत्र लिखकर निर्देशित किया है कि आगामी दिनों में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना में छूटे हुए सभी पात्र हितग्राहियों का कार्ड पंजीयन करना सुनिश्चित करें।

# ग्राम खपरीडीह के शिव मंदिर में मूर्ति स्थापना



पायनियर संवाददाता ◀ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खपरीडीह में शिव मंदिर मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामलाल चौहान जी और महासमुंद जिला पंचायत सदस्य श्याम तांडी और युवा मोर्चा महामंत्री अजय कुमार नंद शामिल होकर पूजा अर्चना करते हुए गांव की खुशहाली की कामना की। जिसमें मुख्य रूप से नेहरू मुन्ना, ज्ञानी मुन्ना, शौकी कलेत, दुबराज कलेत अभिमन्यु कलेत, मनबोध कलेत, प्रवीन कलेत, कन्हैया कलेत, मुकेश कलेत, लोकेश कलेत, सुनील चौहान, विजय बारीक सहित समस्त कलेत परिवार एवं ग्रामवासी भी उपस्थित रहे।

# उच्च रक्तचाप नियंत्रण जागरुकता एवं जांच शिविर

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



न्यू विस्टा लिमिटेड के संयंत्र प्रमुख राजू रामचंदन के मार्गदर्शन में विश्व उच्च रक्तचाप नियंत्रण दिवस के अवसर पर न्यू विस्टा लिमिटेड तथा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर रिसदा के संयुक्त तत्वाधान में आज ग्राम रिसदा में उच्च रक्तचाप नियंत्रण अभियान का आगाज किया गया जिसमें ग्रामीणों को उच्च रक्तचाप के कारण, लक्षण एवं उपचार के बारे मे दी जानकारी दी गयी तथा ब्लडप्रेसर एवं शुगर की निःशुल्क जांच की गयी ।

कार्यक्रम में मुख्य रुप मे शासकीय हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर रिसदा से ग्रामीण चिकित्सा सहायक डॉ. अविनाश केशरवानी, नेत्र सहायक अधिकारी वेगेश्वर यदु, खंड कार्यक्रम प्रबंधक विकास जायसवाल, लैब तक्निशियन रोहित वर्मा, सरपंच जितेन्द्र खुंटे, उपसरपंच परेश वैष्णव के साथ ही न्यू विस्टा लिमिटेड सी.एस.आर. की ओर से सहायक महाप्रबंधक चन्द्रशेखर उपाध्याय, संदीप पाण्डे, मनोज सेन, अनिल जांगडे, राजेश्वरी साहू, कृति सिन्हा, गायत्री वर्मा, मंजू कोसले, जानकी वर्मा, रेखा वर्मा, भगवती जायसवाल, के साथ ही ग्रामीण हितग्राही बडी सख्या में उपस्थित थे ।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम चन्द्रशेखर उपाध्याय ने कार्यक्रम आयोजन के उद्देश्य के साथ ही बेहतर स्वास्थ्य के लिये सुनियोजित जीवनशैली, खानपान तथा देखभाल की जानकारी दी । तत्पश्चात् डॉ अविनाश केशरवानी ने विश्व उच्च रक्तचाप नियंत्रण दिवस मनाने के उद्देश्य के साथ ही साथ हाई ब्लडप्रेसर तथा लो ब्लडप्रेसर के कारण, लक्षण तथा निदान के उपाय के बारे मे बहूत सरल भाषा में विस्तार से जानकारी दी । इस दौरान डॉ केशरवानी ने प्रतिभागितयों द्वारा पुछे गये स्वास्थ्य संबंधी प्रश्नों को भी विस्तार से समझाया । उन्होने पोषकयुक्त संतुलित आहार सेवन, योगा एवं मेडिटेशन एवं तनावमुक्त जीवन शैली को अपनाने तथा भागदौड, जंगफुड खानपान, अनिद्रा आदि से बचने के बारे मे बताया ।

ज्ञात हो आज इसी कार्यक्रम में उच्च रक्तचाप नियंत्रण अभियान की शुरुआत की गयी जिसमें उच्च रक्तचाप के संपूर्ण नियंत्रण तथा जनजागरुकता हेतु न्यू विस्टा लिमिटेड सीमेंट सी.एस.आर. तथा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर रिसदा के संयुक्त तत्वाधान में आज से संयंत्र के सहभागी ग्राम रिसदा, कुकुर्दी तथा ढनढनी में डोर-टू-डोर जाकर 30 वर्ष से उपर के सभी ग्रामीणों का ब्लडप्रेसर एवं शुगर की निःशुल्क जांच की जायेगी तथा उसका रिकार्ड रखा जायेगा ।

# राहगीरों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने प्याऊ का उद्घाटन

पायनियर संवाददाता ◀ सरसींवा
www.dailypioneer.com



भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों के लिए शीतल पेयजल उपलब्ध कराने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग स्थानीय संघ बिलाईगढ़ द्वारा राज्य मुख्य आयुक्त विनोद सेवन लाल चंद्राकर राज्य सचिव कैलाश सोनी एवं जिला शिक्षा अधिकारी सीएस ध्रुव के निर्देशन एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त शंकरलाल साहू के मार्गदर्शन में सरसीवां, गाताडीह, घरजरा, एवं मोहतरा में प्याऊ केंद्र खोला गया जिसका उद्घाटन जनचौपाल में पधारे संसदीय सचिव एवं बिलाईगढ़ विधायक चन्द्रदेव राय ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर चंद्रदेव राय ने प्याऊ केंद्र खोले जाने पर खुशी जाहिर करते कहा कि प्यासे को पानी पिलाना एक पूण्य कार्य है। भारत स्काउट्स गाइड्स द्वारा प्याऊ केंद्र संचालित करने का जो कार्य किया गया वह काफी प्रशंसनीय है। सरसीवां में पेन्ड्रावन चौक के पास, गाताडीह में सोहागपुर मोड़ पर, घरजरा में लक्ष्मी होटल के पास एवं मोहतरा में सरपंच घर के सामने प्याऊ केंद्र खोले गए हैं। इन प्याऊ केंद्रों में शहीद विवेक शुक्ला शाउमावि विद्यालय सरसीवां, कन्या शाला सरसीवां हायर सेकेंडरी स्कूल गाताडीह, घरजरा एवं मिडिल स्कूल मोहतरा सहित आसपास के स्काउट्स एवं गाइड्स सेवा देंगे। ग्राम घरजरा में शीतल पेयजल के लिए हायर सेकेंडरी स्कूल घरजरा द्वारा वाटर कूलर प्रदान की गई है। इसके लिए स्थानीय संघ ने आभार व्यक्त किया है। उद्घाटन अवसर पर जनपद पंचायत बिलाईगढ़ उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल सरसीवां ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पंकज चंद्रा, बिलाईगढ़ तहसीलदार एबीओ द्वय डीपी सोनी एवं आरके भोई, विखं सचिव आरएस सरदार सरसीवां प्राचार्य बीएल कुर्रे, घरजरा प्राचार्य पवन दीवान स्काउटर पूनम सिंह साहू, रोवर लीडर कमलेश साहू, श्याम कुमार साहू, गाइडर मीना जांगड़े, उमेश कुमार जांगड़े, जेपी रात्रे, आर के मनहर, रोवर ललित साहू, शैलेन्द्र, अनुज, यशवंत, साहिल भारती, सूरज, रेंजर लक्ष्मी निराला, सिमरन, सीता, श्वेता, नीतू, पूनम सहित बड़ी संख्या में स्काउट्स-गाइड्स, बिलाईगढ़ विखं के अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# प्रविण्य सूची में मिनाक्षी प्रधान ने बनाया स्थान



पायनियर संवाददाता ◀ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (10वीं) की प्रविण्य सूची में आए सरायपाली अंचल के प्रतिभाशाली छात्राएं, जिसमें मिनाक्षी प्रधान पिता अनिल प्रधान 98प्र.,(3रा रेंक), केजी कॉन्वेंट स्कूल नैंसी पटेल पिता खिरसागर पटेल 97.वां रेंक) एकलव्य स्कूल अर्जुंडा भवानी पटेल पिता सुग्रीवर पटेल 97प्र (9वां रेंक) शास. हाई मोहंदा प्राची भोई पिता ललित भोई 96.83% (10वां रेंक) एकलव्य अर्जुंडा महक अग्रवाल पिता नवीन अग्रवाल 96.83त्न(10वां रेंक) इवास वुडलेंड स्कूल को सरायपाली विधानसभा अंचल के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य श्याम तांडी ने सभी छात्राओं से उनके घर पहुँच कर मिठाई खिला कर अंचल को गौरवान्वित करने के लिए बधाई एवम शुभकामनायें देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की ।

## स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो रहा है सुविधाओं में लगातार विस्तार

# जिला हॉस्पिटल में डायलिसिस के बाद अब मरीजों के लिए होगी लिफ्ट की व्यवस्था

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डोमन सिंह ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुविधाओं का विस्तार करते हुए जिला हॉस्पिटल बलौदाबाजार में मरीजों के लिए 23 लाख 20 हजार रूपये की आधुनिकतम लिफ्ट लगाने की कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई है। जिससे बुर्जुग मरीजों को उपर चढ़ने-उतरने में जरा भी तकलीफनहीं होगी। साथ ही उन्होनें समय सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यो की विस्तृत समीक्षा की है। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को समय सीमा के भीतर कार्य करने के निर्देश दिए है। उन्होनें कहा कि भीषण गर्मी में आम नागरिकों को पेयजल की उपलब्धता सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है। इस कार्य में किसी भी प्रकार लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। संबंधित अधिकारी एवं विभिन्न स्थानीय प्रशासन के अधिकारी आम नागरिकों को पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में मुख्यमंत्री का जिले में भ्रमण तय है। इस दृष्टि से शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले योजनाओं का क्रियान्वयन शत प्रतिशत हो उसकी जिम्मेदारी सम्बंधित जिला अधिकारियों की होती है। इस कार्य मे जरा भी लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। साथ ही उन्होंने राज्य शासन की फ्लैगशिप योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पंहुचाने के निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना एवं फसल परिवर्तन में तेजी एवं गौठानो को अधिक सशक्त करनें के निर्देश दिए है। उन्होंने मुख्यमंत्री शहरी स्वास्थ्य स्लम योजना,पौनी पसारी,धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर, सुराजी गांव योजना,गौधन न्याय योजना,राजीव गांधी किसान न्याय योजना एवं उनका विस्तार,मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान,महतारी दुलार योजना,वन अधिकार पत्र वितरण जैसे अन्य योजनाओं का विस्तृत समीक्षा किए। उन्होंने कहा कि गौठानो को ग्रामीण आजीविका का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए है। हमें इस हिसाब से भविष्य की योजना बनाकर समय सीमा के भीतर क्रियान्वयन करना होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री आगमन की दृष्टि से जिला अधिकारियों के बीच कार्य का विभाजन कर जिम्मेदारी दी गयी है। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा लगातार क्षेत्र का निरीक्षण किया जा रहा है। जहां पर आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिए जा रहे है ऐसे निदेशी का पालन सम्बंधित विभाग के अधिकारी सुनिश्चित करैंगे।

उन्होंने इस दौरान सीमार्ट में विक्रय बढ़ाने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा किए है। साथ ही सभी जिला अधिकारियों को अपने अपने स्तर में जनचौपाल लगाकर आवेदनों को निराकरण करने के निर्देश दिए गए है। बैठक में पंचायत विभाग के अधिकारियों को गौठान में बेहतर व्यवस्था एवं राजस्व अधिकारियों को समय सीमा के भीतर आवेदनो को निराकरण करनें कहा गया है। उक्त बैठक में सभी जनपदों से ऑनलाइन माध्यम से सभी एसडीएम, सीईओ एवं अन्य विभागों के अधिकारी गण जुड़े हुए थे। बैठक में अपर कलेक्टर राजेंद्र गुप्ता,जिला पंचायत सीईओ डॉ फरिहा आलम सिद्की, डीएफओ के.आर. बढ़ई सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने ग्राम बैजना व मद्कू में लगाई चौपाल, ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान पथरिया विकासखण्ड के ग्राम बैजना ग्राम मद्कू पहुंचे और उन्होंने ग्राम बैजना में नीम के पेड़ और ग्राम मद्कू में गुलमोहर पेड़ के नीचे बैठकर चौपाल लगाई। उन्होंने चौपाल में ग्रामीणों की नागरिक केन्द्रित सेवाओं यथा पेयजल, बिजली, राशन, पेंशन, सड़क, आवास, राजस्व प्रकरण आदि से संबंधित समस्याओं को गंभीरता से सुना और समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. सिह ने कहा कि ग्राम के विकास में ग्रामीणजनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। छोटी-छोटी समस्याओं का निराकरण ग्राम पंचायत के माध्यम से ग्रामसभा की बैठक में किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ग्रामसभा की बैठक में ज्यादा से ज्यादा लोग शामिल होकर ग्राम के विकास के संबंध में चर्चा करें और महत्वपूर्ण निर्णय लेकर ग्राम के विकास में भागीदार बने। कलेक्टर डॉ सिंह ने जनचौपाल में ग्राम बैजना के ग्रामीणों की मांग पर ग्राम बैजना से खम्हरिया मार्ग पर स्थित बिरना नाला में पुल निर्माण हेतु कार्ययोजना बनाने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। इससे आमजनों को आवागमन में सुविधा होगी। बैठक में उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत मद्कू क्षेत्र के 34 ग्रामों के लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए मद्कू समूह जल प्रदाय योजना बनाई गई है। इस योजना के तहत 43 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस योजना के पूर्ण हो जाने पर 34 ग्रामों के लोगों को पाईपलाईन के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगी। तत्पश्चात् उन्होंने ग्राम बैजना में शासन की महत्वाकांक्षी सुराजी ग्राम योजना के तहत निर्मित गौठान में वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, आजीविकामूलक गतिविधि, चारागाह, बाड़ी विकास के कार्य का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने प्राथमिक शाला भवन बैजना के निरीक्षण के दौरान नए सत्र में स्कूल प्रारंभ होने के पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी तरह कलेक्टर डॉ. सिंह ने ग्राम मद्कू में स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान के निरीक्षण के दौरान खाद्यान्न का भण्डारण, वितरण, राशन कार्ड धारकों की संख्या आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की और हितग्राहियों को निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न सामाग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी. एस. राजपूत, पथरिया एस.डी.एम. श्रीमती प्रिया गोयल सहित संबंधित विभाग के अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

## आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो : कलेक्टर डॉ. सिंह



**मुंगेली।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने पथरिया विकासखण्ड के ग्राम धरदेई में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर एवं नगर पंचायत सरगांव में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जाएजा लिया। उन्होंने वहां ओपीडी कक्ष, प्रसव कक्ष, प्रसव की संख्या, औषधि भण्डार कक्ष, शौचालय, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, आवश्यक मेडिकल उपकरण एवं किट की उपलब्धता आदि की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसमें किसी भी प्रकार की समझौता नहीं की जाएगी। उन्होंने आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसी तारतम्य में उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सरगांव को सभी प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाओं से लैस करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने वहां उपस्थित ग्रामीणों से चर्चा कर स्वास्थ्य केन्द्रों में मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

# शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए संभागायुक्त ने दिया मार्गदर्शन



पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्ट्रेट सभागृह में संभागायुक्त महादेव कावरे की अध्यक्षता में सभी विभागों के विभागाध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया था। आज की इस मीटिंग में संभागायुक्त ने भीषण गर्मी को देखते हुए नगरी निकाय और स्वास्थ्य विभाग को एक्टिव रहने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्तमान जल प्रदाय व्यवस्था पर सतत मॉनिटरिंग के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को अलर्ट रहने और सभी नगरीय वार्डों को टैंकर मुक्त करने के लिए कहा। उन्होंने बैठक में कुछ विशेष बिन्दुओं पे चर्चा की। इसमें ग्रामीणों को वृद्धा व अन्य पेंशन भी न मिल पाना भी शामिल था। इसके लिए उन्होंने ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर लगाने की बात कहीं। और खाते को आधार के साथ लिंक करने के लिए कहा ताकि ग्रामीणों को डीबीटी का बेनिफिट बिना किसी बाधा के मिल सके। गर्मी में ओवरलोडिंग के समस्या के चलते विभिन्न स्थलों पर बिजली से संबंधित समस्यायें आ रही है। और कई जगह नगरिकों को सरकार की हॉफ बिजली योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है इसके लिए उन्होंने सीएसपीडीसीएल के संबंधित अधिकारियों को शिविर लगाकर समस्या के निराकरण करने के लिए कहा।उन्होंने अधिकारियों सलाह दी कि वे चेक पांइट बनायें, जिससे की डबल बिजली बिल के मामले न आये। इसके अलावा उन्होंने शासन की प्रमुख योजनाओं का लाभ हितग्राही के पास सुलभ तरीके से कैसे पहुंचे इसके लिए अधिकारियों को पारदर्शिता बरतने के लिए कहा। विभिन्न गौठानों में स्वसहायता सर्मह की महिलाओं को उनके कार्यों का भुगतान तुरंत हो, उसके लिए उचित व्यवस्था निर्मित की जायें। उन्होंने गौठानों में ज्यादा से ज्यादा रोजगार उन्मुख कार्य किया जायें इस बात पर जोर दिया। उन्होंने गौठानों को सोलर उपकरणों के माध्यम से ईकोफ्रेडली दिशा में बढ़ाने के लिए जोर दिया। उन्होंने गौठानों में मछली पालन, नर्सरी कार्य, मुर्गी पालन के साथ साथ एलईडी बल्ब और गोबर से लॉग बनाने जैसी दिशा में कार्य करने के लिए संबंधित अधिकारियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने सरकारी योजनाओं के लिए एक ऐसा ईको स्टिम बनाने के लिए कहा जिससे उन्हें बाहरी मार्केट पर आश्रित न होना पड़े। इसके लिए उन्होंने बाड़ी में उत्पादित होने वाले सब्जी का उपयोग मध्यान भोजन और आंगनबाड़ी में करने के लिए कहा। जब उन्हें ज्ञात हुआ कि जिले के 185 गौठानों मे 3 से ज्यादा एक्टीविटी चल रही है तो उन्होंने अपनी प्रसन्नंता भी जाहिर की। संभागायुक्त महादेव कावरे ने आने वाली खरीफ की फसल को लेकर भी विशेष चर्चा की जिसमें उन्होंने गौठानों में वर्मी कंपोस्ट खाद के उत्पादन को बढ़ाने के लिए कहा ताकि जिले के किसान इस पर आश्रित न रहें। उन्होंने किसानों को फसल विविधता के लिए संबंधित अधिकारियों को प्रेरित करनें के लिए कहा ताकि किसान शासन की योजनाओं का हिस्सा बन सके और अपनी फसल के लिए उचित मल्य प्राप्त कर सके। प्रशासन का उद्देश्य केवल और केवल अंतिम हितग्राही तक पहुंचना होता है।

# लोड अनुरूप ट्रांसफार्मर की क्षमताओं का किया जाएगा विस्तार : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com



बिजली संबंधित समस्याओं को लेकर विद्युत विभाग के अधिकारी एवं अभियंताओं के साथ कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने बैठक का आयोजन किया। बैठक में विद्युत व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें लो वोल्टेज से लेकर ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने को लेकर समीक्षा हुई। कलेक्टर ने इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों को गर्मी और आने वाले बारिश के मौसम को ध्यान में रखकर व्यवस्था को दुरूस्त करने की बात कही। गर्मी में आम नागरिकों को लो-वोल्टेज और पावर कट जैसे समस्याओं का सामना न करना पड़े इसके लिए उन्होंने सतत् मॉनिटरिंग की बात कही। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि लगातार आ रही बिजली से संबंधित समस्याओं को लेकर निकट भविष्य में कमी आनी चाहिए और ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली व्यवस्था दुरुस्त होनी चाहिए। मीटिंग में उन्होंने जन चौपालों में आ रही बिजली संबंधित प्रकरणों के निराकरण त्वरित किए जाएं, इस बात पर भी जोर देने के लिए कहा। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग ने बताया कि चार नए सब स्टेशनों का कार्य मे?सर, झीट, कुगदा, जामगॉव में किया जा चुका है और तेलीगुंडरा में आगामी कार्य करने के निर्देश है। उन्होंने चरौदा, छावनी, हथखोज, बघेरा और बोरसी में लोड अनुरूप अतिरिक्त ट्रांफार्मर के कार्य पूर्ण होने की बात भी कही और बताया कि छावनी में ट्रांसफार्मर का कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि विद्युत आपूर्ति में कोई व्यवधान हो तो इसे तत्काल दूर करने के लिए विभाग द्वारा कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। कार्यालय में स्थित कंट्रोल रूम के लिए टोल फ्री नंबर भी जारी किया गया है।

# श्रमिकों के सहायता राशि में हुई वृद्धि

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन एवं प्रशासन के द्वारा निरंतर ही श्रमिकों के सहायता एवं विकास हेतु विभिन्न योजनाओं का संचालन कर अधिक से अधिक संख्या में लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। शासन द्वारा निर्माण श्रमिकों के पंजीयन को निःशुल्क करते हुये पंजीयन कराने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। पंजीयन श्रमिकों को मिलने वाली सहायता राशि में वृद्धि की गई है। शासन द्वारा श्रमिकों के मृत्यु पर क्रमशः 5 एवं 30 हजार की राशि में वृद्धि करते हुये वर्तमान में संगठित एवं असंगठित मंडल के तहत 1.00 लाख की राशि एकमुश्त प्रदाय की जाएगी। शासन द्वारा श्रमिक महिलाओं को बढ़ावा देने हेतु प्रसुति योजना के तहत प्रदाय की जा रही राशि को 10 हजार से बढ़ाकर 20 हजार किया गया है। शासन द्वारा श्रमिकों के पुत्रियों को छात्रवृत्ति राशि के अलावा 18 वर्ष पूर्ण होने पर शिक्षा में सहायता हेतु 20 हजार रूपये की राशि एकमुश्त प्रदाय की जा रही है। 1 मई 2022 को आयोजित राज्य स्तरीय श्रमिक सम्मेलन में मुख्यमंत्री द्वारा मुख्यमंत्री ई-रिक्शा सहायता योजना के तहत प्रदाय की जा रही अनुदान राशि को 50 हजार से बढ़ाकर 1.00 लाख किया गया है तथा साथ ही निर्माणी श्रमिक जिनकी आयु 60 वर्ष पूर्ण होने वाली है, वरिष्ठ श्रमिकों को आर्थिक सहायता प्रदान करते हुये 10 हजार रूपये की राशि प्रदान किये जाने की घोषणा की गई है।

# पाटेश्वरधाम को अपवित्र करने वालों पर कार्रवाई की मांग, राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता ◂ थानखम्हरिया
www.dailypioneer.com



पाटेश्वरधाम एवं महंत रामबालकदासजी की सर्वसमाज में मान्यता को न पचाकर इनकी प्रतिष्ठा और अस्मिता को चोट पहुँचाने वाले अधर्मियों पर सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर श्रद्धालुओं ने महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन स्थानीय तहसीलदार को सौंपा। बालोद प्रशासन मुदार्बाद, सरकार की तानाशाही नहीं चलेगी नहीं चलेगी, जय जय राम का उद्घोष करते हुये श्रद्धालुओं ने स्थानीय जमात मंदिर से तहसील कार्यालय तक पैदल मार्च कर महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन तहसीलदार हेमंत पैकरा को सौंपा।

ज्ञापन सौंपते हुये जमात मंदिर के महंत बसंतबिहारीदासजी ने कहा कि देवस्थलों तथा साधु संतों पर अभद्र टिप्पणियॉ आहत कर रही हैं। राष्ट्र, समाज तथा धर्म को जागृत करने वाले संतों को निशाना बनाया जाना निंदनीय है। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने कहा कि जब से यह सरकार सत्तारूढ़ हुयी है सनातनियों के श्रद्धास्थलों, साधु संतों को प्रताड़ित किया जा रहा है। पाटेश्वरधाम छत्तीसगढ़ के एक प्रमुख तीर्थ का स्थान लेने जा रहा है तथा संत रामबालकदास जी विभिन्न समाज के बीच की दीरियों को कम कर सामाजिक समरसता का भाव जागृत कर रहे हैं जो विधर्मियों को रास नहीं आ रहा है। ऐसे तत्व सनातन धर्म को खण्डित करने की दीषित मंशा रखते हैं। विहिप गोरक्षा विभाग के जिलाध्यक्ष अनिल सिंघानिया ने पाटेश्वरधाम में एक मई को घटित घटना पर रोष जताते हुये कहा कि हमारे सब्र की परीक्षा न ली जाये। हम भक्तों के शांत स्वभाव को हमारी कमजोरी मानने की भर्ल न की जाये। यदि शासन प्रशासन की ओर से असामाजिक तत्वों पर कठोर कार्रवाई न की गयी तो हम उग्र आंदोलन करने बाध्य होंगे। इस अवसर पर संत हरिदास, पुरूषोत्तम अग्रवाल, मुकेश सिंघानिया, राजेश ठाकुर, र्परन कश्यप, जितेन्द्र साहू, तुलाराम साहू, सुशील साहू, अर्जुन सिन्हा, कुश कश्यप आदि श्रद्धालु उपस्थित थे।

# नेवई बस्ती में बनेगी 19 लाख की सड़क प्रदेश महामंत्री व महापौर ने किया भूमिपूजन



पायनियर संवाददाता ◂ रिसाली
www.dailypioneer.com

नेवई बस्ती वार्ड 33 में 19 लाख की लागत से सीसी रोड व टाउनशिप क्षेत्र वार्ड 11 मरोदा सेक्टर में बैडमिंटन कोर्ट 3 लाख की लागत से बनाया जाएगा। मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री जितेन्द्र साहू, महापौर शशि सिन्हा व सभापति केशव बंछोर ने र्भमिर्पजन किया।

महापौर शशि सिन्हा ने कहा कि निगम गठन के र्पव क्षेत्र में विकास कार्य र्शन्य था। वर्तमान में गृहमंत्री के मार्गदर्शन में रिसाली नया आयाम गढ़ रहा है। पीसीसी महामंत्री व महापौर ने र्पजा अर्चना कर वार्ड 33 नेवई बस्ती र्पव में 19 लाख के लागत से सीसी रोड बनाने र्भमिर्पजन किया। वही मरोदा सेक्टर वार्ड 11 में बैडमिंटन कोर्ट बनाने नारियल तोड़ा गया। इस अवसर पर पार्षद व एमआईसी सद्स्य परमेश्वर, विलास राव बोरकर, सनीर साहू समेत जानकी रमैय्या, अजय मिश्रा, मुकेश साहू, राजेश ठाकुर, र्भपेन्द्र बेलचंदन, शत्रुहन धनकर आदि उपस्थित थे।

# शासकीय अधिवक्ताओं का प्रतिनिधि मण्डल मिला मोहम्मद अकबर से



**कवर्धा।** प्रदेश के विधि-विधायी कार्य मंत्री मोहम्मद अकबर से उनके शंकर नगर स्थित निवास कार्यालय में शासकीय अधिवक्ताओं के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। उन्होंने शासकीय अधिवक्ताओं के मानदेय में बढ़ोत्तरी के लिए पहल करने पर विधि-विधायी कार्य मंत्री का अभिनंदन कर उन्हें प्रतीक चिन्ह देकर उनका सम्मान किया। शासकीय अधिवक्ताओं के मानदेय में 12 वर्षों में बढ़ोत्तरी हुई है। शासकीय अधिवक्ताओं ने मानदेय में बढ़ोत्तरी के लिए पूर्व में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सम्मानित किया था। लोक अभियोजक, रायपुर, के.के. शुक्ला के नेतृत्व में आज शासकीय अधिवक्ताओं का प्रतिनिधि मंडल विधि मंत्री से मिला। मानदेय बढ़ोत्तरी की पहल करने पर उन्होंने विधि-विधायी मंत्री मोहम्मद अकबर का आभार व्यक्त कर उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट किया। शासकीय अधिवक्ताओं के प्रतिनिधि मण्डल में के.के. शुक्ला, आदित्य झा, मनोज वर्मा, राघवेन्द्र सिंह, अरविन्द सिंह चीमा, विजय भोई, विजय लांजे, मोहन साहू, हामिद हुसैन, यास्मिन बेगम, शमीम परवीन, मौरिसा नायडू इत्यादि शामिल थे।

# शाखा प्रबंधक की कार्यशैली से उपभोक्ता परेशान

पायनियर संवाददाता ◂ थानखम्हरिया
www.dailypioneer.com




स्थानीय छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक की कार्यशैली से बैंक के उपभोक्ता हलाकान हैं। उच्चाधिकारियों को शिकायत के बावर्जद शाखा प्रबंधक पर कार्रवाई न होने से बैंक के ग्राहकों में रोष बढ़ता जा रहा है। शाखा प्रबंधक दिनेश कुमार जब से यहॉ नियुक्त हुये हैं तब से उनकी अमर्यादित कार्यशैली को लेकर उपभोक्ता खासे परेशान हैं, उनसे आए दिन उपभोक्ताओं की बहस होती रहती हैं। वे बेमेतरा से आना जाना करते हैं अनेक बार देर से पहुँचते हैं तथा निर्धारित समय से र्पव चले जाते हैं। यहॉं आने के बाद कई बार कार्यालय से गायब रहते हैं। स्थल निरीक्षण, वर्सली एवं अन्य कार्यों के बहाने कार्यालय छोड़कर चले जाते हैं जिससे उपभोक्ताओं को काफी परेशानी होती है। बैकिंग अवधि में ही नशे की हालत में रहते हैं तथा कई बार वे इसी स्थिति में बैंक में ही सो जाते हैं। एक बैंक हितग्राही ने बताया कि पात्र लोगों को बेवजह घुमाया जाता है, और मोटे रकम का रिश्वत मांगने की शिकायत आये दिन ग्राहक द्वारा सुनने को मिलता हैं, शाखा प्रबंधक पर लोन के नाम पर कमीशन लेने की अनेक शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। ग्राहकों को लोन देने के नाम पर फजीर्वाड़ा की भी आशंका है। अनेक लोनदार महिनों से बैंक के चक्कर काट रहे हैं। ऐसी भी शिकायत मिली है कि व्यापार के लिये लोन लेने वालों के दुकान या व्यापार की पतासाजी की जाये तो अनेक धरातल में ही नहीं मिलेंगे,फर्जी कोटेशन व जाली बिल आदि के आधार पर अपात्र लोगों को लोन दिया जा रहा है। अनेक डिफाल्टरों को लोन के लिये बैंक का चक्कर काटते देखा जा सकता है। लोन दिलाने के नाम पर दलाल भी सक्रिय हैं जो बैंक के आसपास मण्डराते रहते हैं। शाखा प्रबंधक की इन हरकतों से बैंक के ग्राहक परेशान हैं। उच्चाधिकारियों से शिकायत के बावर्जद न ही प्रबंधक पर कोई कार्रवाई की गयी है,जिससे बैंक ग्राहकों में भारी गुस्सा व्याप्त है और न ही सेवा में कोई सुधार आ रहा है जिससे बैंक के ग्राहकों का ग्राफ गिर सकता है।

# अब हर गुरुवार सियान जतन

**कवर्धा।** आयुष विभाग की सभी संस्थाओं द्वारा अब हर गुरुवार को 60 वर्ष से अधिक के नागरिकों के लिए विशेष क्लीनिक का आयोजन किया जाएगा। कवर्धा में जिला अस्पताल स्थित आयुषविंग में आयुर्वेद पद्धति से तथा पुराने अस्पताल परिसर स्थित आयुष पॉली क्लिनिक में होमियोपैथी पद्धति से रोगियों का इलाज कर निःशुल्क औषधियाँ प्रदान की जायेगीं। पिछले माह से चुने हुए संस्थाओं में प्रारंभ हुए सियान जतन कार्यक्रम को मिली अच्छी सफलता से अब इसे सभी संस्थाओं एवं डिस्पेंसरीयों में प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। जिले की सभी 23 संस्थाओं में प्रत्येक गुरुवार को वृद्ध जनों को यह सुविधा मिलेगी।

## श्रमिक बाहुल्य जोरातराई में लगा शिविर

# सत्तर साल की महिला को तीन साल बाद फिर से मिलने लगेगा पेंशन

पायनियर संवाददाता ◂ रिसाली
www.dailypioneer.com

श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र जोरातराई में 70 वर्षीय वृद्धा को तीन साल बाद फिर से पेंशन मिलना शुरू होगा। निदान 40 शिविर स्थल पहुंची वृद्धा की फरियाद सुनते ही अधिकारी ने तत्परता दिखाई और समस्या का निदान किया। शिविर का जायजा लेने महापौर शशि अशोक सिन्हा, सभापति केशव बंछोर समेत एमआईसी सद्स्य व क्षेत्रीय पार्षद उपस्थित थे। नगर पालिक निगम रिसाली के आयुक्त आशीष देवांगन शासन की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने और बुनियादी सुविधाओं के अभावग्रस्त लोगों को लाभ पहुंचाने वार्ड वार शिविर का आयोजन कर रहे है। निगम मुख्यालय के अंतिम छोर पर बसे जोरातराई निवासी पीरोबती मांझी के आवेदन पर अधिकारियों ने त्वरित कार्यवाही की। उसे तीन वर्ष से पेंशन नहीं मिल रहा था।

जनसमस्या का निदान करने लगाए शिविर में वैसे तो 190 लोगों ने अलग-अलग समस्या को लेकर आवेदन सौंपा। इन्ही आवेदनों में से 105 का मौके पर निराकरण किया गया। शिविर में महापौर परिषद के सद्स्य विलास राव बोरकर, अनूप डे, चन्द्रभान ठाकुर, परमेश्वर, सनीर साहू, ईश्वरी साहू, पार्षद डॉ. सीमा साहू व हरिशचन्द्र, कार्यपालन अभियंता सुशील बाबर समेत निगम के अधिकारी-कर्मचारी विशेष रूप से उपस्थित थे।

### सर्वाधिक लाभ राशन कार्ड धारियों को

शिविर का मुख्य उद्देश्य राशन कार्ड सुधार, आधार कार्ड व पेंशन प्रकरणों का अधिक से अधिक निराकरण करना है। निगम के अधिकारी कर्मचारी मौके पर ही खाद्य विभाग के अधिकारियों की मदद से राशन कार्ड में नाम विलोपन, नाम जोड़ना, त्रुटिपूर्ण नामों को सही करने का कार्य कर रहे है। मंगलवार को शिविर में 39 राशन कार्डधारियों की समस्याओं का निराकरण किया गया।

### एक नजर आवेदनों पर

| | प्राप्त | निराकरण |
|---|---|---|
| राशनकार्ड | 61 | 39 |
| पेंशन | 13 | 09 |
| नए नल कनेक्शन | 09 - | |
| सफाई व्यवस्था | 01 | 01 |
| प्रधानमंत्री आवास | 05 | 05 |
| नामंतरण | 02 | 02 |
| निर्माण कार्य | 10 | 10 |
| आधार पंजीयन | 55 | 41 |

**राजस्व वसूली भी**

नगर पालिक निगम शिविर में राजस्व वसूली भी कर रहे है। वर्ष 2016-17 से बकाया राशि की वसूली की गई। शिविर स्थल में 14 हजार 500 रूपए संपतिकर वसूला गया।

# पुत्रियों का नाम राशनकार्ड में जोड़ने, जनदर्शन में आवेदन

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टोरेट में सप्ताह में दो दिवसीय संचालित हो रहे जनदर्शन में नागरिक अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए लगातार दस्तक दे रहे हैं। इसी कड़ी में राशन कार्ड में अपनी लड़कियों का नाम जुड़वाने के लिए आवेदक कलेक्टर के पास आवेदन लेकर पहुंचा था। जिसमें आवेदक ने बताया कि नगर निगम दुर्ग में परिवार के व्यक्तियों का नाम राशन कार्ड में जुड़वाने के लिए उसे आधार कार्ड के साथ नगर निगम ऑफिस में जमा किया गया था। बंटू परिवार में उसकी दोनों लड़कियों का नाम राशन कार्ड में अभी तक नहीं जुड़ पाया है, जिसके चलते परिवार के केवल एक ही व्यक्ति के नाम पर राशन मिलता है, जिसे आज की महंगाई की स्थिति में उसके परिवार को अपना भरण-पोषण करने में कई दिक्कतों से गुजरना पड़ रहा है। आवेदक ने अपनी दोनों पुत्रियों का नाम राशन कार्ड में जोड़ने के लिए कलेक्टर से निवेदन किया। कलेक्टर ने उचित कार्यवाही के लिए संबंधित अधिकारी को प्रकरण प्रेषित किया। इसके अलावा एक आवेदन ग्राम पंचायत भोथली से कलेक्टर के समक्ष पहुंचा था। आवेदक ने यह आवेदन खरखरा नदी में एनीकट निर्माण के लिए दिया था। आवेदक ने बताया कि उसका गांव खरखारा नदी के किनारे बसा हुआ है फिर भी उन्हें गर्मी के दिनों में पानी की समस्या से जूझना पड़ता है। गांव के लोग खेती किसानी के साथ-साथ गौठान में बाड़ी के कार्यों में भी सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। कृषि कार्य और सरकारी योजनाओं में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न ना हो इसके लिए उनके गांव को पानी की आवश्यकता है। इसलिए जनहित को देखते हुए ग्रामवासियों ने कलेक्टर को आवेदन दिया है।

संपादकीय

# बदलती दुनिया भारत की तटस्थता

**दुनिया** भर में तथाकथित 'तटस्थ' देशों की संख्या घटती जा रही है। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद से दुनिया में काफी उलटफेर वाली स्थिति है। राष्ट्रों के परस्पर व्यवहार तथा स्वयं को सुरक्षित रखने के राजनीतिक सिद्धान्तों में भी परिवर्तन आ रहा है। यह संकट समाप्त होने तक दुनिया में यह अवधारणा एकदम बदलने की संभावना है कि देशों को अलग-अलग या समूह के रूप में एक-दूसरे के साथ कैसे व्यवहार करना चाहिए। इस टकराव ने दुनिया का ध्यान भारत तथा उसके द्वारा रूस की निन्दा न करने के दृष्टिकोण की ओर खींचा है। कई सप्ताह तक पश्चिम ने भारत पर अपना दृष्टिकोण बदलने के लिए दबाव डाला और इसके लिए राहतों के प्रस्ताव के साथ परोक्ष रूप से धमकियां भी दीं। लेकिन भारत अपने दृष्टिकोण से जरा भी विचलित नहीं हुआ। उसने संयुक्त राष्ट्रसंघ के उन प्रस्तावों पर मतदान में भाग नहीं लिया जिनमें रूस की भारी निन्दा की गई थी। इसके साथ ही भारत ने यूक्रेन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के उसके अधिकार का सम्मान किया। उसने इस देश को चिकित्सकीय व अन्य सहायता भेजी तथा भेज रहा है। यह समझने के लिए काफी कुछ लिखा गया कि भारत ने रूस के साथ दीर्घकालीन मैत्री का सम्मान किया तथा इसके साथ ही वह क्वाड में अमेरिका का सहयोगी रहा, ब्रिक्स में उसने चीन को सहन किया तथा जी-7 शिखर सम्मेलन में अतिथि बनाने के लिए यूरोप का धन्यवाद दिया। कहा जाता है कि भारत ने गुटनिरपेक्षता के नेहरूवादी दृष्टिकोण को छोड़ कर वर्तमान बहु-ध्रुवीय माडल अपनाया है। अपना राष्ट्रीय स्तर बदलने वाला नवीनतम देश फिनलैंड है और इसके बाद स्वीडेन का नंबर आता है। ये देश दशकों से प्रतिबद्ध रूप से तटस्थ रहे हैं, लेकिन अब नाटो में शामिल होना चाहते हैं क्योंकि रूस उनको असुरक्षित कर रहा है। उनकी उपस्थिति से नाटो व प्रकारान्तर से अमेरिका के हौसले बढ़े हैं। लेकिन हम इस दिशा में नहीं जा रहे हैं। फिनलैंड की रूस के साथ लंबी सीमा है और अतीत में पूर्व कम्युनिस्ट देश के साथ उसके संबंध असहज रहे हैं। एक सीमा तक यूक्रेन पर हमले को फिनलैंड द्वारा अपनी तटस्थता छोड़ने का उचित कारण कहा जा सकता है। फिनलैंड व स्वीडेन के नाटो में शामिल होने के बाद से यूरोप में 'तटस्थ' देशों की संख्या घटी है। अन्य देश भी अपनी तटस्थ स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। यूरोप का सर्वाधिक लोकप्रिय तटस्थ देश स्विटजरलैंड इस बात पर विचार कर रहा है कि रूस के खिलाऊ यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों का समर्थन करने के बाद वह स्वयं को तटस्थ कैसे कह सकता है। उसकी घटती तटस्थता आने वाले दिनों में यूरोपीय राजनीति को झकझोर देगी। आयरलैंड ने रूस के खिलाफ प्रतिबंधों का समर्थन किया है, पर वह सैनिक रूप से तटस्थ है और उसने यूक्रेन को केवल गैर-आयुध सहायता भेजी है। माल्टा, आस्ट्रिया और साइप्रस अब भी अपनी तटस्थता का मूल्यांकन कर रहे हैं। यूरोप ने सबसे पहले राजनीति और अर्थनीति के बीच संबंधों पर गौर किया जिससे यह जागरूकता पैदा हुई कि नाटो जैसे सैनिक गठबंधन उसकी सामूहिक सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। लेकिन सभी तटस्थ देशों ने यह अवधारणा स्वीकार नहीं की। कुछ देशों ने यूरोपियन इकोनोमिक कम्युनिटी-ईईसी में शामिल होने से इनकार कर दिया क्योंकि इससे उनकी तटस्थ स्थिति कमजोर होती थी। आयरलैंड ने इस तर्क के साथ समूह में शामिल होने का निर्णय किया कि इसके परिणामस्वरूप मिलने वाली आर्थिक समृद्धि से तटस्थता को कोई खतरा नहीं पैदा होगा। स्पेन इस विश्वास से नाटो व ईईसी, दोनों में शामिल हुआ कि वह ईईसी से आर्थिक लाभ उठा कर नाटो में शामिल होने का खामियाजा चुका सकता है। लेकिन तत्कालीन सोवियत खतरे ने कभी उनके निर्णयों को प्रभावित नहीं किया। यह स्थिति वर्तमान समय में फिनलैंड के उलट है। उसे रूसी खतरे से अधिक अपनी बुढ़ाती जनसंख्या तथा घटते निर्यात आंकड़ों को देखते हुए अपना कल्याणकारी राज्य माडल बनाए रखने की चिन्ता है। केवल आने वाला समय ही बताएगा कि क्या नाटो में शामिल होने के बाद फिनलैंड की गैर-सुरक्षा समस्याओं का कोई समाधान सामने आएगा?

# खाद्यान्न नीति और सब्सिडी सुधार

## चोरी रोकने पर भी काफी बचत की संभावना है। लेकिन सस्ती कीमतों पर खाद्यान्न सप्लाई की वर्तमान व्यवस्था में यह संभव नहीं है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना-पीएमजीकेवाई का विस्तार 6 महीने और बढ़ा कर इसे 30 सितंबर, 2022 तक कर दिया है। यह योजना अप्रैल, 2020 से चल रही है और इसके पांचवें चरण की समाप्ति 31 मार्च, 2022 को हुई। पहले पांच चरण में इस पर 2,60,000 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। अप्रैल-सितंबर, 2022 तक इसके लिए 80,000 करोड़ रुपये और खर्च होंगे। सवाल है कि क्या इसका विस्तार करना उचित है? मार्च, 2020 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इसकी घोषणा की थी। उस समय कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण लोगों की आर्थिक गतिविधियों में व्यापक व्यवधान पैदा हुआ था जिससे उनके रोजगार छिने थे तथा आमदनी प्रभावित हुई थी। इस योजना के अंतर्गत सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली-पीडीएस के माध्यम से 800 मिलियन लोगों का प्रति व्यक्ति पांच किलो चावल या गेंहू प्रति माह 'मुफ्त' दे रही है। इसके साथ ही प्रति परिवार को एक किलो दाल भी 'मुफ्त' दी जा रही थी।

इसके अतिरिक्त पहले से ही 800 मिलियन लाभार्थियों को बहुत सस्ती कीमतों पर प्रति व्यक्ति पांच किलो अनाज मिल रहा था। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून-एनएफएसए के अंतर्गत उनको 3 रुपये प्रति किलो चावल, 2 रुपये प्रति किलो गेंहू तथा 1 रुपये प्रति किलो मोटा अनाज मिल रहा था। 30 जून, 2020 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 30 नवंबर, 2020 तक योजना को पांच महीने विस्तार की घोषणा की, हालांकि थोड़ा परिवर्तन कर प्रत्येक परिवार को प्रति माह एक किलो मुफ्त अनाज की व्यवस्था थी। तीसरे दौर में इसका विस्तार चार महीने के लिए 31 मार्च, 2021 तक किया गया। 2021-22 में इस योजना को दो बार और विस्तार मिला जो 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुआ। 2020-21 में आर्थिक गतिविधि पूरे साल बाधित रही तथा पहली दो तिमाहियों में जीडीपी की वृद्धि दर क्रमशः 24.4 प्रतिशत 'नकारात्मक' तथा 7.4 प्रतिशत रही। तीसरी और चौथी तिमाही में सुधार 0.5 व 1.6 प्रतिशत के साथ आंशिक था, जबकि जीडीपी 'नकारात्मक' 6.6 प्रतिशत थी। इसके परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर आय के साधन घटे तथा लोगों की मूल भोजन के रूप में सहायता के लिए पीएमजीकेवाई उचित थी। कोविड की दूसरी विनाशकारी लहर का प्रभाव 2021-22 की पहली दो तिमाहियों में पड़ा तथा बड़े पैमाने पर लोग अस्पतालों में भर्ती हुए व मरे, लेकिन इससे आर्थिक पुनर्जीवन में बाधा नहीं पड़ी।

वास्तव में 2021-22 की पहली और दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 20.3 व 8.5 प्रतिशत रही। तीसरी लहर के बावजूद तीसरी और चौथी तिमाही में वृद्धि दर जारी रही और इस वर्ष के अंत में जीडीपी वृद्धि दर 8.9 प्रतिशत थी। स्पष्ट रूप से 2021-22 आर्थिक पुनर्जीवन का साल था जिससे काम और आमदनी के स्रोत खुले। इसलिए खासकर दूसरी छमाही में सहायता जारी रखने का औचित्य काफी कम था। 2022-23 में अर्थव्यवस्था मजबूती के चरण में प्रवेश कर गई। लेकिन खासकर यूक्रेन संकट के बाद भू-राजनीतिक उथलपुथल ने नकारात्मक प्रभाव पैदा किया। इस कारण पिछले वर्ष हुई 8.9 प्रतिशत वृद्धि दर प्रभावित हो सकती है, हालांकि इससे रोजगार या आमदनी में ज्यादा नुकसान की संभावना नहीं है। इसलिए वर्तमान वर्ष में योजना का विस्तार उचित नहीं कहा जा सकता है। मुफ्त भोजन सप्लाई से खजाने पर भारी बोझ पड़ता है। इस योजना के अंतर्गत खर्च कई गुना बढ़ा है।

किसानों से अधिक दाम पर न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी के अंतर्गत खरीदारी तथा हैंडलिंग व वितरण खर्च-एचडीसी बढ़ने से लाभार्थियों को दिए जाने वाले गुणवत्तापूर्ण अनाज पर सभी 6 चरणों में लगभग 3,40,000 करोड़ रुपये खर्च हुए। पांचवें व छठे चरण का विस्तार न कर सरकार लगभग 1,50,000 करोड़ रुपये बचा सकती थी।

हालांकि, पीएमजीकेवाई में कोविड जैसी असाधारण विपदा के कारण एक बार सब्सिडी दी गई, लेकिन ज्यादा चिन्ता का विषय केन्द्र द्वारा एनएफएसए के अंतर्गत दी जाने वाली सब्सिडी है। इसके अंतर्गत 800 मिलियन लोगों को प्रति माह पांच किलो अनाज 2,3,1 रुपये प्रति किलो पर दिया जाता है जो लगभग मुफ्त है। यह सब्सिडी लगातार देनी पड़ती है। खाद्य सब्सिडी पर खर्च 2019-20 में 2,19,000 करोड़, 2020-21 में 5,25,000 करोड़ तथा 2021-22 में 2,86,000 करोड़ रुपये था। इस प्रकार कुल मिला कर तीन साल में इस पर 10,30,000 करोड़ रुपये खर्च हुए। यदि इस कालखंड में पीएमजीकेवाई के अंतर्गत खर्च 2,60,000 करोड़ को हटा दिया जाए तो भी एनएफएसए के अंतर्गत सब्सिडी पर 7,70,000 करोड़ का भारी-भरकम खर्च हुआ। इस बीच 2022-23 के लिए बजट आबंटन 2,07,000 करोड़ रखा गया है। इस प्रकार चार साल में कुल 10,00,000 करोड़, यानी हर साल 2,50,000 करोड़ खर्च होगा। साल दर साल बढ़ती खाद्य सब्सिडी और बढ़ती उर्वरक सब्सिडी के कारण राजकोषीय घाटे की सीमा में रियायत दी जा रही है। यह रास्ता उचित नहीं है क्योंकि इससे कर्ज बहुत अधिक असहनीय सीमा तक पहुंच जाएगा।

सरकार को सब्सिडी घटाने पर विचार करना चाहिए। वास्तव में इसकी असाधारण संभावनायें हैं। वर्तमान समय में जनसंख्या के लगभग दो तिहाई हिस्से, यानी 820 मिलियन लोगों को सब्सिडी दी जाती है। मूलभूत रूप से सस्ता भोजन केवल गरीबों के लिए होना चाहिए और उनकी संख्या बहुत कम है। 2015 में आई शांताकुमार कमेटी रिपोर्ट के अनुसार, सस्ते भोजन के लिए उपयुक्त लोगों की संख्या 67 प्रतिशत से घटा कर 40 प्रतिशत की जानी चाहिए। 27 प्रतिशत या 380 मिलियन को सब्सिडी न देने से हर साल सरकार को 64,000 करोड़ की बचत होगी। यह गणना इस आधार पर है कि लाभार्थी अपने हिस्से का पांच किलो अनाज हर महीने लेंगे।

समिति ने यह सुझाव भी दिया था कि 'अंत्योदय अन्न योजना' के अंतर्गत सर्वाधिक गरीबों को छोड़ कर अन्य को एमएसपी के 50 प्रतिशत का भुगतान करना चाहिए जिनकी संख्या लगभग 320 मिलियन है। उनसे 10 रुपये प्रति किलो गेंहू का दाम लिया जाना चाहिए जिससे उनको प्रति किलो 8 रुपये की बचत होगी। इस संस्तुति पर अमल करने से हर वर्ष 15,000 करोड़ रुपये की बचत होगी। वर्तमान मुद्दा यह है कि एनएफएसए कानून के अंतर्गत गेंहू, चावल व मोटे अनाजों के लिए 2,3 व 1 रुपये किलो मूल्य निर्धारित हैं। यह कानून 2013 में लागू हुआ था और कीमतों को तीन साल के लिए निर्धारित किया गया था। इस प्रकार 2016 के बाद से दाम बढ़ाने पर कोई विधिक रोक नहीं है। एक रुपया प्रति किलो की वृद्धि से हर साल 5,000 करोड़ रुपये की बचत होगी। चोरी रोकने पर भी काफी बचत की संभावना है। लेकिन सस्ती कीमतों पर खाद्यान्न सप्लाई की वर्तमान व्यवस्था में यह संभव नहीं है। यदि सब्सिडी को सीधे लाभार्थी के खाते में डीबीटी से भेजा जाए तभी चोरी रोकी जा सकती है। लेकिन हमारे राजनेताओं में पुरानी व्यवस्था में मामूली परिवर्तन का भी साहस नहीं है। इसका कारण यह है कि हर चुनाव में विजय की संभावनायें जनसंख्या के बड़े हिस्से की 'मूलभूत आवश्यकतायें' सस्ती कीमतों पर या मुफ्त पूरी करने से जुड़ी होती हैं।

# गेहूं के निर्यात के मायने, गेहूं पर प्रतिबंध कहीं दोधारी तलवार ना साबित हो जाए?

**डॉ राजाराम त्रिपाठी**
राष्ट्रीय संयोजक,
अखिल भारतीय किसान महासंघ (आईफा)



अभी दो हफ्ते पहले पूरे देश में समाचारों में यह खबर सुर्खियों में छाई थी की किसानों को इस साल गेहूं का मूल्य न्यूनतम समर्थन मूल्य से भी ज्यादा बम्पर मूल्य मिल रहा है,, किसान मालामाल हुए जा रहे हैं, वगैरह वगैरह। और 12 मई को गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध की घोषणा की बाद आज किसानों को वहीं पे हूं न्यूनतम समर्थन मूल्य से भी ?500 नीचे बिक रहा है। व्यापारिक भाषा में कहें तो सीधे-सीधे किसान के गेहूं का मूल्य 25त्न से 34त्न तक गिर गया। इसका मतलब यह की जो किसान अपना गेहूं नहीं बेच पाए थे उन्हें अपनी लागत भी नहीं मिल रही है। यह सब ना तो बेवजह है और ना ही अनायास है। एक सोची-समझी चाल है, जिसका खामियाजा पहले तो देश के किसान को भुगतना होगाऔर फिर आगे चलकर देश के उपभोक्ताओं को। इस घटनाक्रम को समझने के लिए हमें मार्च से लेकर अब तक के गेहूं के मूल्य, उसकी शासकीय खरीदी, तथा गेहूं के निर्यात से जुड़े सरकार के वक्तव्यों तथा घोषणाओं पर तिथि वार विचार करना होगा।

08 मार्च -को कहा गया कि रूस और यूक्रेन युद्ध के कारण मांग मांग बढ़ी है, इसलिए सबसे अच्छे गेहूं का निर्यात करने के मौके का फायदा उठायें। 16 मार्च को अधिकारियों ने कहा कि भारत गेहूं के निर्यात पर रोक नहीं लगाने वाला है । 13 अप्रैल को माननीय पंतप्रधान का वक्तव्य आया कि, विश्व व्यापार संगठन अर्थात डब्ल्यूटीओ इजाजत दे तो हम दुनिया को खिला सकते हैं; 05 मई को कहा गया कि सुनिश्चित कीजिए कि भारत दुनिया के लिए अच्छे अनाज का स्रोत बने; 12 मई को देश को बताया गया कि, गेहूं का निर्यात बढ़ाने के लिए भारत 9 देशों में निर्यात प्रतिनिधिमंडल भेजेगा। (मिन्ट) और अचानक रातों-रात सारे बयानों से पलटी मारते हुए पलटते

13-14 मई - भारत ने गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया। और जैसी की संभावना थी भारत सरकार के गेहूं के एक्सपोर्ट (निर्यात) पर रोक लगाने के बाद विदेशी बाजारों में गेहूं की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई। गेहूं की कीमत यूरोपीय बाजार में 435 यूरो (.453) (35,282.73 भारतीय रूपए) प्रति टन हो गई। अब यह जानने के लिए कोई अर्थशास्त्री होना जरूरी नहीं है कि, अगर डॉलर का भाव बढ़ता है,और रुपया गिरता है तो निर्यातकों को फायदा होता है। और यदि रुपये का मूल्य गिर रहा है और डॉलर का भाव बढ़ रहा है,और इस स्थिति में यदि निर्यात को यकायक रोक दिया जाता है, तो इसमें किसका फायदा चाहे जिसे हो पर घाटा तो निश्चित रूप से देश को ही होने जा रहा है ।

अगर आंकड़ों की बात करें तो खाद्यान्नों के भंडार 636.14 लाख टन होते हुए भी केंद्र सरकार ने विदेश व्यापार (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1992 का सदुपयोग अथवा दुरुपयोग करते हुए देश की खाद्य सुरक्षा के नाम पर गेहूं के निर्यात पर जो प्रतिबंध लगाया है, इससे सीधे-सीधे देश के गेहूं के बहुसंख्य किसानों की जेब कटी है। प्रतिबंध की घोषणा होते ही गेहूं के दाम तेजी से गिरे हैं और गिरते ही जा रहे हैं। अब यह तो तय है कि इस सीजन के शेष गेहूं के किसानों को सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य भी प्राप्त नहीं होने वाला। और ऐसा भी नहीं है कि इस निर्णय से गेहूं के आटे की कीमत में कोई कमी आई हो इससे आम उपभोक्ता को कोई राहत मिली हो।

निर्यात पर प्रतिबंध से किसानों के हितों के अलावा वैश्विक बाजार में भारत की विश्वसनीयता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। सरकार अक्सर देश के उपभोक्ताओं के हितों के नाम पर ऐसे खेल खेलती है और सरकार की वैश्विक बाजार में विश्वसनीयता को लेकर दीर्घकालिक दृष्टिकोण नहीं अपनाती है, जिससे ग्लोबल मार्केट में व्यापार वायदों तथा प्रतिबद्धता को लेकर हमारी छवि धूमिल होती है, और इसका परिणाम हमारे विदेश व्यापार पर भी पड़ता है। भारती कृषि तथा खाद्य चेंबर के चेयरमैन डॉक्टर एमजे खान कहते हैं कि, हमारे पास देश को 12 मिलियन मीट्रिक टन के रणनीतिक बफर स्टॉक की तुलना में बहुत अधिक मात्रा में गेहूं संचित है। कीमतों पर लगाम लगाने के लिए सरकार घरेलू बाजार में 50 लाख मीट्रिक टन या इससे अधिक जारी कर सकती है , परंतु गेहूं निर्यात पर प्रतिबंध लगाना हानिकारक होगा। इस तरह से देखा जाए तो गेहूं के निर्यात पर अचानक प्रतिबंध का निर्णय दोधारी तलवार साबित होगा, एक और तो जहां इससे देश के करोड़ों किसानों को भारी नुक्सान उठाना पड़ रहा है, वही देश के विदेश व्यापार को भी निश्चित रूप से घाटा होगा।

देश में पहली बार गेहूं तथाकथित न्यूनतम समर्थन मूल्य से कुछ रूपए ऊपर बिकने लगा। जिसके बारे में हमारा आज ही दावा है कि यह न्यूनतम समर्थन मूल्य, फसल की वास्तविक समस्त कृषि लागत ( स्वामीनाथन कमेटी की अनुशंसा के अनुसार सीटू प्लस,) के आधार पर नहीं तैयार किया गया है, और इसलिए यह न्यायोचित न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं है, बल्कि उससे 25 से 35% तक कम है। देश के कुछ हिस्सों के कुछ किसानों को ही उनके गेहूं का घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य से कुछ ज्यादा मूल्य मिल पाया, परंतु सोची समझी रणनीति के तहत पूरे देश में ऐसा हल्ला मचाया गया, मानो किसानों ने कोई खजाना लूट लिया, अथवा किसानों के घरों में सोने की बारिश हो गई।

यहां समझने वाली बात यह भी है कि जब किसानों की दाल समर्थन मूल्य रु. 55 होने के बावजूद ?35 में बिकती है, और किसान खून के आंसू रोते हैं, अथवा जब टमाटर और साग सब्जियों का मूल्य कौड़ी के दाम हो जाने के कारण उन्हें गाढ़े पसीने की कमाई अपने उत्पादन को छाती पर पत्थर रखकर सड़कों पर फेंकना पड़ता है, तब न तो सरकार के कान पर जूं नहीं रेंगती और ना ही ये खबरें मीडिया में कोई खास तवज्जो आती हैं?। मुझे हालिया किसान आंदोलन के दिनों में सरकार के एक सवनामधन्य बड़े नेता की वह गर्वोक्ति वाला बयान याद आता है, कि देश के किसानों को गरज है तो गेहूं उगाएं, अथवा ना उगाएं अगर यह किसान गेहूं नहीं भी उगाते तो हमें कोई फर्क नहीं पड़ता, हम ऑस्ट्रेलिया/ विदेश से इन किसानों से भी सस्ते दर पर यह गेहूं मंगा सकते हैं। ऐसे बड़बोले नेताओं से यह पूछा जाना चाहिए, कि क्या सचमुच आप एक अरब 30 करोड़ जनसंख्या को आज यूरोपीय बाजार से मूल्य पर गेहूं खरीद कर देश को खिला सकते हैं अथवा 80 करोड़ लोगों को विदेश से खाद्यान्न आयात कर मुफ्त राशन बांट सकते हैं? निश्चित रूप से बहुमत के सत्ता मद में चूर सरकार किसान आंदोलन के कारण किसानों से भीतर ही भीतर नाराज हो सकती है, और सरकार को झुकाने वाले देश के कृषक समुदाय को सबक सिखाने की भी मंशा रखती हो सकती है, पर इसकी परिणति इस तरह कदापि नहीं होनी चाहिए। हम यह ना भूले कि किसानों को हेय दृष्टि से देखना और उन्हें प्रकारांतर प्रताड़ित करने हेतु ऐसे आत्मघाती निर्णय देश के दूरगामी हित में नहीं होंगे। यह तो वैसा ही होगा, जैसे कोई जिस डाल पर बैठा है,अकारण उसे ही काट डाले। यदि सरकार किन्ही अपरिहार्य कारणों से देश के तात्कालिक अथवा दूरगामी हित में ऐसे निर्णय लेने हेतु बाध्य है, तो ऐसे निर्णय लेने के पूर्व उसे देश के किसानों, किसान संगठनों सहित इससे संबंधित सभी पक्षों से बातचीत कर सबको विश्वास में लेना चाहिए। आखिर देश के किसान भी अपने देश से अपने से भी ज्यादा प्यार करते हैं। इतिहास गवाह है कि देश हित में किसानों ने हमेशा अनगिनत कुर्बानियां दी हैं, और जब जब देश पर संकट आया है, देश के किसान अपना सब कुछ न्योछावर करने में आगे रहे हैं।

## फरमाया



**हम** प्रधानमंत्री के निर्देशों पर राज्य के लगातार विकास के लिए काम करते रहेंगे।

– **मानिक साहा**
त्रिपुरा के मुख्यमंत्री



**महामारी** का मुकाबला करने में सारी चीजें योजनाओं के अनुसार नहीं चलीं।

– **स्काट मोरीसन**
आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री



**उद्धव** का बाबरी शक्ति केन्द्र गिराए बिना मैं चैन से नहीं बैठूंगा।

– **देवेंद्र फड़नवीस**
महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## वीआईपी के कारण जाम

**प्रधानमंत्री** के लखनऊ आगमन पर लखनऊ कानपुर मार्ग पर लोगों को जाम से परेशान होना पड़ा। कोई भी वीआइपी यदि किसी भी सड़क से वह गुजरता है।तो उसे सुरक्षित रास्ता उपलब्ध कराना प्रशासन का काम है।प्रधानमंत्री के कारण रूट बदलना किसी भी प्रकार उचित नही है।उस भयंकर जाम में फंसे छोटे छोटे मासूम बच्चे, बूढ़े और दूसरे लोग 43 डिग्री तापमान में बिलबिला रहे थे। मैं स्वयं उस जाम में फंसा था। साढ़े तीन बजे उन्नाव से चला। 18किलोमीटर का रास्ता 4घण्टे में पूरा करके घर रात साढ़े 7बजे पंहुचा। मैंने इन चार घण्टो में इतनी गर्मी खाई।रात में खाना नही खाया।केवल रात के ग्यारह बजे तक पानी पीता रहा। कृपया केंद्र और राज्य सरकारें किसी भी वीआईपी के आगमन में सामान्य यातायात व्यवस्था रखे। सामान्य लोगों की तरह ही उन्हें गंतव्य तक पहुचाने की व्यवस्था होनी चाहिये। हमारे सुरक्षा जवान जो माननीयों के साथ है। उनकी सुरक्षा करने में पूर्ण सक्षम है। केवल तन्त्र की ओर ध्यान देना होगा जो प्रोटोकाल को लीक कर देता है। कोई भी वी आई पी सुरक्षित तरीके से सड़क से जा सकेगा। केवल इसकी जानकारी किसी को न दी जाए। जाम समस्या से आमजन परेशान हो। यह लोकतंत्र के लिये चिन्तनीय है।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

## कब समझेगा हिंदू समाज?

**एक** ऐसी सन्तान जिसके माता पिता को उसके तथाकथित मित्रों ने एक छोटे से कमरे में कैद कर दिया हो। उन्हें कैदी से भी बद्तर स्थिति, गंदगी व कीचड़ से भरे स्थान पर रखा हो। प्रतिदिन उनके ऊपर थूका हो, अपने पैरों से रौंदा हो। क्या ऐसे व्यक्तियों को अब भी अपना मित्र मानने वाले पुत्र या पुत्री को सन्तान कहलाने का अधिकार मिलना चाहिए। कल्पना करनी चाहिए जिन महादेव को सम्पूर्ण हिन्दू समाज अपना परमपिता परमेश्वर मानता है उन महादेव को सैकड़ो वर्षों से इस स्थिति में रखने वाले वर्तमान मुस्लिम समाज को दोषी न मानकर केवल औरंगजेब आदि को दोष देकर, वर्तमान मुस्लिम समाज से भाईचारे का कायरतापूर्ण संबंध रखना क्या किसी भी सनातनी को महादेव की सन्तान या भक्त होने का अधिकार दे सकता है। हिन्दू समाज किस अधिकार से महादेव पर आभिषेक कर पा रहा है जब उनके आराध्य का ही घोर अपमान किया जा रहा है। हिन्दू समाज यह कब समझ पायेगा की कट्टरपंथियो का लक्ष्य ही कुफ्र अर्थात काफ़िर को समाप्त कर गजवा ए हिन्द को पूरा करना है। असंख्य प्राचीन शिवलिंग व धर्मस्थल ऐसे है जिन्हें मुस्लिम आक्रांताओं द्वारा खंडित किया गया एवं मुस्लिम समाज उन स्थलों को इबादतगाह के रूप में काबिज किए हुए है।

– **दिव्य अग्रवाल**, गाज़ियाबाद

## बढ़ते अग्निकांड

**दिल्ली** के मुंडका इलाके में हुआ अग्निकांड ही नहीं, देश के तमाम शहरों में ऐसे अग्निकांडों की लंबी फेहरिस्त है जो आग से बचाव के उपायों के मामले में लापरवाही, नियम-कानूनों की अनदेखी और इमारतों के निर्माण में प्रयोग होने वाली सामग्रियों जैसे कई सवाल खड़े करती है! रिहायशी क्षेत्रों में गुपचुप रूप से औद्योगिक कार्य करना! उसमें भी भारी मात्रा में प्लास्टिक के पहाड़ से इकट्ठे करके रखना! अग्निशमन का कोई साधन नहीं होने के साथ ही साथ कई तरह की लापरवाहियां देश भर में निर्मित भवनों में व्याप्त है! संबंधित विभाग के कर्मचारियों को इनका निरीक्षण करने का समय ही नहीं है! ऐसा ही कोई बड़ा हादसा होने पर थोड़े दिन तक चहल-पहल रहती है हाय तोबा होती है उसके बाद वही ढाक के तीन पात। इसी प्रकार आवासीय बस्तियों के मध्य अटाला व्यापारियों द्वारा बड़े-बड़े गोदामों में प्लास्टिक व अन्य प्रकार का ज्वलनशील अटाला इकट्ठा करके रखा गया है! जिन में आग लग जाने की स्थिति में पूरा क्षेत्र जलकर खाक हो सकता है। मगर इन्हें रोकने टोकने वाला कोई नहीं है।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

# आईजी बद्री नारायण मीणा पहुंचे बालोद, जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों की ली बैठक



## आईजी ने अपराधों की रोकथाम एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने की कही बात, सामुदायिक पुलिसिंग पर दिया जोर

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

दुर्ग रेंज आईजी बद्रीनारायण मीणा बुधवार को बालोद जिले के दौरे पर पहुचे। आईजी के पहुचने पर एसपी कार्यालय के प्रांगण में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर सम्मान दिया गया। जिसके बाद आईजी बद्री मीणा ने एसपी कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों की बैठक ली। आईजी बद्री मीणा ने बैठक के दौरान सामुदायिक पुलिसिंग पर जोर देते नजर आए। उन्होंने बेहतर पुलिसिंग पर जोर देते हुए लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए कहा। साथ ही कहा कि पुलिस, जनता से सद्भावना पूर्वक व्यवहार करे। ताकि पुलिस के पास आने में किसी को भी कोई संकोच या भय न हो। बैठक में अपराधों की रोकथाम, लंबित अपराधों का त्वरित निराकरण, कानून व्यवस्था व वीआइपी ड्यूटी के संबंध में चर्चा की गई। आईजी बद्री नारायण मीणा ने जुआ, सट्टा और अवैध व्यापार करने वालों पर कड़ी कार्यवाही कर उन पर अंकुश लगाने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही थानों के रिकार्ड दुरूस्त रखने, शिकायत व आवेदन की जांच और निराकरण समय पर करने आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान मीणा ने पुलिस जवानों के साप्ताहिक रोस्टर के अनुसार समय पर साप्ताहिक अवकाश दिए जाने की बात पर जोर दिया। महिला संबंधी मामलों में तत्काल संज्ञान लेकर कार्यवाही करने पर जोर देते हुए आईजी बद्रीनारायण मीणा ने कहा कि महिलाओं व बच्चों से संबंधित प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही करते हुए समय-सीमा के भीतर निराकरण किया जाए। आईजी बद्रीनारायण मीणा ने जिलों में लंबित सभी गंभीर प्रकरणों विशेषकर हत्या, हत्या का प्रयास, दुष्कर्म, अपहरण और महिला व बच्चों संबंधी अपराध, गुम इंसान जांच (महिला, बालक व बालिका) के प्रकरणों के निराकरण की ओर विशेष ध्यान देने और साप्ताहिक समीक्षा करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसपी गोवर्धन ठाकुर, एडिशनल एसपी प्रज्ञा मेश्राम, डीएसपी राजेश बागड़े सहित तमाम पुलिस के आलाधिकारी मौजूद रहे।

## आल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन कवर्धा टीम ने आसिफा शाह को किया सम्मानित



**कवर्धा।** अशिफा शाह कवर्धा की एक ऐसी होनहार बेटी जिसने 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में टॉप 10 की र्सची में र्परे छत्तीसगढ़ में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने घर परिवार के साथ र्परी मुस्लिम जामत का नाम रोशन कर दिया। इस बच्ची के हौसला अफजाई और सम्मान के लिये आल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन कवर्धा की र्परी टीम अशिफा शाह के घर पहुच कर अशिफा और उनके र्परे परिवार को मुबारकबाद पेश किया साथ ही अशिफा को भविष्य में आगे की तालीम में आने वाली समस्याओं को र्दर करने की जिम्मेदारी लेते हुए अशिफा के बेहतर मुस्तबिल के लिए दुआ दी। इस हसीन मुलाकात में ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन दुर्ग संभाग के अध्यक्ष तौसीफ खान, जिला अध्यक्ष हनीफ खान, सईद खान (फौजी), सरफराज खान, शीबा खान, गुलबशर खान, रियाज अत्तारी, अकरम खान, वसीम खान, सलमान खान, जुबी खान, इरफान खान अन्य शामिल थे।

# मनरेगा श्रमिकों के असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस से जुड़ने से मिलेगा संगठन का लाभ: प्रज्ञा

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम जो भारत ही नही बल्कि पूरे विश्व की सबसे बड़ी रोजगार ग्यारेन्टी स्कीम है,पर ये जितनी बड़ी स्कीम है उतने ही इसके श्रमिको का शोषण के किस्से भी आ रहे हैं, पूरे देश ने देखा किस तरह इस योजना में झारखंड जैसे पिछड़े राज्य में क्रियान्वन एजेंसियों के मातहत उच्च अधिकारी करोड़ों के आसामी हो गए और मजदूरों की दशा में कोई विशेष सुधार नही आ पाया,जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी के अनुसार इस योजना को कांग्रेस नीत यूपीए की सरकार में ग्रामीण अर्थव्यवस्था के आर्थिक सुदृढ़ीकरण के लिए अधिनियम के तौर पर लाया गया था पर कुछ अधिकारी कर्मचारियों की मनमानी से मनरेगा श्रमिकों को सालों उनके काम का मेहनताना नही मिल पा रहा है यही कारण भी है कि मनरेगा के प्रति ग्रामीणों का आकर्षण कम हुआ है,प्रज्ञा निवाणी ने कहा कि असंगठित क्षेत्र के इन श्रमिको को अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अनुसांगिक संगठन कामगार कर्मचारी कांग्रेस से जोड़ कर ,उन्हें संगठित कर उनके अधिकारों और हितों के लिए व्यवस्था में उग आए दलालो और घर भरू अधिकारियों से लड़ेंगे और अपने अधिकारों को ले कर रहेंगे, इस तारतम्य में जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी आन्दु के युवा सरपंच संजय जोशी के साथ मनरेगा कार्य स्थल में सुबह सुबह ही पहुंच उन्हें संगठन से जोड़ रही हैं, असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस के संगठन से जुड़ने ग्रामीणों में बहुत उत्साह है, महिलाओ ने जहाँ शिकायत करते हुए बताया कि उनके कार्य स्थल में पीने के शुद्ध पानी की व्यवस्था नही है वहीं दूध पीते बच्चों के लिए छायादार जगह में पालने की व्यवस्था की भी मांग रखी,प्रज्ञा निवाणी ने उन्हें आस्वस्त किया कि कंटेंजेन्सी फंड से इन सभी सुविधाओं की व्यवस्था है सरपंच संजय जोशी से मनरेगा के रोजगार सहायक को निर्देशित कर व्यवस्था करने कहा,कुछ दिन पहले असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद उदित राज और प्रदेश अध्यक्ष आलोक पांडेय के नेतृत्व में राज्यवापी सम्मेलन में मनरेगा श्रमिकों ने बड़ी संख्या में उपस्थित हो अपनी मांगों से संगठन को अवगत कराया था, प्रज्ञा निवाणी ने कहा कि जिले में असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस की कार्यकारणी का गठन जून तक कर लिया जाएगा, इसके लिए मनरेगा, आंगनबाड़ी रसोइया, हाथ ठेला चालक, रिक्सा पुल्लर ,गुमटी और फेरी लगा कर समान बेचने वालों को कामगार कांग्रेस के संगठन में सदस्य और पदाधिकारी बनाया जाएगा।

# धान के बदले अन्य फसल लेने कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



किसानों को धान के बदले अन्य फसल लेने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने जिला पंचायत सभाकक्ष में कृषि, सहकारिता एवं राजस्व विभाग के मैदानी अमले की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि बेमेतरा जिले का लक्ष्य 19 हजार हेक्टेयर का है। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी एवं समिति प्रबंधक आपसी समन्वय से कार्य करते हुए कृषकों को प्रात्साहित कर कृषि लोन दिलाने के लिए कार्यवाही करें। कलेक्टर ने कहा कि बीते खरीफ सीजन के दौरान समिति प्रबंधकों ने बहुत अच्छा कार्य किया है इसके लिए उन्होने समिति प्रबंधकों को बधाई दी। बैठक में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के 19 शाखा मे से केवल 8 शाखा के शाखा प्रबंधक ही उपस्थित थे। जिलाधीश ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के नोडल अधिकारी को शेष 11 शाखा प्रबंधकों के एक-एक दिन का वेतन कटौती करने के निर्देश दिए। कृषि एवं सहकारिता विभाग द्वारा जिले में शिविर लगाकर किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि उत्पादन आयुक्त (एपीसी) द्वारा भी पत्र जारी कर धान के बदले अन्य फसल लेने के लिए जोर दिया गया है। कृषि, सहकारिता विभाग का मैदानी अमला किसानों को प्रोत्साहित कर गैर धान फसलों को लेने की सलाह दें। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा स्तर पर भी बैठक आयोजित कर किसानों को आमंत्रित किया जाये ताकि अधिक से अधिक किसान धान के बदले अन्य फसल की ओर प्रोत्साहित हो। सेवा सहकारी समिति स्तर पर लोन स्वीकृति की कार्यवाही की जावे। बैठक में जिला पंचायत सीईओ लीना मण्डावी, डिप्टी कलेक्टर विश्वास राव मस्के, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) साजा धनराज मरकाम, नवागढ़ प्रवीण तिवारी, उप संचालक कृषि महादेव मानकर, जिला सहाकारी केन्द्रीय बैंक के नोडल अधिकारी राजकुमार वारे, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं समिति प्रबंधक उपस्थित थे।

# पोंड़ी में नाली सफाई व्यवस्था चौपट हर तरफ फैला कचरा



**पोंड़ी।** ग्राम पंचायत पोंड़ी में सफाई व्यवस्था चौपट नजर आ रहा है सफाई व्यवस्था में लाखो रुपए खर्च सिर्फ कागजों तक सीमित है मौके पर हर तरफ कचरा फैला हुआ है आखिर पंचायत के सरपंच सचिव पंच इतना निष्क्रिय क्यों है ,अब हालत ये है की गांव के युवा खुद नालियों की साफ-सफाई कर रहे है आखिर मूलभूत साफ-सफाई के लिए जो राशि जारी होता है उसका क्या, क्यों नही होता सफाई क्यों फैला है कचरा ये गंभीर सवाल है अब देखना ये है की आखिर कब तक साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर होती है।

# दिव्यांग महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने सिलाई मशीन का वितरण, दिव्यांगों ने जताया आभार

## किसान नेता योगेश तिवारी, समाजसेवी सुरेंद्र छाबडा और ताराचंद माहेश्वरी के संयुक्त तत्वाधान में सिलाई मशीन का वितरण

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




बीते दिनों जिला मुख्यालय में जन सहयोग से पांच दिव्यांग जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। इस विवाह समारोह में किसान नेता योगेश तिवारी, समाजसेवी ताराचंद माहेश्वरी और सुरेंद्र छाबड़ा की भूमिका और मदद सराहनीय रही। अब इन दिव्यांग जोड़ों को सुखी दांपत्य जीवन निर्वाह के लिए स्वरोजगार से जोड़ने सिलाई मशीन का वितरण किया गया। इस संबंध में किसान नेता योगेश तिवारी ने बताया कि हमारा संयुक्त प्रयास दिव्यांग जोड़ों के सिर्फविवाह तक सीमित नहीं है उनके जीवन को और बेहतर कैसे किया जाए इसके भी प्रयास जारी हैं। इसी कड़ी में दिव्यांग जोड़ो में महिलाओं को रोजगार से जोड़ने सिलाई मशीन बांटी गई है । हर दिव्यांग की एक खूबी होती है पुरुष दिव्यांग घर से बाहर या घर में रहकर तो रोजगार के जरिए आजीविका चलाते हैं। इसमें उनकी पत्नी सिलाई कढ़ाई के जरिए घर खर्चे में मदद कर सकती है।

इसलिए सिलाई मशीन वितरण की पहल की गई। इन दिव्यांग जोड़ों के जीवन को बेहतर करने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। अभी यह शुरुआत है आगे भी जन सरोकार के कार्य संपादित किए जाएंगे। दिव्यांग बिंदा यादव खिलोरा, प्रदेशनीन साहू खिलोरा, अनीता साहू मोहभट्ठा, कोदवा जगेश्वरी निषाद डंगनिया, सरस्वती साहू घठोली को सिलाई मशीन बांटी गई है। इस दौरान निसक्तजन सेवा संघ जिला बेमेतरा अध्यक्ष रामलाल साहू, कुंजीलाल दुबे, सुरेंद्र साहू, नीलकुमार बघेल, मनमोहन सिंह वर्मा, आत्माराम पटेल आदि उपस्थित थे।

# बारिश पूर्व नाला सफाई का जायजा लेने निचली बस्तियों में पहुंचे निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे, जलभराव वाले क्षेत्रों को चिन्हित करने के दिए निर्देश

## निरीक्षण के दौरान प्रतिबंधित प्लास्टिक पर भी हुई कार्यवाही वर्सला गया जुर्माना

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त प्रकाश सर्वे आज नाला सफाई का जायजा लेने के लिए सुबह-सुबह निचली बस्ती पहुंचे। पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास उन्होंने नाला सफाई का जायजा लिया, उन्होंने निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जितने भी जलभराव वाले क्षेत्र हैं उन्हें चिन्हित करके, ऐसे क्षेत्रों में नाला और नालियों की सघन सफाई कराएं। आयुक्त ने ओड़िया मोहल्ला का भी इस दौरान निरीक्षण किया और पेयजल व्यवस्था की भी जानकारी ली। सफाई और पानी को लेकर उन्होंने मोहल्ले के कुछ लोगों से चर्चा की और महिलाओं से भी फीडबैक लिया। लाइट ऑफ होने के समय प्रातः 6-30 बजे निगमायुक्त मोहल्ले में पेयजल को लेकर पहुंचे थे। वही जब आयुक्त को जानकारी हुई कि मॉडल टाउन पंचमुखी मंदिर के पास में किराना दुकान के द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग किया जा रहा है तब उन्होंने इस पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए, हालांकि मोहल्ले के निरीक्षण के दौरान भी लोगों ने प्लास्टिक, डिस्पोजल की शिकायत आयुक्त से की थी। निगमायुक्त सर्वे ने तत्काल सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्रवाई करने टीम को निर्देशित किया। टीम ने दो दुकानों पर चालानी कार्रवाई करते हुए 3000 रुपए जुर्माना वर्सल किया। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल ने बारिश पर्व नालों की सफाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हुए हैं इसी तारतम्य में नाला सफाई का कार्य किया जा रहा है। निगमायुक्त के निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, प्रतिबंधित प्लास्टिक पर कार्यवाही करने के दौरान अंजनी सिंह एवं कमलेश द्विवेदी मौर्जद रहे।

# जहां बनना है सार्वजनिक शौचालय वहां पर कर रहे थे अतिक्रमण

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अवैध कब्जा करने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है, जोन 03 मदर टैरेसा नगर क्षेत्र में निगम के राजस्व विभाग की टीम ने संतोषी पारा में अतिक्रमण करने वालों पर शिकंजा कसने बेदखली की कार्रवाई किए। संतोषीपारा में जिस स्थान पर सार्वजनिक शौचालय बनाया जाना है उस स्थल पर एक व्यक्ति द्वारा बाउंड्रीवाल बनाकर अतिक्रमण कर लिया था, जिसे तोड़फोड़ कर बेदखली की कार्यवाही की गई। निगम क्षेत्र में अतिक्रमण, अवैध निर्माण करने वालों पर शिकंजा कसने निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने अधिकारी/कर्मचारियों की टीम बनाई है जो ऐसे कार्य करने वालों की नजर रखते हुए उन पर कार्यवाही कर रहे है। निगम क्षेत्र में अवैध कब्जा और अतिक्रमण करने की शिकायत मिलने पर मामले को गंभीरता से लेकर राजस्व विभाग द्वारा कार्यवाही की जाती है ताकि ऐसे अनाधिकृत कार्य करने वालो को रोका जा सके। जोन 03 के सहायक राजस्व अधिकारी मलखान सिंह सोरी ने बताया कि जोन आयुक्त येशा लहरे के निर्देश पर अतिक्रमण करने वाले के खिलाफ कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि वार्ड 25 संतोषीपारा पारा में वार्ड के नागरिकों की मांग के अनुरूप सार्वजनिक शौचालय का निर्माण किया जाना है इसकी स्वीकृति व अन्य विभागीय प्रक्रिया हो चुकी है, लेकिन उक्त स्थान पर वार्ड के एक व्यक्ति द्वारा उस स्थल पर अतिक्रमण करते हुए बाउंड्रीवाल का निर्माण कर लिया था, अतिक्रमण को हटाने के निर्देश भी दिए गए थे बावर्जद नहीं हटाने पर आज जोन 03 के राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची।

# कृषिमंत्री ने बेमेतरा में ली बैठक



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्रदेश के कृषि विकास एवं कल्याण, जैव-प्रौद्योगिकी, पशुधन विकास, मछली पालन, जलसंसाधन एवं आयाकट मंत्री रविन्द्र चौबे बुधवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष बेमेतरा में आगामी खरीफसीजन की तैयारियों एवं अन्य विषयों पर समीक्षा बैठक ली। कृषि मंत्री ने जिले में खाद एवं बीज के भण्डारण एवं वितरण की जानकारी ली। खरीफसीजन के दौरान किसानों को खाद एवं बीज के लिए भटकना न पड़े अधिकारी इसका विशेष ध्यान रखें। आम नागरिकों को सरकार की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ मिले, इस दिशा में अधिकारी अधिक संवेदनशील होकर कार्य करें। केबिनेट मंत्री चौबे ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री का प्रदेशव्यापी विधानसभावार मैदानी क्षेत्र का भ्रमण प्रारंभ हो गया है। इस दौरान वे आम जनता से भेंट-मुलाकात भी कर रहे हैं। उन्होने इसकी तैयारी करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री के भ्रमण के पूर्व सभी राजस्व अधिकारी अपने-अपने तहसील अनुविभाग के अन्तर्गत राजस्व प्रकरणों का निराकरण शीघ्र कर लेवें। इनमें अविवादित नामंतरण, बंटवारा, सीमांकन, फौती के प्रकरण, नवीन राशनकार्ड का निर्माण इत्यादि शामिल है। बैठक में संसदीय सचिव एवं विधायक नवागढ़ गुरुदयाल सिंह बंजारे, विधायक बेमेतरा आशीष कुमार छाबड़ा, क कलेक्टर बेमेतरा विलास भोसकर संदीपान, पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, सहित जिला स्तर के अधिकारी, जनपद पंचायत सीईओ, नगरीय निकाय के सीएमओ एवं तहसीलदार उपस्थित थे।

## कबीरधाम में खाद की कमी को दूर करने जोगी कांग्रेस ने दिया ज्ञापन

# किसानों की नहीं ,व्यापारियों की है सरकार इस वजह से निजी कृषि दुकानों में महंगे दामों में उपलब्ध है खाद: सुनील केशरवानी

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के द्वारा जिला में खाद की शीघ्र आपूर्ति के लिए जिलाधीश को ज्ञापन सौपा गया। जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने कहा कि हमारे जिला में खाद की कमी है किसी भी संग्रहण केंद्र और सोसायटी में खाद नही है जबकि निजी दुकानों में महंगे दामो में खाद बेचा जा रहा है इस तेज धूप में किसान प्रतिदिन खाद के लिए सोसायटियों का चक्कर लगा-लगा कर थक चुके है। इस गर्मी में किसानों की पसीने पोछने बजाये उनके पसीने निकाल रही है आने वाले चुनावी वर्ष 2023 में इस सरकार की पसीने जरूर निकालेगी श्री केशरवानी ने जिलाधीश से कहा कि जल्द ही सभी सोसायटी केंद्रों में खाद की प्रबंध कराए और खाद की कालाबाजारी करने वाले दुकानों पर कार्यवाही करें तथा साथ ही इसमे सम्बंधित विभाग की अधिकारी कर्मचारी भी दोषी है जिनकी वजह से निजी दुकानदार खाद की कालाबजारी कर रहे है।

उन पर कार्यवाही करें, और किसानों की समस्या का निराकरण नही होने पर जनता कांग्रेस जोगी द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष सहित जनता कांग्रेस (जे) के अनुसूचितजाति के जिलाध्यक्ष गणेश पात्रे ,ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश झारिया, हीरो जांगड़े, जिला उपाध्यक्ष आफताब खान, रूपेश यादव, नीलेश सोनी, विक्रांत, बिहारी पटेल, मुकेश चंद्राकर, रंजीत वर्मा, जेडी मानिकपुरी, तुलसी रात्रे सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## राशन कार्ड बनाने के नाम पर तीन हजार लेने वाले ऑपरेटर को किया कृषि मंत्री ने निलंबित

**बेमेतरा।** प्रदेश के कृषिमंत्री रविन्द्र चौबे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विभागीय समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान राशनकार्ड बनाने के नाम पर शिकायत मिली कि बेरला जनपद पंचायत में प्रति नया राशनकार्ड बनाने के नाम पर कम्प्यूटर ऑपरेटर भागवत सिन्हा द्वारा तीन तीन हजार रुपये लिया जाता है। कृषि मंत्री ने उसे तत्काल निलम्बित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान विधायक बेमेतरा आशीष कुमार छाबड़ा ने इस आशय की शिकायत की।

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD.**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN- U40108CT2003SGC0158200 GSTIN-22AADCC5773E1ZX
**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (S/S-O&M)**
Quarter No. OA-01, Old CSEB Colony, Tifra, Bilaspur (C.G.) 495223
Website- www.cspc.co.in e-mail:- cessonm.bilaspur@cspc.co.in Ph. No. 07752-493537 Fax No. 07752-493537

No. 02-17/Pur/T-230/481 Bilaspur, Date: 13/05/2022

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tenders are invited from eligible experienced outsource service's agencies for providing of 19 nos. computer operators and 08 nos. peons on outsourcing basis for o/o CE (S/s:O&M) CSPTCL, Bilaspur and various offices under CE (S/S-O&M) CSPTCL, Bilaspur for a period of one year. **Details of persons required are as below:-**

| SN | Tender No. | Particulars | E.M.D | Tentative Cost |
|---|---|---|---|---|
| 01. | 02-17/Pur/T-230/481 Dtd.13/05/22 | Providing of 19 nos. Computer Operators and 08 nos. peons on outsourcing basis for o/o CE (S/s:O&M) CSPTCL, Bilaspur and various offices under CE (S/S:O&M) CSPTCL,Bilaspur for a period of one year | 56,000 | 56 Lakhs |
| Last Date & Time of Sale of Tender: - 02/06/2022 | | | | 14:00 Hrs |
| Last Date& Time of Submission of Tender: - 03/06/2022 | | | | 15:00 Hrs |
| Date & Time of Opening of Tender :- 03/06/2022 | | | | 15:30 Hrs |

**Terms & conditions :-**The tender document can be obtained from the O/o the CE (S/s:O&M) CSPTCL, Bilaspur on payment of cost of tender documents or can be downloaded from our website. For all other details of NIT and terms & conditions, please visit our website www.cspc.co.in (go through CSPTCL tender notice-Sub-station O&M Bilaspur).

"SAVE ELECTRICITY" S-32549/2
Sd/-
Chief Engineer
(S/s: O&M)CSPTCL Bilaspur

# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बम्हनीडीह में बच्चों के चयन में गड़बड़ी की जन समस्या निवारण शिविर में हुई शिकायत

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com




जिले के बम्हनीडीह विकास खण्ड मुख्यालय मे स्थिति स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय बम्हनीडीह में बच्चों के प्रवेश मे हुई गड़बड़ी की सिकायत पालको ने बम्हनीडीह ब्लाक मुख्यालय में आयोजित हुई जन समस्या निवारण शिविर में की है पालको का आरोप है की स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय मे भर्ती प्रक्रिया मे भ्रष्टाचार किया गया है पालको ने अपनी सिकायत मे बताया है कि बच्चों के प्रवेश हेतु उनके द्वारा निर्धारित तरीके से प्रवेश फार्म भरे थे परन्तुं चयन हेतु बनायी गयी लॉटरी सिस्टम में नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए किसी गाईडलाईन का पालन नहीं किया गया है। स्कूल के प्राचार्य श्वेता शुक्ला द्वारा बच्चों के चयन में बड़े बड़े लोगों से मिली-भगत कर गलत तरिके से बच्चों का चयन किया गया जिससे शासन के मंशा जिसमें गरीब बच्चों के लिए उत्कृष्ट शिक्षा व्यवस्था की गई है उसकी खिल्ली उड़ाई जा रही है। बड़े बड़े नेताओं द्वारा मिलकर अपने अपने करीबी लोगों के बच्चों का चयन किया गया । यहाँ तक के लाटरी सिस्टम में निकलने वाले समस्त बच्चों का नाम पढ़कर भी नहीं बताया गया । एवं गरीब बच्चों के पूरे भविष्य से खिलवाड़ किया गया इनके द्वारा बनायी गयी चयन सूची से स्पष्ट है कि प्राचार्य द्वारा बड़े बड़े लोगों के बच्चों का चयन मिलीभगत कर बनाया गया।

**जिला मुख्यालय मे होनी चाहिए लाटरी सिस्टम से भर्ती-** सभी पालकगण अनुरोध करते हुए कहा है की बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए बच्चों का चयन निष्पक्ष रूप से किया जाये । एवं यह लाटरी सिस्टम अधिकारियों की उपस्थिति (निगरानी) में जिला मुख्यालय जांजगीर में किया जाए एवं मिलीभगत करने वाले कर्मचारियों अधिकारियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही किया जाय जिन्होंने बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने का प्रयास किया है एवं शासन प्रशासन की छवि धूमिल की है उन पर कार्रवाही करने की मांग की है

### प्राचार्य को आये दो माह भी नहीं हुआ और लग गया आरोप

मिली जानकारी के अनुसार जिस महिला पर यह आरोप बच्चो के पालक लगा रहे हैं उनको स्वामी आत्मानंद विद्यालय मे आये अभी दो माह भी नही हुआ है और अभी से प्राचार्य पर संगिन आरोप लगने लगे हैं पालको का आरोप है की ऊंची पहुंच के आगे उनके बच्चों का प्रवेश स्वामी आत्मानंद विद्यालय मे नही हो सका है प्राचार्य के द्वारा गलत तरीके से रईस घरानो के लाडलो का चयन किया गया है इस संबंध में प्राचार्य स्वेता शुक्ला का पक्ष जानने के लिए उनको मोबाइल के माध्यम से फोन किया गया पर प्राचार्य के द्वारा फोन रिसीव नही किया गया।

> शिकायत के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी को कार्यवाही के लिए पत्र प्रेषित किया गया है जो भी कार्यवाही करनी है वह उच्च अधिकारी करेंगे।
> **-कमल कपूर बंजारे**
> **विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी**
> **बम्हनीडीह**

# पति की थी दूसरे विवाह की तैयारी, हुआ एफआईआर

■ **सर्व धर्म महिला कल्याण समिति की पहल रंग लाई**

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पहली पत्नी के रहते हुए बीवी को धोखे में रखकर दूसरा विवाह करने के एक मामले में पीड़िता तथा सर्व धर्म महिला कल्याण समिति की पहल पर कोतरा रोड पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ जुर्म पंजीबद्ध कर लिया है।

उल्लेखनीय रहे कि श्रीमती गंगा चैहान पति शैलेन्द्र चैहान उम्र 30 वर्ष निवासी कुसमुरा मंदिर पारा रायगढ़ ने विगत अप्रैल को कोतरा रोड थाने में शिकायत की थी। शिकायत पत्र में कहा गया था कि गंगा चैहान जिनकी विवाह लगभग 5 साल पूर्व 16 अप्रैल 2017 को ग्राम कुसमुरा के निवासी शैलेन्द्र चैहान पिता मसिम चैहान थाना कोतरा रोड रायगढ़ के साथ हुआ था। शादी के बाद कुछ समय तक सब कुछ ठीक था परन्तु कुछ ही समय बाद मार पीट करना प्रताड़ित करना व खाना ना देना का सिलसिला चलता रहा।

विगत 6 माह पूर्व गर्भपात के दौरान उपचार हेतु जब वह अपने मायके आई और पांच माह तक टाल मटोल करने पर भी जब पति द्वारा लेने नहीं आने पर पत्नी को मालूम चला की पति ने दूसरी शादी कर ली है, जिसकी सूचना व कार्यवाही की गुहार कोतरा रोड थाने में शिकायत कीया गया पर कार्यवाही के अभाव में श्रीमती गंगा चैहान की मुलाकात सर्व धर्म महिला कल्याण समिति की अध्यक्ष पंकज लता यादव से हुई वहीं इस मामले को गंभीरता से लेते हुये पुलिस विभाग से संपर्क किया गया व थाने जाकर शिकायत दर्ज करवाया गया जिस पर पुलिस विभाग द्वारा संतोषजनक कार्रवाई न होनें पर सर्व धर्म महिला कल्याण समिति की अध्यक्ष पंकज लता यादव के नेतृत्व में महिलाओं का एक प्रतिनिधि मंडल पीडिता को लेकर पुलिस कप्तान से मिला और पूरे मामले की जानकारी देते हुए इस मामले में आरोपी पति के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने तथा उसके दूसरे विवाह के प्रयास पर रोक लगाने की मांग की गई। अंततः इस मामले में पुलिस कप्तान के निर्देश पर कोतरा रोड पुलिस ने इस मामले में आरोपी पति के खिलाफ धारा 494 व 498 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। एफआईआर होनें की भनक लगते ही आरोपी फरार बताया जा रहा है। पुलिस उसकी पतासाजी में लगी है।

# निगम बांटेगा शहर के पात्र लोगों को निःशुल्क नल कनेक्शन

■ **27 तक आवेदन कर सकते हैं गरीब हितग्राही**

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

निगम प्रशासन ने निगम क्षेत्र में निवासरत भवनस्वामी जिनके यहां निजी नल कनेक्शन उपलब्ध नहीं है उनके लिए आवेदन आमंत्रित करने हेतु पत्र जारी किए है अब कोई भी हितग्राही जल प्रदाय योजना से वंचित नही होगा। जल प्रदाय योजनांतर्गत आवेदन कर्ता को नगर निगम क्षेत्र में निवास के समर्थन में समेकित ध् सम्पत्ति कर भुगतान के रसीद की छाया प्रति जो वर्ष 2021-22 या उससे पुराने वर्ष का हो, जिसका भुगतान 30 अप्रैल 2022 के पूर्व किया गया हो। आवेदन कर्ता के यहाँ नल संयोजन के बाद मासिक शुल्क नियमित रूप से भुगतान करने का सहमति पत्र हो।आवेदन कर्ता के निवास के सामने से पेय जल वितरण लाईन (पानी टंकी भरने की राईजिंग पाईप लाईन नहीं हो) उपलब्ध हो एवं उनके निवास स्थान में नल कनेक्शन की सुविधा उपलब्ध नहीं हो, वे पात्र होंगे।ऐसे भवन स्वामी जिनके पास नगर निगम में कर भुगतान की रसीद हो, परन्तु निवास स्थान के पास पेय जल पाईप लाईन उपलब्ध नहीं है। ऐसे व्यक्ति यदि तत्काल नल कनेक्शन प्राप्त करना चाहते हो तो उन्हें नगर निगम की पाईप लाईन से नल कनैक्शन प्रदाय किये जाने के बाद स्वयं के संसाधन से निवास स्थान तक पाईप लाईन के माध्यम से पानी ले जाने की शर्त पर उन्हें भी नल कनेक्शन प्रदाय किया जायेगा, परन्तु उन्हें जल शुल्क का भुगतान नियमित रूप से करना होगा। ऐसे भवन स्वामी जिनके निवास के सामने अमृत मिशन योजना की पाईप लाईन बिछाई गई है, परन्तु उन्हें ट्यूब वेल योजना में बिछाए गये पाईप लाईन से जल आपूर्ति किया जा रहा है. ऐसे व्यक्ति को 30 अप्रैल 2022 तक जल शुल्क भुगतान की रसीद प्रस्तुत करने पर उनके नल कनेक्शन को अमृत जल प्रदाय योजना में बिछाये गये पाईप लाईन से नल संयोजन किये जाने का आवेदन प्रस्तुत करने पर कार्रवाई किया जा सकेगा।

# फिर पकड़ाया 40 लीटर महुआ शराब

**रायगढ़।** 16 मई को थाना प्रभारी सरिया उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल के हमराह स्टाफ द्वारा मुखबिर सूचना पर ग्राम टारपाली पिहरा के उत्तर कुमार मिरी घर के सामने शराब रेड कार्रवाई कर आरोपी को मोटर सायकल पर अवैध बिकी के महुआ शराब लाते हुए पकड़ा गया है। सरिया पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम टारपाली (पिहरा) का उत्तर कुमार मिरी अपने लाल-काला रंग के हीरो एचएफ डिलक्स में ग्राम पिहरा बस्ती से ग्राम टारपाली (पिहरा) अवैध रूप से अपने महुआ शराब ला रहा है, पुलिस टीम गवाहा लेकर गांव कार्रवाई के लिये पहुंचे और उत्तर कुमार मिरी के घर सामने छिपकर उसके आने का इंतजार कर कार्रवाई किये। आरोपी के पास से परिवहन किया जा रहा 40 लीटर महुआ शराब कीमती 8,000 रूपये एवं ४थ् डिलक्स मोटर सायकल की जप्ती कर आरोपी उत्तर कुमार मिरी पिता झाडुराम मिरी उर्फ टान्टून निवासी टारपाली (पिहरा) थाना सरिया को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



# उच्च शिक्षा मंत्री से स्नातकोत्तर स्तर के अतिथि व्याख्याताओं की कार्यकाल 31 जुलाई तक बढ़ाने की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



छ.ग.अतिथिव्याख्याता महासंघ ने स्नातकोत्तर स्तर के अतिथि व्याख्याताओं की सेवा अवधि 31 जुलाई तक बढ़ाये जाने की मांग उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल से किया है । गौरतलब है कि प्रदेश के सभी विश्वविघालयों में स्नातकोत्तर कक्षाओं की पढ़ाई सेमेस्टर पध्दति से संचालित हो रही है स्नातकोत्तर कक्षाओं को कुल चार सेमेस्टर में विभाजीत किया गया है और प्रत्येक सेमेस्टर की परीक्षा हर छैः माह में होती है प्रदेश के प्रायः सभी महाविघालयों में प्रोफेसर के पद रिक्त है और इन रिक्त पदों के विरूध्द शासन सभी महाविघालयों में अतिथि व्याख्याताओं की मियुक्ति कर अध्यापन कार्य करा रहे हैं । शिक्षण सत्र 2021-22 के लिए जिन अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति स्नातकोत्तर कक्षाओं को पढ़ाने के लिए हुआ था उन सभी अतिथि व्याख्याताओं की सेवा 30 अप्रेल को शासन व्दारा समाप्त कर दिया गया है जिससे स्नातकोत्तर कक्षाओं की पढ़ाई ठप हो गयी है और अतिथि व्याख्याताओं के समक्ष रोजीरोटी की समस्या उत्पन्न हो गयी है इन परिस्थितियों को देखते हुए छ.ग. अतिथि व्याख्याता महासंघ बस्तर संभाग के अध्यक्ष आशीषधर दीवान ने छ.ग. प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल को ज्ञापन देकर स्नातकोत्तर स्तर के अतिथि व्याख्याताओं की कार्यकाल 31 जुलाई तक बढ़ाने की मांग की है । दीवान ने बताया की प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा फरवरी 2022 में संपन्न हुआ है और उसके बाद मार्च माह से व्दितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की पढ़ाई प्रारंभ हुई है और इनका सेमेस्टर परीक्षा जुलाई अगस्त माह में होना संभावित है अभी दोनो सेमेस्टर की पढ़ाई पूरा नही हुआ है और कई कालेजों में इनका आंतरिक परीक्षा भी लेना बाकी है ।

शासन व्दारा समय से पहले ही अतिथि व्याख्याताओं की सेवा समाप्त कर देने और नियमित प्राध्यापक स्नातक स्तर के परीक्षा के मूल्यांकन कार्य में लगे होने के कारण स्नातकोत्तर कक्षाओं की सेमेस्टर पढ़ाई पूर्णता बंद हो गयी है जिससे छात्रों का भविष्य अधर में लटका हुआ है और शासन को इनकी तनिक भी चिंता नही है ।

# निजी एवं सरकारी विभागों में हुई भर्तियों की जानकारी तत्काल दर्ज करें पोर्टल में

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com



जांजगीर-चांपा जिला कलेक्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला ने 17 मई को जिला स्तरीय रोजगार मिशन की बैठक लेकर निर्देशित किया कि विगत 3 वर्षों में शासकीय, निजी क्षेत्रों में नौकरी एवं स्वरोजगार के दिशा में उल्लेखनीय कार्य किये गये हैं। नवीन पदों पर रोजगार का सृजन हुआ है। संबंधित विभागों द्वारा रोजगार मिशन के पोर्टल में रोजगार संबंधी जानकारी की प्रविष्टि सुनिश्चित की जाये, कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित रोजगार मिशन की जिला स्तरीय समिति की बैठक में कलेक्टर शुक्ला ने सभी महाप्रबंधक उद्योग विभाग, मुख्य कार्यपालन अधिकरियों को रोजगार सृजन एवं पदों पर हुई भर्ती के संबंध में आवश्यक जानकारी देते हुए पोर्टल में शासकीय और निजी क्षेत्र में हुई भर्ती के संबंध में जानकारी दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने एक सप्ताह के भीतर डाटा संग्रहित करने के निर्देश दिए, बैठक में में नवगठित जिला सक्ती की ओएसडी सुश्री नुपूर राशि पन्ना, जिला रोजगार अधिकारी, महाप्रबंधक उद्योग विभाग, श्रम अधिकारी, जनपद सीईओं, नगरीय निकायों के सीएमओं सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# अड़भार में स्वच्छ भारत मिशन गार्बेज फ्री सिटी के सर्वे के लिए सौंपी गई जिम्मेदारी

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com




नगर पंचायत अड़भार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत गार्बेज फ्री सिटी के सर्वे कार्य हेतु नगर पंचायत के अधिकारी/ कर्मचारियों को नियुक्त किया है,नगर पंचायत अड़भार के मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रताप सिंह राजपूत ने 17 मई 2022 को जारी आदेश में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत गार्बेज फ्री सिटी में सर्वे कार्य हेतु समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने एवं कर्मचारियों के कार्य का निरीक्षण करने हेतु नगर पंचायत के उपयंत्री मुजफ्फर हुसैन को नोडल अधिकारी बनाया है ,साथ ही नगर पंचायत के सफाई दरोगा विकास देवांगन को सफाई संबंधित समस्त कार्य एवं अपने कर्मचारियों के कार्यो का निरीक्षण कर कर्मियों को पूर्ण करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है,साथ ही नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी शिवकुमार को नाली सफाई एवं शहर के समस्त जीबीपी की साफ सफाई का कार्य, अनिल कुमार गर्ग को मिशन क्लीन सिटी से संबंधित समस्त कार्य एवं समस्त प्लांटों में सुविधाएं सुनिश्चित करना, सफाई कर्मचारी जीत कुमार छुरा को रोड कमर्शियल एरिया में साफ-सफाई एवं गार्बेज फ्री सिटी से संबंधित समस्त कार्यो का निरीक्षण करना तथा चालक जगजीवन टंडन को निरीक्षण संबंधित समस्त कार्यो के दौरान उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### तमनार क्षेत्र में पवन देव हुए नाराज

**रायगढ़।** जिले के विकासखंड तमनार में शासन का मुआवजा योजना का लाभ लगता है विश्वकर्मा भगवान तक नहीं पहुंचा इस कारण पवन देव के मदद से रातो रात तैयार हो रहे बड़े-बड़े मकान निर्माणाधीन शेड आंधी तूफान में उड़ गए है। या फिर यूं कहें कि स्थानीय शासन का मुआवजा पवन देव तक नहीं पहुंचा इसी कारण कल 15 मई को रविवार के दिन अचानक शाम को आए आंधी तूफान और तेज बारिश से मई निर्माणाधीन मकान के शेड उड़ गए। जब से उद्योगों के आने की आहट से बनाए जा रहे तीन टप्पर के सेड निर्माण पर पवन देव नाराज होकर कई सेड को उड़ा दिए है बता दे की तमनार औद्योगिक क्षेत्र में मुआवजे के लिए बनाए जा रहे कंस्ट्रक्सन तीन टप्पर के शेड निर्माण का काम हो रहा है इस मुआवजे के खेल पर बीते दिन हुए आंधी तूफान से कई सैड नष्ट हो चुके हैं अब इन मुआवजे के खेल वालों पर क्या बीतेगी यह तो पवन देव और कंपनी वाले ही बता पाएंगे हाँ पर इतना है कि सुदर्शन चक्र बने तीन टप्पर से कोई जनहानि नही हुई है।

# घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com



रात्रि समय घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने चौकी अड़भार पुलिस को मिली सफलता मिली है, दिनांक 16मई को प्रार्थिया चौकी अडभार थाना मालखरौदा में रिपोर्ट दर्ज करायी कि आरोपी शिव शंकर रात्रे 14मई के रात्रि घर घुसकर हाथ बांह पकड़कर जोर जबरदस्ती करते हुए छेड़खानी करने लगा कि रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध अप. क्र. 120/22 धारा 457, 354 भादवि कायम किया गया, प्रकरण की गंभीरता एवं महिला संबंधी अपराध का होन पाये जाने सेआरोपी शिवशंकर रात्रे के पतासाजी हेतु सायबर सेल से तकनीकी सहायता प्राप्त कर चौकी अड़भार पुलिस द्वारा विषेश टीम तैयार किया गया,सायबर सेलसे प्राप्त तकनीकी सूचना के आधार पर 17 मई को आरोपी को घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया, आरोपी शिव शंकर रात्रे उम्र 24 वर्ष निवासी बुन्देली चौकी अड़भार द्वारा घटना स्वीकार करने तथा आरोपी के खिलाफ अपराध सबूत पाये जाने से 17 मई को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल कराया गया, उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक नवीन पटेल, प्रआर पुष्पेंद्र कुमार आर जोगेश राठौर, उमेश साहू, सेतराम पटेल, राजेश धिरहे, रामकुमार यादव, उमेश सिदार एवं सायबर टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# युवक की लाठी डंडे से पीट-पीटकर हत्या

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com




रायगढ़ जिले में एक युवक की लाठी डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने युवक की मौत के 9 दिन बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

08 मई को इस केस में मरने वाले युवक के परिजनों ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि गंजाईभौना गांव का रहने वाला केशव कुमार 2 मई को रात के वक्त गांव के तालाब के पास बैठा था। उस समय गब्बर सिंह नाम का शख्स तालाब से मछली पकड़कर वापस लौट रहा था, तब केशव ने उससे कहा था कि गर्मी है, तालाब में पानी कम है। इसलिए तालाब से मछली मत पकड़ा करो। तालाब गंदा हो जाता है। बताया जा रहा है कि तालाब से मछली पकड़ने को लेकर विवाद हुआ था। जिसके चलते आरोपी ने युवक पर हमला कर दिया था। बाद में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई थी। अब पीएम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने इस केस में एफआईआर दर्ज की है। मामला केड़ार थाना क्षेत्र का है।

# बोर्ड की परीक्षाओं में चंद्रपुर के प्रतिष्ठित विद्यालय सरस्वती अंग्रेजी माध्यम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com

चंद्रपुर नगर के सरस्वती अंग्रेजी माध्यम विद्यालय ने छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा परिणामों में इतिहास रच दिया है ज्ञात हो कि चंद्रपुर अंचल में सरस्वती अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की स्थापना समलाई बाल कल्याण समिति द्वारा सन 2005 में की गई थी और स्थापना से अब तक हुई सभी बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों का परिणाम शत प्रतिशत रहा है, अर्थात बोर्ड कक्षाओं में इस विद्यालय से अभी तक कोई विद्यार्थी अनुत्तीर्ण नहीं हुआ है इस वर्ष भी इस रिकॉर्ड को बरकरार रखते हुए कक्षा दसवीं के सभी बच्चों ने प्रथम श्रेणी से पास कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है,जिसमें सभा सबानाज खातून(पिता-एम. डी. नसीम खान) ने 94प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, ऋषि अग्रवाल(पिता- गोविंद अग्रवाल)93प्रतिशत के साथ द्वितीय, एवं साक्षी पटेल (पिता-श्री कुबेर चरण) 92प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान, खुशी देवांगन (पिता-भुनेश्वर देवांगन) 91 प्रतिशत के साथ चतुर्थ स्थान एवं राज पटेल (पिता- गणेश राम) 91 प्रतिशत के साथ





पंचम स्थान पर रहे,उच्चतर माध्यमिक के परीक्षा परिणामों में विद्यालय की ममता चंद्रा (पिता- स्व.मोटेलाल चंद्रा) ने 86प्रतिशत अंकों के साथ संपूर्ण नगर में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं परिवार को गौरवान्वित किया है,84प्रतिशत अंकों के साथ हेमेंद्र मैत्री(पिता-सनत मैत्री) द्वितीय एवं 82प्रतिशत अंकों के साथ संजना पटेल (पिता- गयाराम पटेल) 81प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही,कक्षा के 47 में से 45 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय परिवार एवं समिति को गौरवान्वित महसूस कराया, समलाई बाल कल्याण समिती के अध्यक्ष, व्यवस्थापक, सदस्यों सहित प्राचार्य ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को उनके इस प्रदर्शन पर बधाइयां प्रेषित की।

# विधानसभा चुनाव की तैयारियों में अभी से जुट जाएं पार्टी कार्यकर्ता : रजनीश सिंह

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता आने वाले 2023 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों में अभी से बूथ स्तर पर जुट जाए तथा हम सभी बूथ स्तर पर सक्रियता के साथ पार्टी द्वारा निर्देशित कार्यक्रमों का क्रियान्वयन करें, कुशाभाऊ ठाकरे जन्मशताब्दी कार्य विस्तार योजना के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी ने प्रत्येक पोलिंग बूथों में समितियों को मजबूत करने की दिशा में यह कार्य प्रारंभ किया है, उक्तआशय की बातें भारतीय जनता पार्टी जांजगीर-चांपा जिले के संगठन प्रभारी एवं बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक रजनीश सिंह ने 18 मई को भारतीय जनता पार्टी शक्ति नगर मंडल के अंतर्गत स्टेशन परा शक्ति केंद्र वार्ड क्रमांक- 16, 17, 18 की शक्ति केंद्र की बैठक को संबोधित करते हुए स्थानीय स्टेशन रोड स्थित चंद्रा भवन के सभागार में कही,इस दौरान नगर मंडल की ओर से संगठन प्रभारी का स्वागत किया गया साथ ही इस दौरान प्रमुख रुप से मंच पर छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह गबेल, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अनूप अग्रवाल, भाजपा जिला मंत्री गोपी सिंह ठाकुर एवं टिकेंद्र सिंह बनाफ़र प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# छात्रा के साथ लूटपाट-मारपीट की वारदात से समूचा क्षेत्र सकते में

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com



कुछ दिनों पूर्व भाटापारा आईटीआई की छात्रा के साथ लूटपाट एवं मारपीट की सनसनीखेज वारदात से समूचा क्षेत्र सकते में नजर आ रहा है, और एक बार फिर शहर के सीमावर्ती सुनसान क्षेत्रों में नागरिक सुरक्षा को लेकर सवालों का सिलसिला शुरू हो गया है। भाटापारा शहर के सीमावर्ती क्षेत्र एवं गांव के मुहाने के बीच पडने वाले सुनसान क्षेत्र बड़ी तेजी के साथ अपराध, लूटपाट एवं असुरक्षा के केन्द्र बनते जा रहें हैं, आये दिन होती छुटपुट लूटपाट की घटनाएं लोगों को चिंता में डाल रहीं हैं। यदि ऐसा ही चलता रहा तो अपराध के हौसले बुलंद होंगें जो कि भविष्य में किसी बड़ी घटना की पृष्ठभूमि भी बन सकती है। एक ओर जहां सूनसान परिदृश्य अपराध को उकसाने और हौसला प्रदान करनें की वजह बनती है, वहीं कुछ सीमावर्ती क्षेत्रों में शराब की दुकानों का संचालन भी अपराधिक घटना की अहम वजह बनती प्रतीत हो रही है, मसलन शहर से लगे सिद्धबाबा धौराभाटा क्षेत्र जहां शराब दुकान के चलते शराबियों का जमावड़ा और हुड़दंगी माहौल, गौरतलब है कि इस क्षेत्र में प्रसिद्ध मंदिर सिद्धबाबा भी है जहां बड़ी संख्या में प्रतिदिन श्रद्धालुओं का आना जाना रहता है, उनके साथ भी बदसलूकी एवं लूटपाट की घटनाएं पूर्व में हो चुकी है। कुछ महीने पूर्व एक रेलवे कर्मचारी के साथ लूटपाट की घटना को इस रास्ते पर अंजाम दिया गया था। उस रेलवे कर्मचारियों को इस घटना में हाथ पैरों पर काफी चोट आई थी जिसकी शिकायत लिखित रूप से पुलिस थाने में की गई थी बावजूद अपराध का बढ़ता ग्राफ एक चिंतनीय विषय है। इसके अलावा सुरखी क्षेत्र में भी इन्ही परिस्थितियों के चलते आये दिन संवेदनशील घटनाओं की परिस्थिति बनती नजर आती है। भाटापारा जैसे शांत एवं घर्मप्रिय क्षेत्र में बन रही अपराध की परिस्थितियां निःसंदेह चिंताजनक है, जिसके चलते आमजनमानस के बीच यही आवाज बुलंद होती नजर आ रही है कि शहर के सूनसान क्षेत्रों में घट रही घटनाओं पर पुलिस प्रशासन का अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने में लाचार दिखाई पड़ता है। इसके लिये पर्याप्त गंभीरता बरतते हुए इस दिशा में ठोस आयाम निर्माण की दरकार है, जिसके तहत सतत मानीटरिंग आवश्यक है जिससे आपराध करने वालों के मन में यह भय व्याप्त हो कि उनकी स्वछंदता पर कानून की सतत निगरानी एवं कडाई भरा लगाम है, जिससे शहर के आम नागरिको के दिलो में निर्भिकता का अहसास हो।

## प्रतिभागियों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए किया विधायक ने प्रोत्साहित किया



**भाटापारा।** नगर में संचालित भारत माता सैनिक निःशुल्क एकेडमी में पहुंचे भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा, प्रतिभागियों को निःशुल्क ट्रेनिग देने के लिए पूर्व सैनिकों को धन्यवाद देने के साथ प्रतिभागियों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए किया प्रोत्साहित। भाटापारा के रावनभाटा में पूर्व सैनिकों के द्वारा निःशुल्क संचालित भारत माता एकेडमी जहाँ प्रतिभागियों को पुलिस, आर्मी, बीएसएफ़, एसआई आदि पदों के लिए शारीरिक तौर पर तैयार किया जाता है जिसमे अभी लगभग 70 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे है वहा आज क्षेत्रीय विधायक शिवरतन शर्मा निरीक्षण करने पहुचे और वहां की व्यवस्थाओं को देख कर प्रशिक्षण देने वाले पूर्व सैनिक सुनील तिवारी सहित अन्य सैनिको की तारीफ की साथ वहां मौजूद प्रतिभागियों के उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें टी शर्ट व निक्कर देने की घोषणा की। विधायक के द्वारा पूर्व में भी प्रशिक्षण की जरूरी सामग्री भी दी जा चुकी है वही पूर्व सैनिक सुनील तिवारी में बताया कि एकेडमी में शारीरिक दक्षता दी जाती है साथ ही उच्च प्रशिक्षित शिक्षकों के द्वारा अभाव ग्रस्त प्रशिक्षार्थियों को निःशुल्क रिटर्न व परीक्षा की तैयारी भी कराई जाती है ताकि क्षेत्र के बेरोजगार अधिक से अधिक संख्या में अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर सके।

# सरायपाली बीएमओ अब डॉक्टर बीवी कोसरिया होंगे

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com



खंड चिकित्सा अधिकारी का पदभार डॉ भारत भूषण कोसरिया को दिया गया है तथा तत्कालीन बीएमओ डॉ नारायण साहू को वापस बसना भेजा गया है विदित हो कि वर्ष 2019 में डॉक्टर भारत भूषण कोसरिया कुछ माह बीएमओ के प्रभार में रहने के उपरांत उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु बिलासपुर चले गए थे । पीजी करके वापसी के पश्चात 8 माह के इंतजार बाद उन्हें बीएमओ का प्रभार दिया गया है कुछ लोगों के द्वारा विगत दिवस सीएचसी सरायपाली में घटित घटना को बीएमओ बदलने के रूप में देखा जा रहा है।

## झुग्गी झोपड़ी निवासियों को नोटिस देकर किया जा रहा है परेशान: गालिब



**सरायपाली।** एक तरफ़ जहां गरीबों के लिए सरकार आवास योजना के जरिए ग़रीब वर्गों को मकान मालिक बना रही है और दुसरी तरफ बेजा कब्जा धारी बता कर उन्हें नोटिस थमा रही है समाजसेवी गालिब हुसैन ने विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि वार्ड नं 2 महल पारा मे विगत दिनों कुछ ग़रीब वर्ग वालों को बेज़ा कब्जा का नोटिस थमाया गया है ग़रीब वर्ग जहां शासन कि आवास योजना से घर बनाने में कामयाब हुए हैं जिसमें आज़ भी वे लोग कर्ज तले दबे हुए हैं ऐसे में उन्हें नोटिस जारी कर जबरन मानसिक एवं आर्थिक चोट पहुंचाने कि कोशिश कि जा रही है आज़ कोरोना काल के बाद आम गरीब आदमी बहुत मुश्किल से अपना और अपने परिवार का पोषण कर पा रहा है।

## पुरानी बातों को लेकर ससुर ने की बहू की हाथ मुक्का से पिटाई

**सरायपाली।** शहर से लगभग 27 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम बांझापाली की शीला कुम्हार ने सिघोडा आरक्षी केन्द्र में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ग्राम बांझापाली मे अपने पति एवं सास ससुर के साथ रहती है मेरे पुत्र किरण कुम्हार को गांव मे पागल कुत्ता द्वारा काट देने से इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई उसी बात को लेकर मेरे ससुर द्वारा बार-बार पुरानी बात को लेकर अश्लील गाली-गलौच कर हमेशा प्रताड़ित करते रहता है जो बुधवार को अपने घर आंगन में काम कर रही थी तो मेरे सुसर भोलाराम कुम्हार द्वारा मुझे गाली गलौच कर हाथ मुक्का व ईटा से मारपीट किया है जिससे मेरे माथा एवं पीठ मे चोट आई है जाते-जाते जान से मारने की धमकी दिया है। पुलिस ने प्राथिया कि शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

# सेवा सहकारी समिति देवकर में किसान चौपाल का हुआ आयोजन

**देवकर।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, दुर्ग के आदेशानुसार जिले के सहकारी समितियों में खरीफ वर्ष 2022 में शिविर/चौपाल का आयोजन 11 मई से 21 मई तक किया जा रहा है। इसी तारतम्य में सेवा सहकारी समिति मर्यादित देवकर प. क्र. 1606 में खरीफवर्ष के तहत बुधवार को कृषक शिविर चौपाल के तहत वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन समिति प्रांगण में किया गया। जिसके अंतर्गत किसानों को खाद, बीज वितरण, वर्मी कंपोष्ट, केसीसी कार्ड, सदस्यता वृद्धि, गौपालन, मत्स्य पालन, बैंक स्तर के विभिन्न प्रकार के ऋण, धान के बदले अन्य प्रकार के फसलों के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने की जानकारी और उद्यानिकी विभाग के योजनाओं की जानकारी उपस्थित किसानों को दी गई द्य कार्यक्रम में के के नायक शाखा प्रबंधक, के के यादव समिति प्रबंधक, कृषि विस्तार अधिकारी नीलेश साहू , झग्गर राम देवांगन अध्यक्ष, तारकेश्वर साहू और अशोक सिन्हा संचालक मंडल सदस्य, समिति के समस्त कर्मचारी और समिति अंतर्गत नगर देवकर, डेहरी, जामगांव, खुरुसबोड और राखी के कृषक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### फसल चक्र परिवर्तन जरूरी

कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को बताया कि आज की परिस्थिति में फसल चक्र परिवर्तन करना जरूरी हो गया है। क्योंकि एक ही जमीन में बार बार धान लगाने की वजह से जमीन का पोषक तत्व की कमी हो गई है इसके लिए चना या गेहूं की फसल लगाने की आवश्यकता है और उन्होंने जैविक खाद की उपयोगिता को भी बताया और कृषि विभाग की योजनाओं के विषय में विस्तार से बताया साथ ही गन्ना लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया। शाखा प्रबंधक के के नायक ने बैंक की योजनाओं के विषय में अपनी बात रखी। समिति प्रबंधक के के यादव ने समिति के क्रियाकलापों के विषय में किसानों को अवगत कराया और खाद के अग्रिम उठाव की बात कही।



## एमेज़ॉन ने स्थानीय स्टोर को डिजिटल दुकान में बदलने के लिए 'स्मार्ट कॉमर्स' लॉन्च किया

**रायपुर।** कोई भी स्टोर अब अपने स्टोर संचालन को डिजिटाइज़ कर सकेगा, स्टोर पर आने वाले ग्राहकों के लिए इन-स्टोर अनुभव को बढ़ा सकेगा, और एमेज़ॉन की सर्वश्रेष्ठ सर्विस द्वारा मिनटों में अपना ऑनलाइन स्टोरफ्रंट बना सकेगा, एमेज़ॉन ने 2025 तक एक करोड़ छोटे व्यवसायों को डिजिटाइज़ करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई, अपने प्रमुख वार्षिक शिखर सम्मेलन एमेज़ॉन संभव में एमेज़ॉन इंडिया ने स्मार्ट कॉमर्स के शुभारंभ की घोषणा की जोकि स्थानीय स्टोर को डिजिटल दुकान में बदलने के लिए एक नई पहल है, और 2025 तक 1 करोड़ छोटे व्यवसायों को डिजिटाइज़ करने की अपनी प्रतिज्ञा को तेजी से लागू करने की प्रतिबद्धता जताई। एमेज़ॉनडॉटइन का उपयोग कर 1.5 लाख से अधिक स्थानीय स्टोर पहले से ही ऑनलाइन बिक्री कर रहे हैं। स्मार्ट कॉमर्स के साथ, स्टोर अब और आगे बढ़ सकते हैं और अपने ऑफ़्लाइन संचालन को डिजिटाइज़ कर सकते हैं, अपने स्टोर पर आने वाले ग्राहकों को इन-स्टोर खरीदारी अनुभव प्रदान कर सकते हैं, और सीधे ग्राहकों की सेवा के लिए अपने स्वयं के ऑनलाइन स्टोरफ्रंट बना सकते हैं।

## बलौदा बाजार सीमेंट संयंत्र के अडियल रवैया के खिलाफप्रदेश की कांग्रेस सरकार हमेशा अडिग है: शैलेश नितिन त्रिवेदी




**बलौदाबाजार।** राजपत्र में प्रकाशन के नियम अनुसार कार्यरत अधिकारी य कर्मचारी का 60 से 65 की आयु में सेवानिवृत्त किया जाना चाहिए किंतु कुछ सीमेंट संयंत्रों के नियम विरुद्ध स्थानीय कार्यकर्ता लोगों को समय अवधि के पूर्व ही सेवा सेवा निवृत्त का आदेश थमाया जा रहा है जिसकी कई लिखित शिकायतें लगातार सरकार व सरकार शैलेश नितिन त्रिवेदी कैबिनेट मंत्री प्राप्त के पास पहुंची है जिला के कुछ सीमेंट फैक्ट्रियों द्वारा सीमा के पूर्व मनमाने तरीके से स्थानीय लोगों को सेवानिवृत्ति किया जा रहा है उक्त बातें कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त शैलेश त्रिवेदी प्रेस वार्ता के दौरान कही उक्त संबंध में यह भी बताया गया कि सीमेंट प्लांट की मनमानी से सरकार के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित श्रम मंत्री डेहरिया को भी अवगत कराया जाएगा और संबंधित सीमेंट संयंत्रों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी साथ ही पीड़ित आवेदकों को न्याय दिलाकर रहेंगे कार्य मजदूर आदि के पक्ष में सीमेंट संयंत्रके रवैए के खिलाफ प्रदेश की कांग्रेस सरकार हमेशा रही है उक्त संबंध में प्राप्त शिकायत पत्र व प्रमाण पत्र के आधार पर कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा कि समय के पूर्व में कार्य किसी भी मजदूर को सेवानिवृत्त को न निकाला जाए प्रेस वार्ता के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर अध्यक्ष विक्रम गिरी शहर अध्यक्ष रूपेश ठाकुर गणेश शंकर साहू संजय सोनी फारुकी अहमद के अध्यक्ष सालिक सिंह ठाकुर भुनेश्वर वर्मा मनोज प्रजापति मनीष मिश्रा रवि नामदेव बड़ी संख्या में कांग्रेस जन कार्यकर्ता एवं पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित थे।


## संत निरंकारी मंडल में आयोजित समर कैंप का समापन



**तिल्दा नेवरा।** संत निरंकारी मंडल द्वारा आयोजित समर कैंप का 15 मई को पूरा का कार्य म किया गया। जहां सभी ने 15 दिनों में जो सिखा उसे प्रतियोगिता के रूप में दिखाया। कुकिंग, मेहंदी, डांस, ड्रॉइंग, एरोबिक्स, आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स, क्रिकेट, स्पोकन इंग्लिश, क्लासिकल डांस, केक बेकिंग ये सबी क्लासेस का पूरा हुआ। जहान पर जज ने अपने जजमेंट देकर 1, 2, 2, 3, भी चुना। और सभी को संत निरंकारी मिशन के मुखी महात्मा श्री सुंदरदास जसवानी जी द्वारा सम्मान के रूप में तोहफे भी दिए गए। सबी ने 15 दिनों में बहुत कुछ पढ़ा और सभी ने बहुत से सवाल भी किए। अभिलाषा अग्रवाल ने बताया कि संत निरंकारी ग्रुप के समर कैंप में शामिल होने का अनुभव बहुत अच्छा रहा। इसमें हम आपके बच्चों के साथ क्लासेस तो किए ही और भी बहुत लोगों से मिले उन्हें जाना और हमारी दोस्ती हुई। फिटनेस के लिए जागरूक हुए हैं। बच्चे भी 15 दिनों तक बहुत एन्जॉय किया। संत निरंकारी मंडल द्वारा निरंकारी भवन में 5 साल से लेकर 30 साल तक के बच्चों एवं बड़ो के लिए समर कैम्प का आयोजन किया था। जिसका समापन 15 मई को किया गया।

## सरपंच अधिकारियों को दबाव बनाकर निकलवा रहा है काम





**तिल्दा-नेवरा।** खरोरा तहसील ग्राम पंचायत खौना के पटवारी आदित्य शुक्ला के ऊपर कुछ ग्रमीणों द्वारा रूपये मांगे जाने की बात कही जा रही थी जिसके सत्यता जानने के लिए ग्राम पंचायत खौना गए थे जहां पर ग्रामीणों से जानकारी लिया गया कुछ पंच एवं ग्रामीणों का कहना है की पटवारी आदित्य शुक्ला जब से पदस्त हुए है उनके द्वारा कभी भी पैसे की मांग नहीं किया गया है किसी भी किसान और ग्रामीणों के काम का त्वरित निपटारा करते है। ग्राम पंचायत खौना के पंच ओमकार साहू ने बताया की गांव का सरपंच हेमंत सिंह ठाकुर अपने पद का दुरूपयोग कर रहा है हमने उसके खिलाफ पूर्व में दो बार कलेक्टर और- अनुसूचित जन जाति आयोग में शिकायत दर्ज करवाया था की सरपंच द्वारा आदिवासी नाबलिग बच्चो से नाली सफाई का काम करवाया गया है / कलेक्टर से सरपंच द्वारा किये जा रहे भरस्टाचार एवं वित्तीय अनियमितता के संबंध में शिकायत भी किया गया था परन्तु दोनों शिकायतों पर उचित कार्यवाही नहीं हुआ गांव के सरपंच द्वारा शाशकीय अधिकारियो पर दबाव बनाया जाता है और जो उसकी बात नहीं मानता उसकी बेबुनियाद शिकायत किया जाता है ग्रामीणों ने कहा की पटवारी आदित्य शुक्ला पर लगाया गया आरोप निराधार है।

## परमार्थ की भावना ही व्यक्ति को महान बनाती है: आचार्य नंदकुमार शर्मा





पायनियर संवाददाता तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

मिशन कॉलोनी तिल्दा मे जारी भागवत कथा के तीसरे दिन सोमवार को भागवत आचार्य पंडित नंदकुमार जी शर्मा निनवा वाले ने कथा के माध्यम से कहा कि मनुष्य रूप में जन्म लेने मात्र से जीव को मानवता प्राप्त नहीं होती। यदि मनुष्य रूप में जन्म लेने के बाद भी किसी में स्वार्थ की भावना भरी हुई है तो वह मानव होते हुए भी राक्षसी वृत्ति के पायदान पर खड़ा रहता है। यदि व्यक्ति स्वार्थ की भावना को त्याग कर हमेशा परमार्थ भाव से जीवन यापन करे तो निश्चित रूप से वह एक अच्छा इंसान है। परमार्थ की भावना ही व्यक्ति को महान बनाती है। व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा, संग्रह आदि का त्याग करके विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए। उन्होंने ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आह्वान किया। अपने विचारों पर पैनी नजर रखते हुए बुरे विचारों को अच्छे विचारों से जीतते हुए अपने मानव जीवन को सुखमय एवं आनंद मय बनाना चाहिए। मानव जीवन सभी प्राणियों में श्रेष्ठ है। भगवान की कृपा होने पर ही मानव जीवन प्राप्त होता है। मनुष्य अपने कर्म फ्ल को श्रेष्ठ बनाकर देवता भी बन सकता है। आचार्य जी ने कहा कि जब मनुष्य जीवन मे स्वार्थ आता है तो वह केवल अपने लाभ और स्वार्थ पूर्ति के बारे मे ही सोचता है. दूसरे को हानि पहुचा कर भी स्वार्थ पूरा करने मे लगा रहता है. जब तक व्यक्ति का स्वार्थ पूरा नहीं होता तब तक वह अपना अपना करते रहता है जिस दिन व्यक्ति का स्वार्थ पूरा हो जाता है उस दिन वह उसे पराया समझने लगता है. आगे कहा कि संतों का जीवन निर्मल होता है।

## फिनिक्स पोल्ट्री फार्म के मजदूरों को शासन के तय दर से नहीं मिलता वेतन

**तिल्दा-नेवरा।** पोल्ट्री फार्म के गेट पर मजदुरो ने प्रदर्शन कर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए सात दिन का दिया अल्टिमेटम, शिवसेना के जिलाध्यक्ष संतोष यदु के नेतृत्व में तिल्दा नेवरा चाँपा स्थित फिनिक्स पोल्ट्री फार्म के कामगारो ने काम बंद कर फार्म के गेट पर प्रदर्शन किया जिसको देखते हुए फार्म के जिम्मेदार प्रबंधन के अधिकारी मजदुरो की बातो को सुनने के बजाए वहां से रफुचक्कर हो गया। जिसके बाद सभी मजदुर ट्रेक्टर व मोटर सायकल से तिल्दा-नेवरा तहसीलदार कार्यालय पहुंचे और मजदुरो को शासन के तय दर के अनुसार वेतन भत्ता देना होगा प्रबंधन की मनमानी नहीं चलेगी के नाराबाजी करते हुए प्रदर्शन कर तहसीलदार को कलेक्टर व जिला श्रम अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर सात दिवस के अंदर जाँच कर राज्य सरकार के तय श्रम नियम के अनुसार चाँपा पोल्ट्री फार्म में काम करने वाले सभी मजदुरो को वेतन भत्ता एवं अन्य सुविधाए प्रदान किया जाए अन्यथा सभी मजदुर अपना काम बंद कर अनिश्चित काल के लिए जबतक माँगे पुरी नहीं हो जाती हड़ताल पर चले जाएगे।

Aavas FINANCIERS LTD
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

**आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड**
(पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात) (CIN: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्यालय: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

**कब्जा नोटिस**

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड (पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात)** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13(12) और सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया गया। नीचे तालिका में उनके सामने दर्शाए अनुसार राशि का मांग पत्र प्राप्ति के 60 दिन के अंदर भुगतान करने की मांग की गयी। यह है कि ऋणी सम्बंधित राशियों का भुगतान करने में विफल रहे अत: ऋणीयों तथा आम जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13(4) सहपठित नियम 9 के नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य तालिका में उनके सामने दर्शाई गई दिनांक को ग्रहण कर लिया है। ऋणियों व जमानतियों को विशिष्टया तथा सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। इन सम्पत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार निम्न खातों के सामने दर्शाई गई बकाया राशि तथा उन पर ब्याज व खर्चों के लिए आवास फाईनेंस **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड (पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात)** के प्रभार के अध्यधीन होगा।

| ऋणी का नाम | धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख एवं प्रकार |
|---|---|---|---|
| **संतोष कुमार साहू**, अश्वनी साहू, खोलबहरा साहू, श्रीमती सुमित्रा साहू जमानतदार : मोहित राम साहू खाता सं. LNJAC02919-200119221 | 8 मार्च 22 ₹ 673978/- बकाया दिनांक 7 मार्च 22 तक | ग्राम नवागढ़, पीएच नं. 09, खसरा नं. 3748/3 (खसरा नं. 3748/2 का भाग), नवागढ़, जंजगीर, चम्पा, छत्तीसगढ **क्षेत्रफल 0.162 हेक्टेयर** | सांकेतिक कब्जा दिनांक 16 मई 22 |

स्थान : जयपुर दिनांक 19-05-2022 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

**CHANGE OF NAME**

By this deed I, the undersigned **MANISH NATHANI** [New Name] Previously called - **MANISH KUMAR NATHANI** [Old Name] Doing- **BUSINESS**, [Give profession or vocation] AND Presently Residing at **11/1, SHREE NIWAS, G. NO. 08, NEW SHANTI NAGAR, SHANKAR NAGAR, RAIPUR TEHSIL & DISTRICT - RAIPUR, CHHATTISGARH** do hereby solemnly affirm & declare on oath as under :-

1. That for and on behalf of myself and my Wife, children and remitter issue, I wholly renounce/relinquish and abandon the use of my former name/surname of **MANISH KUMAR NATHANI** and in place thereof, I do hereby assume from this date the name/surname- **MANISH NATHANI** so that I and my Wife, children and remitter issue may hereafter be called, known and distinguished not by my former name/surname, but assumed name/surnameof **MANISH NATHANI.**
2. That for the purpose of evidencing such my determination declare that I shall at all times hereafter In all records, deeds and writings and in all proceedings, dealings and transactions, private as well as upon all occasions whatsoever, use and sign the name of **MANISH NATHANI** as my name/surname in place and in substitution of my Former name/surname.
3. That I expressly authorize and request all persons in general and relatives and friends in particular, at all times hereafter to designate and address me, my Wife, my children, and remitter issue by such assumed name/surname of **MANISH NATHANI.**
4. In witness whereof I have hereunto subscribed my former and adopted name/surname of **MANISH KUMAR NATHANI** and **MANISH NATHANI** affix my signature and seal, if any, this 18th day of MAY 2022.

**DATE: 18/05/2022**
Former Name : **MANISH KUMAR NATHANI**

**कार्यालय नायब/तहसीलदार बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम पंचायत-**चमारी** के समस्त आश्रित ग्राम **पोंडी** को सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शित कॉलम नम्बर-03 के आवेदकों द्वारा कॉलम नम्बर-04-06 के निम्नांकित हितग्राही/हितग्राहियों का जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पेश किया गया हैः-

**ग्राम का नाम-** चमारी, **आवेदक का नाम-** लक्ष्मण, **हितग्राही का नाम-** भागवत, **आनलाईन आवेदन क्रमांक-** 0705012114013750, **जिस जाति का प्रमाण पत्र जारी किया जाना है-** केंवट।

अतः उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 01/06/2022 तक प्रमाणित दस्तावेजी साक्ष्य के साथ दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक में दावा/आपत्ति प्रस्तुत न करने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 17/05/2022 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 17/05/2022
पेशी दिनांक - 01/06/2022

मुहर **नायब/तहसीलदार बोड़ला जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**न्यायालय नजूल अधिकारी मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

**// उद्घोषणा //**

प्रकरण क्र. / / अ-6/2021-22
पक्षकार - श्री **मुकेश उप्पल पिता स्व. हरिशचंद उप्पल एवं एक अन्य** निवासी परमहंस वार्ड मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.) ............ आवेदक

**विरूद्ध**

श्री **सुधीर गोवर्धन पिता स्व. बालकृष्ण गोवर्धन** साकिन 9/2 सहकारी मार्ग कालोनी रायपुर तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) ............ अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम/मोहल्ला पडावपारा मुंगेली, जिला मुंगेली को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मुकेश उप्पल पिता स्व. हरिशचंद्र उप्पल एवं एक अन्य, निवासी परमहंस वार्ड मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली छ.ग. मुंगेली द्वारा मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नं. 28 डी, प्लाट नं. 12/1 क्षेत्रफल 29 व.मी. पर नजूल रिकार्ड में अपना नार्म दर्ज किए जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः एवं मोहल्ला पडावपारा मुंगेली तहसील मुंगेली जिला मुंगेली स्थित उपरोक्त नजूल भूमि नामांतरण के संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 20/05/2022 को न्यायालीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा/आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

ईश्तहार आज दिनांक 06.05.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर **(तीर्थराज अग्रवाल) नजूल अधिकारी मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय नजूल अधिकारी मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

**// उद्घोषणा //**

प्रकरण क्र. / / अ-6/2021-22
पक्षकार - श्री **रामलाल निषाद पिता स्व. श्री बुधराम निषाद** निवासी गांधी वार्ड मुंगेली जिला मुंगेली (छ.ग.) ............ आवेदक

**विरूद्ध**

छ.ग.शासन ............ अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम/मोहल्ला बडा बाजार मुंगेली, जिला मुंगेली को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रामलाल निषाद पिता स्व. बुधराम निषाद, निवासी राजेंद्र वार्ड मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नं. 28 डी, प्लाट नं. 127, 128, 129 क्षेत्रफल 351 व.मी. पर फौती दर्ज कर नजूल रिकार्ड में अपना नार्म दर्ज किए जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः एवं मोहल्ला राजेंद्र वार्ड मुंगेली तहसील मुंगेली जिला मुंगेली स्थित उपरोक्त नजूल भूमि नामांतरण के संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 24/05/2022 को न्यायालीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा/आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

ईश्तहार आज दिनांक 10.05.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर **(तीर्थराज अग्रवाल) नजूल अधिकारी मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय नजूल अधिकारी मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

**// उद्घोषणा //**

क्रमांक क्र./वा/नजूल/2022 मुंगेली, दिनांक 10.05.2022
श्रीमति **विजया दयाल पति स्व. श्री दयाराम दयाल,** निवासी ग्राम करही मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.)............ आवेदक

**बनाम**

छ.ग.शासन ............ अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम/मोहल्ला बडा बाजार मुंगेली, जिला मुंगेली को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमति विजया दयाल पति स्व. श्री दयाराम दयाल,** निवासी मोहल्ला ग्राम करही मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा स्वतः उपस्थित होकर नगर मुंगेली के मोहल्ला करही मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 67, प्लाट नं. 3/1, क्षेत्रफल 200 व.मी. भूमि जिसका नजूल कर निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालों को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 27.05.2022 को दिन के 02:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्तयार/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

ईश्तहार आज दिनांक 10.05.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर **(तीर्थराज अग्रवाल) नजूल अधिकारी मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय नजूल अधिकारी मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

**// उद्घोषणा //**

प्रकरण क्रं. 202203250800018/अ-20(1)/21-22
पक्षकार - **श्री मनोज नामदेव पिता दुष्यंत नामदेव** निवासी शंकर वार्ड मुंगेली जिला मुंगेली (छ.ग.) ............ आवेदक

**विरूद्ध**

छ.ग.शासन ............ अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम/मोहल्ला शंकर वार्ड मुंगेली, जिला मुंगेली को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मनोज नामदेव पिता दुष्यंत नामदेव, निवासी मोहल्ला शंकर वार्ड मुंगेली, तह. व जिला मुंगेली स्वतः उपस्थित होकर नगर मुंगेली शंकर स्थित नजूल भूमि शीट नं. 39 ए, प्लाट नं. 132, क्षेत्रफल 231 वर्गमीटर का नजूल कर निर्धारण किए जाने बाबत् इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः एवं मोहल्ला शंकर वार्ड मुंगेली तहसील मुंगेली जिला मुंगेली स्थित उपरोक्त नजूल भूमि का अभिलेख दुरूस्ती के संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 31/05/2022 को न्यायालीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा/आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

ईश्तहार आज दिनांक 17/05/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर **(तीर्थराज अग्रवाल) नजूल अधिकारी मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. /2021-22

ग्राम सिघनपुरी के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शंकरलाल आ. धीरपाल जाति सतनामी निवासी सिघनपुरी तहसील मुंगेली व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम सिघनपुरी हल्का नं 21 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं 11, 73, 80/2, 91, 124/3, 125/1, 134, 169, 184/2, 195, 196/2, 197/1, 200, 238/2, 246 रकबा कुल 6.474 हे. को डुप्लीकेट किसान किताब हेतु आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 27/05/22 को समय 11:00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 17/05/22 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**// राजस्व मामले में नोटिस //**

मामले का विषय-अपील
अपील मामला क्रमांक 44- अ-6/2021-22

कनकबाई **विरूद्ध** जनकराम
ग्राम-खम्हरिया
तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.)

**दावा**

1. जनकराम पिता मोतीलाल जाति सतनामी निवासी ग्राम खम्हरिया तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.)

आपको सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त मामले की सुनवाई तारीख 31.05.2022 को दिन के 11:00 बजे स्थान न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली पर होगी

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली (छ.ग.)**

# घुमका में बर्खास्तशुदा पटवारी चला रहा है समानांतर पटवारी दफ्तर

## पटेवा में धान खरीदी केंद्र के सामने सरकारी जमीन पर दिलाया कब्जा, सक्षम अधिकारी के आदेश बिना बर्खास्त पटवारी ने किया सीमांकन

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

घुमका राजस्व सर्किल के कुछ पटवारी हल्कों में लंबे समय से दलालों का कब्ज़ा हो गया है। पटवारी के सहायक बतौर काम कर रहे एक बर्खास्तशुदा पटवारी के वसूली का कारोबार जोरों पर चलने की खबर है। राजस्व सम्बन्धी तमाम कामों के लिए हल्का पटवारी की भूमिका में फील्ड से लेकर कार्यालय तक पूरे काम को अंजाम तक पहुंचाने के एवज में मोटी रकम की वसूली के बड़े खेल से इलाके के किसान काफी परेशान हैं। शीघ्र काम निपटाने के चक्कर में किसान मजबूर हैं।

कुछ पटवारियों के कार्यालय में एक बर्खास्तशुदा पटवारी का दखल काफी विवादों में घिरता जा रहा है। स्थिति ये है कि उक्त बर्खास्त शुदा पटवारी ही कुछ हल्कों के राजस्व सम्बन्धी कामों को पूरा करने में लगा हैऔर इसके चलते भूमाफियाओं का काम आसान हो गया है। यहां तक कि सरकारी जमीन में भी बेतहाशा कब्जा बढ़ता जा रहा है। पटेवा में भूमाफिया एक पूर्व सरपंच के कहने पर धान खरीदी केंद्र की जमीन तक इस बर्खास्तशुदा पटवारी ने नापने की हिमाकत दिखा दिया और राजस्व विभाग मूकदर्शक बना रहा।

अंततः फर्जी आबादी पट्टे की आड़ में उक्त भूमाफिया को धान खरीदी केंद्र के सामने मुख्य मार्ग की बेशकीमती जमीन को अवैध रूप से नापकर कब्जा तक दिलवा दिया और अब उस जमीन पर निर्माण चालू हो गया। जबकि उक्त जमीन के सीमांकन का आवेदन तक अधिकारियों के पास प्रस्तुत नहीं किया गया है। ऐसे दर्जनों मामले में बर्खास्तशुदा पटवारी की भूमिका बतायी जा रही है।

### बर्खास्त पटवारी के घर से हो रहा काम

यही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के फर्द बंटवारे के लिए जमीन की नापजोख कर आपसी बंटवारे का पूरा दस्तावेज तैयार कर हल्का पटवारी के मार्फ़त सक्षम अधिकारियों से आदेश जारी करवाते हुए अभिलेखों को सुधार करने के खेल में बड़े लेनदेन की शिकायत बतायी जा रही है। बोटेपार क्षेत्र के किसानों के अनुसार उक्त बर्खास्त पटवारी के घर में बकायदा एक समानांतर पटवारी कार्यालय संचालित हो रहा है और दलाली में लिप्त उक्त बर्खास्त पटवारी के घर में सुबह से शाम तक किसानों की भीड़ लगी रहती है।जमीन की नापजोख से लेकर चौहद्दी, नक्शा बटांकन फर्द बंटवारा और तमाम दस्तावेजी कार्यो को मोटे लेनदेन के बाद पूरा किया जा रहा है।

### सारा काम यही संभाल रहे

स्थिति यहां तक पहुंच चुकी है कि सम्बंधित हल्का पटवारी का पूरा काम कथित बर्खास्त शुदा पटवारी सम्भाल रहा है।अनुमान के मुताबिक रोजाना हजारों रुपये की उगाही की जा रही है और किसानों की विवशता पर अफसरों का भी ध्यान नहीं है। शिकायतों से बचने के फे र में क्षेत्र के कुछ गांव में सुबह सुबह पहुंचकर दलाली में लिप्त उक्त बर्खास्तशुदा पटवारी अभिलेख मूल नक्शा और जरीब लेकर एक सहयोगी के साथ जमीन की नापजोख और राजस्व सम्बन्धी कामों को निपटाने गांव पहुंचने की शिकायत मिलती है। मौके पर जांच करने से सम्बंधित हल्का का राजस्व अभिलेख आसानी से मिल सकता है।

### शासन को भी राजस्व की क्षति

दलाली के इस खेल से केवल किसानों को ही नहीं शासन को भी करोड़ों रुपये का चुना लगाये जाने की गम्भीर शिकायत बतायी जा रही है। कलडबरी से पटेवा तक सड़क मजबूती करण एवम चौड़ीकरण कार्य में कुछ किसानों के खेत एवं पटेवा बस्ती के कई मकान भी प्रभावित होकर सड़क निर्माण के जद में आ चुका है परंतु दुर्भाग्य कि इस मुआवजा प्रकरण को तैयार करने के लिए राजस्व और लोक निर्माण विभाग के पास कर्मचारी नहीं होने का हवाला देकर कथित दलाल से मुआवजा प्रकरण तैयार करवाया गया। सूत्रों के अनुसार अधिग्रहित भूमि से अधिक क्षेत्रफल का मुआवजा और गलत मूल्यांकन करने के चलते सरकार को लाखों रुपये की क्षति पहुंचाने के मामले की बारीकी से जांच करने पर बड़ा खुलासा हो सकता है। प्रभावित ग्रामीणों ने कुछ साल पहले तत्कालीन मंत्री राजेश मूणत और पूर्व सांसद अभिषेक सिंह का पटेवा में घेराव कर काफी हंगामा किया था। जिसके चलते उस समय के सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को नेताओं ने कड़ी फटकार लगाया था। आनन-फानन में राजस्व एवं लोक निर्माण विभाग विभाग ने कथित दलाल के माध्यम से मुआवजा प्रकरण तैयार करवाया जिसमें अनियमित रूप से कई अपात्रों को कमीशन लेकर लाखों रुपए की क्षतिपूर्ति देने के फे र में शासन को भी चुना लगा है।

### किसने सौंपी जिम्मेदारी?

सवाल यह भी खड़ा हो रहा है कि इतनी आसानी से गांव तक किसानों के दरवाजे पहुंच जमीन सम्बन्धी कामो को निपटाने कैसे पहुंच सकता है और राजस्व के महत्वपूर्ण कार्य को अनाधिकृत व्यक्ति को किसने सौंपा है नामांतरण, फर्द बंटवारा जैसे महत्वपूर्ण राजस्व संबंधी कार्यों के लिए कई चर्चित दलाल पक्षकारों से मोटी रकम वसूल कर कार्य पूरा करने की गारंटी व ठेका ले रहें है। दलालों की दखलअंदाजी और मोटी रकम की लेनदेन का कारोबार पटवारी के कार्यालय से लेकर गांवों तक बेखौफ चलने की शिकायत बताई जाती है। उक्त हल्का के पटवारी पूरी तरह दलाल के चंगुल में हैं और पटवारी कार्यालय में बैठकर बकायदा दस्तावेजी कार्यों को पूरा करते हैं। जिसके चलते ज्यादातर पक्षकार एवं किसान, निर्धारित कार्यालय तक ना पहुंचकर उक्त दलाल के चंगुल में फंस जाते हैं। जहां नामांतरण एवं बंटवारा जैसे प्रकरणों में मोटी रकम लेकर काम किए जाने का आरोप आए दिन लगता रहा है।

### जांच पर खुलेगा मामला

बताया जाता है कि उक्त दलाल पूर्व में काफी विवादित रहा है जो जिले भर में कई हल्के में अपने नियम विरुद्ध कार्यों के कारण आए दिन विवादों में घिर कर कई बार निलंबित भी रहा है और इन्हीं हरकतों के कारण बर्खास्त किया जा चुका है। कुल मिलाकर पटेवा से कलडबरी सडक निर्माण के मुआवज़ा प्रकरणों की बारीकी से जांच तथा गोपालपुर, बोटेपार समेत कई गांव के फर्द बंटवारा एवं नामांतरण के प्रकरणों की जांच करने पर उक्त दलाल के कारनामे सामने आ सकते हैं। यह भी बताया जा रहा है कि फर्द बटवारा और मुआवजा के तैयार प्रकरण में उक्त दलाल की लिखावट भी कार्यालय के अभिलेख में होने का आरोप है। जिसकी हैंडराइटिंग एक्सपर्ट से जांच कराने पर सच्चाई सामने आ सकती है।लंबे समय से चल रहे समानांतर पटवारी कार्यालय संचालन के इस खेल के चक्क र में कई सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा होता जा रहा है और बेशकीमती शासकीय भूमि बेची जा रही है बगैर सक्षम अधिकारी के आदेश जमीन की नापजोख के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े विवाद की आशंका जताई जा रही है

# महिला सशक्तिकरण संघ ने मनाई बुद्ध जयंती



पायनियर संवाददाता < डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com

पूरे विश्व को शांति का संदेश देने वाले तथागत भगवान बुद्ध की जयंती महिला सशक्तिकरण संघ डोंगरगढ़ द्वारा मनाई गई। महिला सशक्तिकरण संघ की संरक्षक नलिनी मेश्राम, संघ अध्यक्ष पदमा मेश्राम, उपाध्यक्ष सुनीता सिंग, संजना गजभिये ने तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती प्रज्जवलित कर त्रिशरण पंचशील ग्रहण किया।

उक्त कार्यक्रम ग्राम अछोली में मनाया गया जिसमे ग्राम मे खीर वितरण किया गया। सभी पदाधिकारियों ने हर्ष के साथ इसमें भाग लिया। इस अवसर पर संरक्षक नलिनी मेश्राम ने कहा कि खीरदान महादान होता है ये आज हम सभी ने महसूस किया। हमेशा हम अपनों के बीच ही खीर वितरण करते थे किन्तु इस बार समस्त ग्रामवासियों ने खीर ग्रहण की।

कार्यक्रम के तुरंत बाद सभी मिलकर नागसेन बुद्ध विहार के कार्यक्रम मे शामिल हुए एवं बुद्ध वंदना के उपरांत खीर पुड़ी वितरण कर तहसील कार्यालय स्थित बाबा साहेब आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बुद्ध वंदना के उपरांत कार्यक्रम की सामाप्ति की गई। कार्यक्रम में राधिका जंघेल,संजना गजभिये,नलिनी मेश्राम, पदमा मेश्राम, सुनीता सिग, किरण मेश्राम, सीमा सहारे, तुरकर ताई उपस्थित रही।

# बारिश से गिरा तापमान



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

सप्ताह भर के भीतर ही दूसरी दफा बारिश ने बड़ी राहत दी है। 40 डिग्री से ऊपर के तापमान वाली झुलसाती गर्मी के बीच गरज-चमक के साथ बुधवार की शाम तेज बारिश हुई। जिले के कई हिस्सों में वर्षा की खबर है। पानी गिरने के बाद बुधवार को दिन के तापमान में लगभग 8 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। ठंडी हवाएं और बरसात से लोगों को बड़ी राहत मिली है। तेज हवाओं के बीच बिजली की आने-जाने का सिलसिला भी जारी रहा।

# मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के अन्तर्गत रेंगाकठेरा में गर्म भोजन का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के अन्तर्गत गर्म भोजन का शुभारंभ कलेक्टर एवं जिला कार्यकम अधिकारी के मार्गदर्शन में ग्राम रेंगाकठेरा परियोजना डोगरगढ़ जिला राजनांदगाव में आयोजित किया गया। जिसमें 7 गर्भवती माताये जिनका हिमोग्लोबिन 10 ग्राम था, उनको गर्म भोजन खिलाया गया तथा 3 कुपोषित बच्चों को भी गरम भोजन कराया गया। 10 गर्भवती माताओ को सुपोषण टोकरी दी गई जिसमें उन्हें चावल, मिक्स दाल, सोयाबीन की बड़ी, फल्ली, गुड, घी, अंकुरित अनाज, अण्डा दिया गया।

इसी प्रकार 8 कुपोषित बच्चों को सुपोषण किट दिया गया। 6 बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। सभी उपस्थित महिलाओ को विभाग की योजनाओ की जानकारी दी गई साथ ही यह भी बताया गया कि किशोरी बालिकाओ के भोजन पर भी विशेष ध्यान देना है क्योकि आज की हमारी किशोरी बालिकाये भविष्य की माताये है । अगर हम किशोरी बालिकाओ के भोजन पर अभी से ध्यान देगें तो भविष्य भी उनका सुरक्षित रहेगा। कार्यकम में उपस्थित डॉक्टर द्वारा भी सभी गर्भवती माताओं और कुपोषित बच्चो का स्वास्थ जांच किया गया और दवाइंया वितरित की गई। कार्यकम में पर्यवेक्षक रेखा नेताम, सुचित्रा साहू, कविता साहू उपस्थित थी । डॉ. लिमेश जोशी द्वारा कहा गया कि उनके द्वारा सभी हितग्राहियो का स्वास्थ्य जांच किया जावेगा एवं दवाई वितरण किया जावेगा।

सरपंच नरसिगं वर्मा द्वारा उक्त कार्यक्रम में स्वल्पाहार एवं सुपोषण किट की व्यवस्था की गई। कार्यकम में सुपरवाइजर जेएल चैहान, उपसरंपच सतबाई निषाद, दिनेश कुमार साहू पंच, निर्मला बाई साहू, दामेश्वरी साहू, रजनीबाई लाउत्रे, कुमारी बाई वर्मा, समूह की अध्यक्ष सरस्वती बाई कंवर अध्यक्ष, सतबती कंवर सचिव, मालती बाई वर्मा मितानिन, कीर्तिबाई साहू मितानिन, गर्भवती गायत्री साहू, सोनबंती कंवर, गीताबाई कंवर, पूजा कंवर, अनिता बाई वर्मा, जयाबाई साहू, संतोषी बाई साहू, सदस्य भारती वर्मा, गौरी वर्मा, गर्भवती टेमश्वरी, कल्याणी वर्षा, निशा, राधिका वर्मा, हरण वर्मा, भोमिन निषाद, डॉली खरे, कमोतिन साहू, नगीना कंवर, मनीषा साहू, निर्मला साहू, ललिता पटेल, प्रिया हठीले, कांति चन्दवशी, तीजन साहू, तीजबाई, सरिताबाई, माया टेम्बुकर, ललिता नेताम, इन्दु चन्दवशी, ईश्वरी बंजारे इत्यादि लोग उपस्थित थे। कार्यकम के अंत में परियोजना अधिकारी उषा झा द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

# फरार मनीराम को पुलिस ने बिलासपुर से किया गिरफ्तार

- राजस्व रिकॉर्ड से छेड़छाड़ और कूटरचना के मामले में आरोपी है

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



खैरागढ़ क्षेत्र में जमीन का फर्जी दस्तावेज तैयार कर बेचने के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने बिलासपुर से गिरफ्तार किया है। पिछले कई महिनों से ठेलकाडीह पुलिस फरार आरोपी पटवारी हल्का नंबर 18 रानिम ठेलकाडीह के तत्कालिन पटवारीमनीरामबैगा (58) की तलाश में थी। मनीराम के खिलाफ बिना मेनुअल रिकार्ड जांच किए चौहद्दी तैयार करने के आरोप हैं। इस मामले में दो अन्य आरोपी को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन मामला दर्ज होने के बाद आरोपी मनीराम फरार चल रहा था।

राजनांदगांव मोतीपुर निवासी प्रार्थी तिलक वर्मा को तिलईभाठ निवासी आरोपी चेतन वर्मा ने जमीन का फर्जी दस्तावेज बनाकर बेच दिया था। बताया जा रहा है कि खसरा क्रमांक 68/3 रकबा 1.098 हेक्टेयर भूमि ग्राम तिलईभाठ पटवारी हल्का नंबर 18 में जमीन 28 अक्टूबर 2020 को 6 लाख 80 हजार रूपये में खरीदा था। जिसका राजस्व विभाग में नाम दर्ज होने के पश्चात् भूमि का कब्जा लेने के लिये गया, तब मौके पर पता चला कि उक्त खसरा नंबर की भूमि मौके पर अस्तित्व में ही नहीं है। प्रार्थी की शिकायत पर ठेलकाडीह पुलिस ने धारा 420,467,468,471,34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की थी।

जांच में पता चला कि खसरा नं. 68 केवल 53 डिसमील की मूल भूमि है, जिसका दो ही बटांकन हुआ है। तीसरा बटांकन कभी नहीं हुआ है। इस दौरान आरोपी चेतन वर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। आरोपी ने बताया कि वह पटवारी के अंडर पटवारी के निर्देषानुसार राजस्व विभाग से संबंधित समस्त कार्य मासिक वेतन पर करता था। उसी दौरान मेनुवल रिकार्ड को ऑनलाईन रिकार्ड दर्ज करते समय उक्त फर्जी खसरा नंबर का सृजन कर अपने नाम पर उक्त खसरा नंबर का स्वामित्व दर्षित किया था।

# 53 मिनी स्टेडियम बनेंगे युवा मितान क्लब के कार्यालय, 829 क्लब का गठन

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिले की सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में 829 राजीव युवा मितान क्लब का गठन किया गया है। शासन द्वारा राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से युवाओं को राज्य के सर्वांगीण विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए संगठित कर युवाओं में नेतृत्व विकास स्वावलंबन तथा शिक्षा एवं सांस्कृतिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने के लिए सामाजिक, सांस्कृतिक, खेल गतिविधियों एवं शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्य किया जा रहा है।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में जिले में राजीव युवा मितान क्लब के गठन के लिए विशेष प्रयास किए गए। राजनांदगांव जिले अंतर्गत कुल 889 राजीव युवा मितान क्लब का गठन किया जाना है। जिसमें से अब तक 829 राजीव युवा मितान क्लब का गठन किया जा चुका है। सभी क्लब के लिए बैंक में खाता खोल दिया गया है। शासन द्वारा प्रति क्लब 25 हजार रूपए के मान से शासन की ओर से 2 करोड़ 22 लाख 25 हजार रूपए की राशि प्राप्त हुई है। जिसे एसडीएम के खातों में अंतरित किया जा चुका है। राजीव युवा मितान क्लब के सभी खाते में राशि अंतरित करने की प्रक्रिया जारी है। जिले में कुल 53 मिनी स्टेडियम को राजीव युवा मितान क्लब के कार्यालय हेतु रंगाई पुताई का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत र स्वर्गीय श्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर 21 मई 2022 को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। राजीव युवा मितान क्लब राजनांदगांव विकासखंड में 112, खैरागढ़ विकासखंड में 114, छुईखदान विकासखंड में 107, डोंगरगढ़ विकासखंड में 101, डोंगरगांव विकासखंड में 76, छुरिया विकासखंड में 118, अंबागढ़ चौकी विकासखंड में 69, मोहला विकासखंड में 57, मानपुर विकासखंड में 59 राजीव युवा मितान क्लब का गठन किया गया है। इसके साथ ही नगरीय क्षेत्रों में भी राजीव युवा मितान क्लब का गठन किया गया है। युवा शक्ति को सही दिशा देने तथा विकास की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए राजीव युवा मितान क्लब का गठन किया गया है। क्लब के माध्यम से युवा शासन की विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रिय सहयोग कर रहे हैं। शिक्षा एवं खेल के माध्यम से स्वस्थ समाज की स्थापना में सहभागी बनने का अवसर उन्हें मिला है। युवाओं को कुपोषण को दूर करने सामाजिक असमानता, कुरीतियों को दूर करने, शिक्षा को बढ़ावा देने एवं स्वच्छता अभियान में जुड़कर कार्य करने के लिए प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

## भाजपा को हटाकर कुर्सी पर काबिज हुई कांग्रेस

# नगर पंचायत गंडई में अब कांग्रेस राज, चेतन देवांगन चुने गए अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता < गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com



बुधवार को नगर पंचायत गंडई में अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में पार्षदों ने कांग्रेस को बहुमत दिया है। इसके बाद कांग्रेस से चेतन देवांगन अब यहां अध्यक्ष की कुर्सी संभालेंगे। निकाय के 15 पार्षदों द्वारा अध्यक्ष पद पर वोटिंग की गई जिसमे से भाजपा के अभ्यर्थी निर्मला टूम्मन साहू को 4 वोट ही मिले। 11 पार्षदों ने कांग्रेस के चेतन देवांगन को पर भरोसा जताया।

सुबह 11 बजे निकाय के सभा हाल में अध्यक्ष पद के लिए चुनाव की प्रक्रिया शुरु हुई। चुनाव के लिए सभी 15 वार्ड के पार्षद पहुंचे थे। एसडीएम सुनील कुमार शर्मा, तहसीलदार त्रिभुवन राम वर्मा, सीएमओ प्रमोद शुक्ला, एसडीओपी प्रशांत खांडे, टीआई सनत सोनवानी और पुलिस बल की उपस्थिति में चुनाव को सम्पन्न कराया गया।

चुनाव को लेकर पुलिस की व्यवस्था चाक चौबंद रही। निकाय के बाहर कांग्रेस के जिले के नेता स्थानीय नेता, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ की भीड़ रही। लगभग 12 बजकर 30 मिनट के बाद मतदान एवं चुनाव गणना की रिपोर्ट आई। बहुमत के आधार पर वार्ड नम्बर 13 के पार्षद चेतन देवांगन ने अध्यक्ष पद पर चुनाव के परिणाम को अपने नाम किया। 15 पार्षदों में से 11 पार्षदों ने चेतन देवांगन को वोटिंग कर उन्हें अध्यक्ष पद पर चुनाव जिताया। इसी प्रकार भाजपा से अध्यक्ष पद के लिए निर्मला टूम्मन साहू को अध्यक्ष के लिए अभ्यर्थी बनाया गया था जिसे मात्र 04 वोट मिले।

ज्ञात हो कि चेतन देवांगन को पूर्व में राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव के निर्देश पर नगर पंचायत गंडई में रुके हुए विकास कार्यो को ध्यान में रखते हुए कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया था। 25 अप्रैल को चेतन देवांगन ने कार्यभार संभाला था। वहीं आज चेतन देवांगन नगर पंचायत गंडई के अध्यक्ष पद पर आसीन हो गए है।

### कांग्रेसियों ने की जमकर नारेबाजी माँ गंगई से लिया आशीर्वाद

नगर पंचायत गंडई के कार्यालय के सामने दोपहर 12:00 बजे पार्षदों के बीच वोटिंग के पश्चात जब रिजल्ट कांग्रेस के पक्ष में आया तो कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी की। कार्यालय के सामने सभी ने मिलकर कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए। चुनाव जीतने के बाद निकाय के नए अध्यक्ष चेतन देवांगन,पार्षदों की टीम और कांग्रेस के नेता गाजे-बाजे के साथ फटाखे फोड़ते हुए माँ गंगई मंदिर गए जहां पर मां गंगई की पूजा अर्चना करते हुए आशीर्वाद लिए।

### ये रहे मौजूद

अध्यक्ष पद की चुनावी प्रि या के दौरान जिला अध्यक्ष पदम् कोठरी, विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा, प्रदेश महामंत्री अरुण सिसोदिया, शशि भगत, शहीद भाई, गंडई युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, नवीन श्रीवास्तव, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, मोती लाल जंघेल, पंकज बांधव, ब्लॉक अध्यक्ष रमेश साहू, रामकुमार पटेल, एल्डरमेन हबीब खान, उषा महेश दास रात्रे, भावेश अग्रवाल, सतीश सिंधानिया, अय्युब कुरैशी, मोहम्मद खान, पार्षद दिलीप ओगरे, भिझेस यादव, नारायण चतुर्वेदी, लियाक़त अली, ांति ताम्रकार, सूरज नामदेव, साकेत दुबे, मोहसीन खान, मीडिया प्रभारी अमित टंडन, शुभम बघेल, चुरावन छेदैया, गोवर्धन साहू, विक्क ी टण्डन, तानसेन साहू, विश्वराज ताम्रकार, संतोष यदु, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सूरज लहरे को गंडई प्रेस क्लब ने दी श्रद्धांजलि




पायनियर संवाददाता < गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com

बीते मंगलवार को गंडई प्रेस क्लब ने सड़क चिरचारी निवासी पत्रकार सूरज लहरे को शाम 5 बजे भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। ज्ञात हो कि सड़क चिरचारी छुरिया ब्लॉक निवासी पत्रकार सूरज लहरे को 9 मई को पैरालिसिस अटैक आया था, तब से राजधानी रायपुर में उनका इलाज चल रहा था। 15 मई को अस्पताल में उनका निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 16 मई को किया गया। स्व.लहरे काफी लंबे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में जुड़े थे। उनका अचानक समय से पहले चले जाने से पत्रकारिता जगत को अपूरणीय क्षति हुआ है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में हरिशंकर साहू, विनोद नामदेव, राजू वैष्णव, रोहित देवांगन, सुखनंदन चतुवेदी, संजय नामदेव, अवधेश मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करें : कलेक्टर



पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में जिले में संचालित सभी शासकीय कार्यो एवं योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुँचाये जाने हेतु किये गये प्रयासो का मूल्यांकन किये जाने हेतु नियुक्त नोडल और सहायक नोडल अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होने ग्रामों में विकास और निर्माण कार्यो के साथ-साथ नागरिक केन्द्रित सेवाओं की उपलब्धता के संबंध में जानकारी प्राप्त की और शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर डॉ. सिंह ने ग्राम स्तरीय निरीक्षण प्रतिवेदन की समीक्षा बैठक में नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारियों से पात्रता रखने वाले लोगों के राशन, पेंशन, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की मजदूरी भुगतान, पटवारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी की उपस्थिति सहित जल जीवन मिशन, राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिीनिक योजना सहित अन्य योजनाओ की जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की जानकारी ली और ग्राम स्तर पर भ्रमण कर उक्त योजनाओं व कार्यक्रमों के क्रियान्वयन का मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि उक्त योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारी सहित नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारियों को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दशरथ सिंह राजपूत, संयुक्त कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल, मुंगेली एसडीएम अमित कुमार, नियुक्त नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याए

कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने जिला कलेक्टोरेट स्थित कक्ष क्रमांक 108 में जिले के दूरदराज से पहुँचे आमजनों की समस्याओं एवं मांगो को गंभीरतापूर्वक सुनी और नियमानुसार त्वरित निराकरण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये। जनदर्शन कार्यक्रम में विकासखण्ड मुंगेली के ग्राम बैहाकापा के ग्रामीण श्री लालन, सुरेन्द्र, जितेन्द्र सहित अन्य ग्रामीणों ने बिजली बिल में सुधार कराने संबंधी आवेदन पत्र सौपा। कलेक्टर डॉ. सिंह ने उनके आवेदन पत्र को गंभीरता से लिया और नियमानुसार निराकरण के लिए भरोसा दिलाया। इसी प्रकार पिपरखुटा के ग्रामीण केजूराम ने स्वयं की भूमि का किसान-किताब (पर्ची) बनवाने, ग्राम रोहराकला के ग्रामीण इन्द्रजीत ने अपने स्वयं का भूमि का सीमांकन कराने और ग्राम देवरहट के ग्रामीण भुनेश्वर सहित अन्य आवेदकों ने भी अपनी समस्याओं और मांगों के संबंध में आवेदन पत्र दिए। कलेक्टर डॉ. सिंह ने प्राप्त सभी आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही करने की बात कहीं। इस अवसर पर मुंगेली एसडीएम अमित कुमार सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ. सिंह द्वारा जिले के आमजनों की समस्याओं को सुनने तथा उसका निराकरण करने लगातार विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर जनचौपाल किया जा रहा है साथ ही कार्यालयीन दिवस में जिला कलेक्टोरेट में पहुंचने वाले आमजनों से भी मेल मुलाकात कर उनकी समस्याओं और मांगों को गंभीरतापूर्वक सुन रहे हैं व नियमानुसार त्वरित निराकरण के निर्देश दिये जा रहे है। जिससे आमजनों को काफी राहत मिल रही है।



# नफरत पैदा करने और भाईचारा मिटाने की कोशिशों को खत्म करने हज में दुआ करें

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी की ओर से बुधवार को लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरियम में हज जाने वाले यात्रियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया। बिलासपुर संभाग से आए हुए जायरीनो को हज यात्रा के दौरान किन-किन बातों का ख्याल रखा जाना है, क्या सामान लेकर जाना है, वहां से क्या लेकर आना है। इन सब बारे में यहां विस्तार से जानकारी दी गई। राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष असलम खान की उपस्थिति में इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य पर्यटन मंडल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव शिरकत किए। उन्होंने यहां सभी हज जाने वाले यात्रियों को अपनी मुबारकबाद पेश की और उनसे छत्तीसगढ़ सहित देश के लिए अमन-चैन सुख शांति और तरक्की के लिए दुआ करने की अपील की। उन्होंने सभी जायरीनों को बिना किसी परेशानी के हज यात्रा जाने और बिना किसी परेशानी के वापस लौटने की अल्लाह ताला से दुआएं की।

उन्होंने कहा कि सभी अराकान पूरे कर जल्द लौटे ताकि उनके हाथों को चूमकर अपने आप को धन्य कर सके। इस मौके पर हज कमेटी के अध्यक्ष असलम खान ने कहा कि इस बार छत्तीसगढ़ से 431 हाजियों का चयन किया गया है।उन्होंने बताया कि इस बार जितने आवेदन आए थे वह सभी बिना कुर्राह के चयन कर लिए गए हैं। बिलासपुर संभाग से 94 लोगों को हज जाने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि इस बार राज्य सरकार हज यात्रा में जाने वाले यात्रियों को फ्री में अहराम प्रदान करेगी। इसके अलावा जो हाजियों का किट होता है वह भी उन्हें प्रदान किया जा रहा है।

उन्होंने बताया सेंट्रल हज कमेटी से भी हाजियों को हज यात्रा के दौरान ले जाए जाने वाला बैग प्रदान किया जाएगा।राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष ने सभी जायरीनों को हज यात्रा की मुबारकबाद पेश की।इस दौरान रायपुर से आए प्रशिक्षक रिफात अली,मोहम्मद सुल्तान अहमद,हाजी अब्दुल रज्जाक और हुसैनी मस्जिद के पेश इमाम सैय्यद जाहिद आगा ने मौजूद यात्रियों को हज यात्रा के दौरान कैसे अराकान पूरे किए जाने हैं विस्तार से उन्हें जानकारी दी। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि जब वह मुकद्दस पाक जमीन पर कदम रखे छत्तीसगढ़ और हिंदुस्तान की भलाई के लिए जरूर दुआ करें। देश में जो नफरत पैदा की जा रही है और आपसी भाईचारा को मिटाया जा रहा है उसे दूर करने दुआ करें। इस दौरान जायरीनों को महापौर रामशरण यादव ने हज किट का वितरण किया।उन्होंने भी सभी से गुजारिश की कि मक्का मदीना पहुचकर बिलासपुर छत्तीसगढ़ और हिंदुस्तान के हर व्यक्ति की भलाई के लिए दुआ करें।इस मौके पर पार्षद शहजादी कुरैशी,पार्षद असलम खान, अकबर बक्शी, इकबाल हक, खादिम उस्मान खान, खालिद खान, राशिद भाई, इस्माइल भाई, मेरान, आदम मेमन, हबीब मेमन, शेख निज़ामुद्दीन (बंटी), अख्तर खान, फिरोज कुरैशी, राजू नाज़, जयपाल मुदलियार के अलावा समाज के तमाम गणमान्य नागरिक हाजी हज्जन यहां मौजूद रहे।

# नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 19 जून और तीन जुलाई को होगी परीक्षा

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश के नर्सिंग महाविद्यालयों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित हो गया है। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग और पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परीक्षा तिथि की घोषणा कर दी गई है। बीएससी नर्सिंग में प्रवेश के लिए परीक्षा 19 जून 2022 को और एमएससी नर्सिंग तथा पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा 03 जुलाई 2022 को होगी। इन परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन लिए जा रहे है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के फैसले को अमल में लाते हुए इस बार इन परीक्षाओ के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी परीक्षाथियों से किसी प्रकार का परीक्षा शुल्क नहीं लिया जाएगा।इन परीक्षाओ में शामिल होने वाले राज्य के मूल निवासी सभी विद्यार्थियों को परीक्षा फीस पटाने से छूट मिलेगी।

व्यावसायिक परीक्षा मण्डल से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीएससी नर्सिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 26 मई निर्धारित की गई है। एमएससी और पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 29 मई तक लिए जाएंगे। आवेदन पत्रों में त्रुटि-सुधार के लिए भी समय सीमा निर्धारित कर दी गई है। बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन पत्रों में त्रुटि-सुधार 27 से 29 मई तक किया जा सकेगा। एमएससी और पोस्ट बेसिक नर्सिंग प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन पत्रों में त्रुटि-सुधार 30 मई से एक जून तक ही हो सकेगा। बीएससी नर्सिंग, एमएससी और पोस्ट बेसिक नर्सिंग प्रवेश परीक्षाओं के लिए अलग अलग प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। प्रवेश परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन करने का तरीका, प्रवेश परीक्षा नियम, पाठ्यक्रम आदि की विस्तृत जानकारी व्यावसायिक परीक्षा मण्डल की वेबसाइट पर अपलोड की जा चुकी है। इच्छुक परीक्षार्थी इस वेबसाइट से पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# कार से पहुंचे चोर, जीएसटी असिस्टेंट कमिश्नर के घर में की चोरी, नकदी और आभूषण ले गए

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



रामा वैली में रहने वाले स्टेट टैक्स के असिस्टेंट कमिश्नर के सूने मकान का ताला तोड़कर चोरों ने नकदी और गहने सहित डेढ़ लाख रुपए का माल पार कर दिया। घटना शहर के रिहायशी कॉलोनी रामावैली की है, जहां 24 घंटे गार्ड तैनात रहता है। चोरी की इस घटना में सी सी टी वी कैमरे में एक बदमाश रात में कॉलोनी से निकलते दिख रहा है। मामला चकरभाठा थाना क्षेत्र का है। रामावैली में रहने वाले भूपेंद्र बहादूर जांगड़े स्टेट टैक्स विभाग में जांजगीर-चांपा जिले में असिस्टेंट कमिश्नर हैं। बीते 13 मई की सुबह 9.15 बजे वे अपने परिवार के साथ जांजगीर-चांपा जिले डभरा स्थित गृहग्राम छुहीपाली गए थे। इस दौरान उनके सूने मकान में ताला बंद था। सोमवार दोपहर घर लौटने पर उन्हें चोरी का पता चला। शिकायत के बाद केस दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है । उनके मकान के मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। ताला तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने कमरों में सामान बिखेर दिया था। उनके कमरे में रखे बैग की चेन खुली थी। जिसमें सोने की चेन, चांदी का पायल, 15 हजार रुपए सहिह्यत करीब डेढ़ लाख रुपए कीमती सामान गायब मिले। असिस्टेंट कमिश्नर की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# यात्री बस पलटी, 10 यात्री हुए घायल



पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

प्रयागराज से रायपुर आ रही एक यात्री बस रतनपुर से आगे चपोरा के पास पलट गई। इससे 10 यात्रियों को चोटें आई हैं। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस व डायल 112 की टीम ने घायलों को रतनपुर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया है। वहां से से चार लोगों को सिम्स में भर्ती कराया गया है। रतनपुर थाना प्रभारी शांत कुमार साहू ने बताया कि बुधवार की सुबह पेंड्रा की ओर से आ रही यात्री बस चपोरा के पास पलट गई। इससे बस में सवार 10 यात्रियों को चोटें आई है। घायल यात्रियों को पुलिस के वाहन से रतनपुर स्थित स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। इनमें से चार की हालत गंभीर है। घायलों को सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस की लाठियों से पूछताछ कर घटना के कारणों की जांच कर रही है। रतनपुर थाना प्रभारी ने बताया कि नरेश ट्रांसपोर्ट की यह बस बुधवार की सुबह प्रयागराज से लौट रही थी। चपोरा के पास ड्राइवर वाहन से नियंत्रण खो बैठा। इससे बस सड़क से उतरकर पलट गई। सड़क किनारे पेड़ से टकराकर बस रुक गई थी।

# समुद्र में डूबने की कविता लिखने वाले शहर के युवक की गोवा में समुद्र में डूब जाने से हुई मौत

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



बैगलुरु में पत्रकारिता की पढ़ाई कर रहे शहर के युवक आदित्य पांडेय और उसके परिजनों ने सपने में भी नही सोचा था कि एक साल पहले समुंद्र में मौत पर कविता लिखने के बाद उसकी मौत गोवा के समुद्र में नहाते वक्त डूबने से हो जायेगी। शहर के विनोबा नगर निवासी शैलेंद्र पांडेय का छोटा बेटा आदित्य पांडेय बैंगलुरु में पत्रकारिता की पढ़ाई कर रहा था। गर्मी का अवकाश शुरू होने के बाद वह 16 मई को अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने के लिए गोवा गया था।

वहां समुद्र में सभी दोस्त नहा रहे थे इसी बीच आदित्य को समुद्र की लहर ने अपनी ओर खींच लिया और डूबने से उसकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार आदित्य को कविता लिखने का भी शौक था। एक साल पहले उसने एक कविता लिखी थी, जिसमें उसने बताया था कि पिकनिक पर जाने और समुद्र में नहाने से लोगों की मौत कैसे होती है। उसकी कविता सच्चाई में बदल गई और कविता अनुरूप ही मौत हो गई। आदित्य की मौत की सूचना मिलते ही उसके परिजन गोवा पहुंचे। वहां पोस्ट मार्टम के बाद शव को हवाई जहाज से रायपुर लाया गया। बुधवार को आदित्य के शव को सड़क मार्ग से बिलासपुर लाया गया। शोकाकुल परिजनों के अनुसार आदित्य 10 मई को बिलासपुर आया था। इस दिन कोरबा में उसके मामा की शादी थी। शादी समारोह में शामिल होने के बाद वह 11 मई को बैंगलुरु चला गया।

# माइक्रो फायनेंस योजना के अंतर्गत मिलेगा टर्म लोन

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जिले के पिछड़े वर्ग के लोगों को माइक्रो फायनेंस योजना के अंतर्गत वित्त वर्ष 2022-23 के लिए टर्म लोन प्रदान किया जाएगा। लोन के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 मई कार्यालयीन समय तक रखी गई है। इच्छुक आवेदक आवेदन पत्र पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग बिलासपुर स्थित जिला अंत्याव्यसायी सहकारी विकास समिति के कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। आवेदन के लिए व्यक्ति को बिलासपुर जिले का निवासी होना चाहिए तथा उसकी आयु 18 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदक को आवेदन पत्र के साथ-साथ सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित जाति, निवास, अंकसूची तथा आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। लोन के लिए आवेदक की वार्षिक आय 03 लाख से कम होनी चाहिए तथा संबंधित व्यक्ति को आवेदन के साथ-साथ आधार कार्ड, राशन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र तथा बैंक पासबुक की छायाप्रति भी जमा करनी होगी।

# मोबाइल वेन के माध्यम से अब तक 111 मरीजों के घर पहुंचकर फिजियोथेरेपी की सुविधा दी गई

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग, द्वारा प्रथम चरण में जिले के मनोरा विकासखंड के सुदुर व दुर्गम ग्रामीण अंचल में दीर्घायु चलित वाहन (फिजियोथेरेपी मोबाईल वेन) द्वारा सप्ताह में दो दिवस चिन्हांकित एवं ग्राम में उपस्थित अन्य मरीजों को फिजियोथेरेपी सुविधा प्रदान की जा रही है। जिसके तहत् 18 अप्रैल से अब तक फिजियोथेरेपी मोबाईल वेन द्वारा कुल 111 मरीजों को जो स्वास्थ्य केंद्रों तक आ पाने में असमर्थ है फिजियोथेरेपी घर पहुँच सुविधा प्रदान की जा रही है। इनमे से ग्राम पंचायत सुरजुला, शैला, के चिरोटोली एवं अजधा के पाँच मरीज ऐसे है जो विगत् दो से तीन वर्षो से लकवा (पक्षाघात) के कारण चलने फिरने व अपने दैनिक कार्य करने में पुरी तरह असमर्थ थें। किंतु फिजियोथेरेपी दल द्वारा उपचार उपरांत आज अपने कार्य को करने के साथ-साथ चलने-फिरने में भी सक्षम हो चुके है। इन पाँच मरीजो में से एक मरीज श्री सुखदेव राम उम्र 63 वर्ष द्वारा बताया गया की वे विगत् तीन वर्षो से दायें भाग में लकवा के कारण पुर्ण रूप से खड़े हो पाने में अक्षम थे व व्हीलचेयर के साहरे ही चलते रहे थे। फिजियोथेरेपी पश्चात स्वयं स्टिक के सहारे चलने लगे है। फिजियोथेरेपी वाहन में फिजियोथेरेपिस्ट अनुग्रह किस्पोट्टा एवं मीना तिग्गा तथा रिकी भगत, संजय राम के द्वारा फिजियोथेरेपी घर पहुँच सुविधा प्रदान की जा रही है।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रंजीत टोप्पो ने दीर्घायु चलित वाहन योजना के संबंध में बताया की जशपुर जिले के दूरस्थ ग्रामों में आज भी बहुत से ऐसे मरीज है जिन्हे फिजियोथेरेपी की आवश्यकता है किंतु वे किन्ही कारणवश ईजाल हेतु स्वास्थ्य केंद्र तक नहीं पहुच पा रहें।

जिसके कारण उनकी समस्या समय के साथ और भी गंभीर हो रही है। ऐसे में फिजियोथेरेपी घर पहुच सेवा से उन्हें अत्याधिक लाभ हो रहा है एवं जन सामान्य फिजियोथेरेपी के प्रति जागरूक भी हो रहे है। डॉ आर. एन. केरकेट्टा, जिला नोडल अधिकारी, एन.सी.डी. के द्वारा उक्त संबंध में बताया गया फिजियोथेरेपी में कई प्रकार की सुविधा मरीजों के बीमारी को ध्यान में रखकर प्रदाय की जाती है। जैसे- पक्षाघात के मरीजों को मसल्स स्टुमलेटर, स्ट्रेथनिंग एक्सरसाइज, स्फ्टि टु स्टैंड, वाकिंग., पेलविस ब्रिजिंग, आर्थराइटिस के मरीजों को हाइड्रोथेरेपी, अल्ट्रासाउंड, नी-बाईंडिंग (सुपाइन पोजिशन व सिटिंग पोजिशन), एस.एल.आर. एवं वेटबेरिंग एक्सरसाईज, बेक पेन, सर्वाइकल पेन के मरीजों को आई. एफटी. थेरेपी, टेन्स आईसामेट्रीक एक्सरसाईज, बैक स्ट्रैथिनिंग एक्सरसाईज आदि थेरेपी दी जाती है। नोडल अधिकारी ने बताया की फिजियोथेरेपी से बहुत हद तक मशीनों अथवा निर्धारित एक्सरसाइज के माध्यम से कार्यशील बनाया जा सकता है।

# शिक्षित बेरोजगारों को उद्योग एवं व्यवसाय के लिए मिलेगा ऋण

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com


जिले के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत उद्योग एवं व्यवसाय स्थापित करने के लिए ऋृण प्रदान किया जाएगा। ऋृण के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 05 जून 2022 तक रखी गई है। इच्छुक युवक-युवती अपना आवेदन कार्यालय महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र न्यू कंपोजिट बिल्डिंग बिलासपुर में जमा कर सकते हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत उद्योग की स्थापना के लिए अधिकतम 25 लाख सेवा क्षेत्र के लिए अधिकतम 10 लाख तथा किसी भी प्रकार के व्यवसाय के लिए अधिकतम 02 लाख तक का ऋृण बैंक के माध्यम से स्वीकृत किया जाता है। इसके लिए आवेदक को राज्य का मूल निवासी होना चाहिए तथा न्यूनतम आठवीं की परीक्षा पास होना चाहिए। आवेदन के लिए परिवार की वार्षिक आय 03 लाख रूपए से अधिक नहीं होनी चाहिए तथा आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। यदि आवेदक एस.टी., एस.सी., ओ.बी.सी., महिला तथा निःशक्तजन वर्ग से संबंधित है तो उन्हें आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट दी जाएगी। इच्छुक आवेदक आवेदन के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए प्रबंधक श्री संदीप वर्मा मो. नं. 9407775844, सहायक प्रबंधक श्रीधर राव मो.नं. 7587097969 तथा कार्यालय के फोन नं. 07752-250082 पर संपर्क कर सकते है।

# एसपी एक्शन मोड पर, अवैध कारोबारियों के खिलाफ चलाया अभियान

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले के पुलिस अधिक्षक लगातार एक्शन मोड में नजर आ रहे है, अपने पदस्थापना के बाद जहां उन्होने अवैध कारोबारियों के खिलाफ मुहिम छेड रखी है वही अब बेतरतिब वाहन चालको के खिलाफ भी मुहिम छेडने का आदेश जारी किया है, जिसके बाद से लगातार यातायात विभाग द्वारा चालानी कार्यवाही को अंजाम दिया गया है, विभाग द्वारा जारी आकडो के मुताबिक दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लागकर एवं चारपहिया वाहनों में सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने एवं यातायात के नियमों को कड़ाई से पालन करने हेतु पूर्व में निर्देशित किया गया था। किंतु निर्देशित करने के बावजूद भी पुलिस अधिकारी/कर्मचारी द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन करते पाये जाने पर 17 मई को निम्नानुसार मोटरयान अधिनियम की धारा 129/194डी के तहत 500.00 रूपये प्रति व्यक्ति समन शुल्क वसूल किया गया है। जिसमें थाना सिटीकोतवाली मुंगेली 06 प्रकरण में 3,000.00 रूपये 2. थाना जरहागांव 02 प्रकरण में 1,000.00 रूपये , थाना लालपुर. प्रकरण में 500.00 रूपये उपरोक्तानुसार पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों के द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर कुल 09 प्रकरणों में 4,500.00 रूपये समन शुल्क वसूल किया गया। व्ही जिला पुलिस मुंगेली द्वारा आम जनों से अपील है कि यातायात नियमों का पालन करते हुये वाहन चलावें। यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाये जाने पर आम जनता एवं पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत कार्यवाही की जावेगी।



# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छिंदगढ़ में बस्तर के प्रसिद्ध मड़िया पेज का जायका लिया



रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोंटा विधानसभा के छिंदगढ़ में बस्तर के प्रसिद्ध मड़िया पेज का जायका लिया।

## नवोदित खिलाड़ियों को अवसर प्रदान करने खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नवोदित खिलाड़ियों में खेल के प्रति अधिक रूचि पैदा करने और खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से उन्हें अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश में 'खेल प्रतियोगिता 2022' आयोजित करने की विशेष पहल की है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा यह प्रतियोगिता ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रत्येक विकासखण्ड स्तर एवं जिला स्तर पर आयोजित की जाएगी। बालक एवं बालिका वर्ग के लिए सब जूनियर और जूनियर कैटेगरी में खेल प्रतियोगिता आयोजित होगी। प्रतियोगिता में विजेता दल और खिलाड़ियों को पारितोषिक-प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्री प्रदान की जाएगी। विकासखण्ड स्तर पर दलीय खेलों के अंतर्गत हॉकी, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट तथा व्यक्ति गत विधा के अंतर्गत एथलेटिक (दौड़ 400 मी.), बैडमिंटन एवं कुश्ती खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जिला स्तर पर दलीय खेलों के अंतर्गत हॉकी, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट सहित दो छत्तीसगढ़ी पारंपरिक खेल तथा व्यक्ति गत विधा के अंतर्गत एथलेटिक (दौड़ 400 मी.), बैडमिंटन और कुश्ती सहित दो छत्तीसगढ़ी पारंपरिक खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी।

# एनटीपीसी सीपत में बालिका सशक्तिकरण अभियान का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com




एनटीपीसी देश की सबसे बड़ी विद्युत उत्पादक कंपनी है। यह कंपनी विद्युत उत्पादन के साथ ही बालिकाओं के शिक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करता रहा है। इसी तारतम्य में नैगम सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत एनटीपीसी सीपत में दिनांक 19 मई 2022 से 15 जून 2022 तक बालिका सशक्तिकरण अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान हेतु 18 मई 2022 को आसपास के ग्रामीण विद्यालयों के 10-12 वर्ष की 120 चयनित बालिकाओं का पंजीकरण किया गया है और अभियान का औपचारिक शुभारंभ 19 मई 2022 को किया जाएगा। बालिका सशक्तिकरण अभियान 28 दिन का एक आवासीय प्रशिक्षण कार्यशाला है जिसमें बालिकाओं के व्यक्तित्व एवं प्रतिभा को निखारने हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यशाला में योग, ड्राईंग-पेन्टिग, नृत्य एवं संगीत, खेलकूद, आत्मरक्षा के लिए ताइक्वाडो, मनोरंजक कार्यक्रम एवं अकादमिक अध्यापन गणित, विज्ञान, अंग्रेजी एवं कम्प्यूटर शिक्षा का ज्ञान कराया जाएगा। इस अवधि में यह अभियान एनटीपीसी की अन्य परियोजनाओं में भी आयोजित किया जा रहा है। अतः इस अवसर पर दिलीप कुमार पटेल, निदेशक (मानव संसाधन) एनटीपीसी लिमिटेड द्वारा अपरान्ह 3.30 बजे इस बालिकाओं को विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया एवं उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान घनश्याम प्रजापति, मुख्य महाप्रबंधक (सीपत), कमलाकर सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (सीपीजी-2), अन्य सभी महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्षगण, सरोज प्रजापति, अध्यक्षा, संगवारी महिला समिति, श्रीमती अनीता सिंह, उपाध्यक्षा संगवारी महिला समिति, समिति के अन्य पदाधिकारीगण, प्रतिभागी बालिकाएँ, उनके अभिभावक, प्रबंधन समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

# ठगी के मामले में कंपनी का डायरेक्टर गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com




राज्य साइबर पुलिस थाना द्वारा ऑनलाइन ठगी के प्रकरणों को बड़ी सजगता के साथ विवेचना कर आरोपियों पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में शेयर मार्केट में ऑनलाइन निवेश के नाम पर ठगी करने वाले कंपनी के डायरेक्टर को राज्य साइबर पुलिस थाना द्वारा गिरफ्तार किया गया है। ठगी की राशि 96 लाख रूपये जिन खातों में जमा की गई थी, उसे फ्रिज कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपियों द्वारा स्वयं को सिंगापुर की एक फाइनेंसर कंपनी का फाइनेंशियल एनालिस्ट बताकर व्हाट्सएप के माध्यम से दोस्ती की और उस कंपनी की एक शाखा भारत में होने की जानकारी दी। ट्रेडिंग अकाउंट खोलने का लिंक भेज कर रजिस्टर्ड कराया और इन्वेस्ट करने पर म्युचुअल फंड से ज्यादा राशि दिलाने का भरोसा दिलाया और 87 लाख रूपये की धोखाधड़ी की गई। ठगी का एहसास होने पर प्रार्थी ने अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवाओं के समक्ष 26 अक्टूबर 2021 को शिकायत दर्ज कराया। राज्य साइबर पुलिस थाना में धारा 420 सहित सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना के लिए लिए राज्य साइबर पुलिस थाना की टीम गठित की गई। जांच के लिए महाराष्ट्र एवं कर्नाटक टीम रवाना की गई। जांच में पाया गया कि क्रिएटिव टेक्नोलॉजी कंपनी के साथ ही अन्य कंपनी ठगी के उद्देश्य से खोली गई है। जो रजिस्टर आफ कंपनीज में कराई गई थी। मिनिस्ट्री आफ होम अफेयर्स द्वारा पूर्व में उपरोक्त कंपनियों पर कार्रवाई हेतु रजिस्टार आफ कंपनी को निर्देशित किया गया था। गिरफ्तार हुए कंपनी के डायरेक्टर मोहसीन एन ने बताया कि उसने अन्य साथियों के साथ मिलकर क्रिएटिव टेक्नोलॉजी एवं अन्य कंपनी को विदेशी नागरिक के साथ मिलकर रजिस्टर कराया था। जिसे विधिवत गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर रायपुर लाया गया।

# ला यूनिवर्सिटी में इट्स आफ नेचर फार सस्टेनेबल डेवलपमेंट पर पांच जून को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



हिदायतुल्लाह नेशनल ला यूनिवर्सिटी (एचएनएलयू) द्वारा पांच जून को इट्स आफ नेचर फार सस्टेनेबल डेवलपमेंट विषय पर अंतराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा। सम्मेलन प्रकृति के अधिकारों पर एक क्रास-डिसिप्लिनरी चर्चा के लिए विभिन्न विषय और पृष्ठभूमि के विशेषज्ञों को एकसाथ लाने का कार्य करेगा। सम्मेलन दो भागों में आयोजित होगा, जिसमें पैनल चर्चा और चयनित पेपर की प्रस्तुति होगी। सम्मलेन में चर्चा के व्यापक विषय हैं। प्रकृति के अधिकार बनाम प्रकृति के अधिकार, प्रकृति के अधिकार बनाम सतत व्यवसाय, प्रकृति के अधिकार और सतत विकास के लिए हितधारकों की भूमिका, प्रकृति के अधिकार और संस्थागत तंत्र की भूमिका, प्रकृति के अधिकार और मानव अधिकार, प्रकृति और हरित अर्थव्यवस्था के अधिकार, प्रकृति के अधिकार और वैश्विक जैव विविधता, प्रकृति के अधिकार और हरित वित्त, प्रकृति के अधिकार और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के अधिकार। चयनित पेपर को गुणवत्ता के आधार पर प्रकाशित किया जाएगा। देश को प्रबुद्ध भारत बनाने के लिए बुद्ध के विचारों का अनुशरण करना होगा। भगवान तथागत गौतम बुद्ध के कारण पूरी दुनिया में भारत का नाम रोशन होता है और भारत को बुद्ध की धरती के रूप में लोग नमन करते हैं। बुद्ध को जम्बू द्वीप का प्रकाश भी कहा जाता है। भगवान बुद्ध के समता, न्याय, बंधुता व वैज्ञानिक चेतना के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उक्त विचार दुर्ग संभाग आयुक्त महादेव कांवरे ने व्यक्त किए।

# रविशंकर शुक्ल विवि में अनिश्चितकालीन प्रदर्शन से कामकाज ठप, मांगों को लेकर हड़ताल शुरू

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी के पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कर्मचारी अनिश्चिकालीन धरने पर चले गए हैं। पहले दिन कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी की और पूरे दिन धरने पर बैठे रहे। कर्मचारियों के धरने की वजह से विश्वविद्यालय का कामकाज प्रभावित रहा।

बता दें कि अभी विश्वविद्यालय अंतर्गत कालेजों में परीक्षाएं चल रही हैं। इससे संबंधित सारे कामकाज प्रभावित हुए। कर्मचारी संघ के अध्यक्ष श्रवण सिंह ठाकुर व सचिव प्रदीप मिश्रा ने बताया कि 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चिकालीन हड़ताल है। इसमें कर्मचारियों को सातवें वेतनमान का एरियर्स, पदोन्नति, वेतनमान में वृद्धि, कोरोना से मृत कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति, वाहन भत्ते के राशि की वापसी, कार्य परिषद् में एक कर्मचारी प्रतिनिधि की नियुक्ति समेत अन्य मांगें शामिल हैं। कर्मचारियों ने इन मांगों को लेकर पहले भी प्रदर्शन किया था लेकिन आश्वासन देकर धरना समाप्त कर दिया गया था। कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि जब तक मांगे पूरी नहीं होती, प्रदर्शन जारी रहेगा।

# एससी-एसटी वर्ग के जाति प्रमाणपत्रों में अंग्रेजी में अधिसूचित जाति होगी मान्य

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश में अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के व्यक्तियों को जारी किए जाने वाले जाति प्रमाणपत्रों में अंग्रेजी में अधिसूचित जाति को मान्य किया जाएगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में एक मई को आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों को मात्रात्मक त्रुटि के कारण जाति प्रमाणपत्र प्राप्त करने में हो रही कठिनाइयों को दूर करने के उद्देश्य से निर्णय लिया गया था कि अंग्रेजी में अधिसूचित जाति को मान्य करने और जाति प्रमाणपत्रों में अंग्रेजी में ही अधिसूचित जाति का उल्लेख किया जाए। राज्य शासन ने सभी जिला कलेक्टरों को इस आशय का पत्र जारी कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा कलेक्टरों को जारी पत्र में कहा गया है कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (सामाजिक प्रास्थिति के प्रमाणीकरण का विनियमन) अधिनियम 2013 के अधीन बने नियमों के तहत निर्धारित प्रारूप में सामाजिक प्रास्थिति प्रमाणपत्र (जाति प्रमाणपत्र) जारी किए जाते हैं। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के विभिन्न् समुदायों द्वारा जाति प्रमाणपत्र जारी करने के संबंध में आ रही कठिनाइयों के संबंध में शासन के ध्यान में लाया गया।









सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403